Drishti IAS

# एडिटोरियल

# क्विज़

# नवंबर

# 2023

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न

**1. सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान पीठ सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ है जिसमें तीन या अधिक न्यायाधीश होते हैं।
2. आवश्यकता पड़ने पर संवैधानिक पीठों की स्थापना तदर्थ आधार (विशेष उद्देश्य) पर की जाती है।
3. अनुच्छेद 145(3) कानून के महत्त्वपूर्ण प्रश्न से जुड़े किसी भी मामले का निर्णय करने वाले न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**1. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान पीठ सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ होती है जिसमें पाँच या उससे अधिक न्यायाधीश शामिल होते हैं।
  - हालाँकि इन पीठों का गठन नियमित तौर पर नहीं होता है।
  - सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अधिकांश मामलों की सुनवाई एवं निर्णय दो न्यायाधीशों (जिन्हें डिवीज़न बेंच कहा जाता है) और कभी-कभी तीन सदस्यों की पीठ द्वारा किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संवैधानिक पीठ गठन हेतु अपरिहार्य परिस्थितियाँ:
  - अनुच्छेद 145(3):
    - अनुच्छेद 145(3) में प्रावधान है कि "इस संविधान की व्याख्या के रूप में या अनुच्छेद 143 के तहत किसी संदर्भ की सुनवाई के उद्देश्य से कानून के एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न से जुड़े किसी भी मामले के निर्णयन के उद्देश्य से शामिल होने वाले न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या पाँच होगी"। अत: कथन 3 सही है।
  - जब सर्वोच्च न्यायालय के दो या तीन से अधिक जजों की पीठ ने कानून के एक ही बिंदु पर परस्पर विरोधी निर्णय दिये हों तो एक बड़ी पीठ द्वारा कानून की निश्चित समझ और व्याख्या की आवश्यकता होती है।
    - अत: जब उपर्युक्त शर्तें मौजूद होती हैं तो संविधान पीठों को तदर्थ आधार पर स्थापित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

**2. अटल भू-जल योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अटल भूजल योजना (ABHY) सामुदायिक भागीदारी के साथ भूजल के स्थायी प्रबंधन के लिये एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. इसे जल शक्ति मंत्रालय (पहले जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प मंत्रालय के रूप में जाना जाता था) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
3. भारत सरकार और विश्व बैंक योजना के वित्तपोषण के लिये 75:25 के अनुपात में योगदान दे रहे हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**2. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अटल भूजल योजना (ABHY) एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका उद्देश्य 6000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ स्थायी भूजल प्रबंधन की सुविधा प्रदान करना है।
- इसमें 'जल उपयोगकर्त्ता संघों' के गठन, जल बजटिंग, ग्राम-पंचायत-वार जल सुरक्षा योजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन आदि के माध्यम से लोगों की भागीदारी की परिकल्पना की गई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसे जल शक्ति मंत्रालय (पहले जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प मंत्रालय के रूप में जाना जाता था) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही है।
- विश्व बैंक और भारत सरकार योजना के वित्तपोषण के लिये 50:50 के अनुपात का योगदान दे रहे हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- इसका उद्देश्य चिन्हित राज्यों में संबंधित जल संकट वाले क्षेत्रों में भूजल संसाधनों के प्रबंधन में सुधार करना है। ये राज्य गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश हैं।

**3. "इज़रायल-फिलिस्तीन संघर्ष" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संघर्ष की शुरुआत वर्ष 1947 में हुई थी जब तत्कालीन ब्रिटेन ने बाल्फोर घोषणा के तहत एक यहूदी "नेशनल हाउस" के लिये आधिकारिक समर्थन व्यक्त किया था।
2. फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गेनाइज़ेशन (PLO) की स्थापना, फिलिस्तीन को इज़रायल और यहूदी प्रभुत्व से मुक्त कराने तथा अरब में मुस्लिम भाईचारे का प्रभुत्व स्थापित करने के उद्देश्य से की गई थी।
3. संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1975 में PLO पर्यवेक्षक का दर्ज़ा दिया और फिलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता दी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**3. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **बाल्फोर घोषणा:**
  - संघर्ष की शुरुआत वर्ष 1917 में हुई थी जब तत्कालीन ब्रिटिश विदेश सचिव आर्थर जेम्स बाल्फोर ने बाल्फोर घोषणा के तहत फिलिस्तीन में एक यहूदी "नेशनल हाउस" के लिये ब्रिटेन का आधिकारिक समर्थन व्यक्त किया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- **फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन( PLO ):**
  - PLO की स्थापना, फिलिस्तीन को इज़राइल और यहूदी प्रभुत्व से मुक्त कराने तथा अरब में मुस्लिम भाईचारे का प्रभुत्व स्थापित करने के उद्देश्य से की गई थी। अत: कथन 2 सही है।
    - संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1975 में PLO पर्यवेक्षक का दर्ज़ा दिया और फिलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता दी। अत: कथन 3 सही है।

**4. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( AI ) और मशीन लर्निंग ( ML ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AI एक कंप्यूटर या कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट की उन कार्यों को करने की क्षमता है जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किये जाते हैं क्योंकि उन्हें मानव बुद्धि और विवेक की आवश्यकता होती है।
2. मशीन लर्निंग, AI का एक सबसेट है जिसमें एल्गोरिदम का विकास शामिल है जो कंप्यूटर को स्पष्ट रूप से प्रोग्राम किये बिना डेटा से सीखने की अनुमति देता है।
3. नीति आयोग ने AI मुद्दों पर कुछ मार्गदर्शक दस्तावेज़ जारी किये हैं जैसे 'AI के लिये राष्ट्रीय रणनीति' और 'रेस्पोंसिबल AI फॉर

ऑल रिपोर्ट'।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**4. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) एक कंप्यूटर या कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट की उन कार्यों को करने की क्षमता है जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किये जाते हैं क्योंकि उन कार्यों को करने के लिये मानव बुद्धि और विवेक की आवश्यकता होती है।
    - हालाँकि ऐसा कोई AI नहीं है जो एक सामान्य मानव द्वारा किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के कार्य कर सके, कुछ AI विशिष्ट कार्यों में मनुष्यों की बराबरी कर सकते हैं। अत: कथन 1 सही है
- **भारत:**
  - नीति आयोग ने AI मुद्दों पर कुछ मार्गदर्शक दस्तावेज़ जारी किये हैं जैसे AI के लिये राष्ट्रीय रणनीति और सभी के लिये ज़िम्मेदार AI रिपोर्ट।
    - सामाजिक और आर्थिक समावेशन, नवाचार एवं विश्वसनीयता पर ज़ोर देता है। अत: कथन 3 सही है।
  - मशीन लर्निंग (ML) AI का एक सबसेट है जिसमें एल्गोरिद्म का विकास शामिल है जो कंप्यूटर को स्पष्ट रूप से प्रोग्राम किये बिना डेटा से सीखने की अनुमति देता है।
    - ML एल्गोरिद्म डेटा का विश्लेषण कर सकते हैं, पैटर्न की पहचान कर सकते हैं और प्राप्त पैटर्न के आधार पर भविष्यवाणियाँ कर सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।

**5. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिमी किनारे पर द्वीपों का एक समूह है।
2. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 5 विशेष रूप से सुभेद्य जनजातीय समूहों: ग्रेट अंडमानी, जारवा, ओंगेस, शोम्पेन तथा उत्तरी सेंटिनली का गढ़ है।
3. ये द्वीप भारत को समुद्री संचार लाइनों (SLOC) और मलक्का जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले महत्त्वपूर्ण यातायात पर एक कमांडिंग स्थिति प्रदान करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**5. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - अंडमान और निकोबार द्वीप समूह बंगाल की खाड़ी के दक्षिणपूर्वी किनारे पर स्थित द्वीपों का एक समूह है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - ये भारत के केंद्र शासित प्रदेश का हिस्सा हैं और भारतीय मुख्य भूमि से लगभग 1,400 किमी. दूर स्थित हैं।

- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 5 विशेष रूप से सुभेद्य जनजातीय समूहों: ग्रेट अंडमानी, जारवा, ओंगेस, शोम्पेन और उत्तरी सेंटिनली का गढ़ है। अत: कथन 2 सही है।
- **रणनीतिक स्थान:**
  - वे भारत को संचार की समुद्री लाइनों (SLOC) और मलक्का जलडमरूमध्य के माध्यम से हिंद महासागर तथा प्रशांत महासागरों के बीच होने वाले महत्त्वपूर्ण यातायात पर एक कमांडिंग स्थिति देते हैं। अत: कथन 3 सही है।

**6. लोकसभा अध्यक्ष के पद के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है ?**

A. भारत का संविधान लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के लिये विस्तृत प्रावधान और योग्यताएँ प्रदान करता है।

B. अध्यक्ष का चुनाव लोकसभा सदस्यों में से सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के साधारण बहुमत से किया जाता है।

C. अध्यक्ष अपने चुनाव की तारीख से लेकर अगली लोकसभा की पहली बैठक के ठीक पहले तक 5 वर्षों के लिये पद पर बना रहता है।

D. वह भारत के संविधान के प्रावधानों, लोकसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों का अंतिम व्याख्याता है।

**6. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **मानदंड:**
  - भारत के संविधान के अनुसार अध्यक्ष को सदन का सदस्य होना आवश्यक है।
  - हालाँकि अध्यक्ष चुने जाने के लिये कोई विशिष्ट योग्यता निर्धारित नहीं है, लेकिन संविधान और देश के कानूनों की समझ अध्यक्ष पद के धारक के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण होता है।
- मतदान: अध्यक्ष (उपाध्यक्ष के साथ) का चुनाव सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के साधारण बहुमत द्वारा लोकसभा सदस्यों में से किया जाता है।
  - एक बार उम्मीदवार पर निर्णय हो जाने के बाद, उसका नाम आम तौर पर प्रधानमंत्री या संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तावित किया जाता है।
  - अध्यक्ष का कार्यकाल: अध्यक्ष अपने चुनाव की तारीख से अगली लोकसभा की पहली बैठक के ठीक पहले तक (5 वर्षों के लिये) पद पर बना रहता है।
  - व्याख्या: वह भारत के संविधान के प्रावधानों, लोकसभा की प्रक्रिया और संचालन के नियमों एवं सदन के भीतर संसदीय मिसालों का अंतिम व्याख्याता होता है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**7. निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों पर विचार कीजिये:**

1. मिनामाटा अभिसमय
2. स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (POP) पर स्टॉकहोम अभिसमय
3. संयुक्त राष्ट्र जैवविविधता सम्मेलन(UNCBD)
4. मरुस्थलीकरण को रोकने के लिये संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCCD)

**उपर्युक्त में से कितने सम्मेलनों को ग्लोबल एन्वायरनमेंट फैसिलिटी ( GEF ) द्वारा वित्तपोषित किया जाता है ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**7. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

नोट :

- ग्लोबल एन्वायरनमेंट फैसिलिटी (GEF) की स्थापना वर्ष 1992 के रियो पृथ्वी शिखर सम्मेलन में की गई थी।
- यह पाँच प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अभिसमयों के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करता है:
  - मरकरी (पारे) पर मिनामाटा अभिसमय (वर्ष 2013 में हस्ताक्षरित और वर्ष 2017 में लागू हुआ)।
  - स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (POP) पर स्टॉकहोम कन्वेंशन (वर्ष 2001 में अपनाया गया और वर्ष 2004 में लागू हुआ)।
  - जैवविविधता पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCBD) (वर्ष 1993 में लागू हुआ)।
  - मरुस्थलीकरण को रोकने के लिये संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCCD) (वर्ष 1994 में अपनाया गया)।
  - जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) (वर्ष 1992 में हस्ताक्षरित और वर्ष 1994 में लागू हुआ)।

**अत: विकल्प D सही है।**

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: संसदीय विशेषाधिकार से तात्पर्य उन अधिकारों, उन्मुक्तियों और छूटों से है जो एक संस्था के रूप में संसद एवं उसके सदस्यों (सांसदों) को व्यक्तिगत रूप से प्राप्त हैं।

कथन-II: संविधान के अनुच्छेद 105 में दो विशेषाधिकारों का उल्लेख है, अर्थात् संसद में बोलने की स्वतंत्रता और इसकी कार्यवाही के प्रकाशन का अधिकार।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**8. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संसदीय विशेषाधिकार से तात्पर्य उन अधिकारों, उन्मुक्तियों और छूटों से है जो एक संस्था के रूप में संसद और उसके सदस्यों (सांसदों) को व्यक्तिगत रूप से प्राप्त हैं, जिनके बिना वे संविधान द्वारा सौंपे गए अपने कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं।
  - जब इनमें से किसी भी अधिकार और प्रतिरक्षा की अवहेलना की जाती है,तो इस अपराध को विशेषाधिकार भंग कहा जाता है जिसके लिये संसद द्वारा दंड दिया जा सकता है।
- संविधान (अनुच्छेद 105) में दो विशेषाधिकारों का उल्लेख है, अर्थात् संसद में बोलने की स्वतंत्रता और इसकी कार्यवाही के प्रकाशन का अधिकार।
  - लोकसभा नियम पुस्तिका के अध्याय 20 में नियम संख्या 222 और तद्नुसार राज्यसभा नियम पुस्तिका के अध्याय 16 में नियम 187 विशेषाधिकार को नियंत्रित करता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 310 के अनुसार, संविधान द्वारा प्रदत्त प्रावधानों के अतिरिक्त, संघ का एक सिविल सेवक राष्ट्रपति की इच्छा पर कार्य करता है।
2. संविधान का अनुच्छेद 309 संसद और राज्य विधानमंडलों को सार्वजनिक सेवाओं में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती और सेवा शर्तों को विनियमित करने का अधिकार देता है।
3. संविधान के अनुच्छेद 310 के तहत भारत सरकार की शक्ति स्वयं में पूर्ण/अंतिम है और सिविल सेवकों के लिये कोई उपचारात्मक उपाय उपलब्ध नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**9.उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत के संविधान का भाग XIV संघ और राज्य के अधीन सेवाओं से संबंधित है।
  - अनुच्छेद 309 संसद और राज्य विधायिका को क्रमश: संघ या किसी राज्य के मामलों के संबंध में सार्वजनिक सेवाओं तथा पदों पर नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती एवं सेवा की शर्तों को विनियमित करने का अधिकार देता है। अत: कथन 2 सही है।
  - अनुच्छेद 310 के अनुसार, संविधान द्वारा प्रदान किये गए प्रावधानों को छोड़कर संघ में एक सिविल सेवक राष्ट्रपति की इच्छा से कार्य करता है और राज्य के अधीन एक सिविल सेवक उस राज्य के राज्यपाल की इच्छा से कार्य करता है। अत: कथन 1 सही है।
- लेकिन अनुच्छेद 310 के तहत भारत सरकार की यह शक्ति अंतिम/पूर्ण नहीं है और सिविल सेवकों के पास केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाने जैसे कई उपाय उपलब्ध हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**10. गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन (संशोधन) अधिनियम, 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह व्यापक देखभाल तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिये चिकित्सीय, यूजेनिक, मानवीय और सामाजिक आधार पर सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात सेवाओं तक पहुँच का विस्तार करता है।
2. भ्रूण में पर्याप्त असामान्यताएँ होने पर 24 सप्ताह के बाद गर्भावस्था को समाप्त करने हेतु राज्य-स्तरीय मेडिकल बोर्ड की राय आवश्यक है।
3. यह विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिये गर्भधारण की ऊपरी सीमा को 20 से बढ़ाकर 28 सप्ताह कर देता है, जिनमें बलात्कार, अनाचार की पीड़ित और अन्य कमज़ोर महिलाएँ शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**10. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन (संशोधन) अधिनियम, 2021:
- अधिनियम में संशोधनों से महिलाओं के लिये सुरक्षित गर्भपात सेवाओं का दायरा और पहुँच बढ़ेगी तथा उन महिलाओं के लिये गरिमा, स्वायत्तता, गोपनीयता एवं न्याय सुनिश्चित होगा जिन्हें गर्भावस्था को समाप्त करने की आवश्यकता है।
- यह व्यापक देखभाल तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिये चिकित्सीय, यूजेनिक, मानवीय और सामाजिक आधार पर सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात सेवाओं तक पहुँच का विस्तार करता है। अत: कथन 1 सही है।
- भ्रूण में पर्याप्त असामान्यताएँ होने पर 24 सप्ताह के बाद गर्भावस्था को समाप्त करने के लिये राज्य-स्तरीय मेडिकल बोर्ड की राय आवश्यक है। अत: कथन 2 सही है।
- यह विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिये गर्भधारण की ऊपरी सीमा को 20 से बढ़ाकर 24 सप्ताह कर देता है, जिनमें बलात्कार, अनाचार की पीड़ित और अन्य कमज़ोर महिलाएँ शामिल हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**11. चुनावी बॉण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये बॉण्ड केवल पंजीकृत राजनीतिक दल के निर्दिष्ट खाते में ही भुनाए जा सकते हैं।
2. बॉण्ड पर दानकर्ता का नाम अंकित नहीं होता है।
3. भारतीय स्टेट बैंक इन बॉण्ड को जारी करने और भुनाने के लिये अधिकृत है, जो जारी होने की तारीख से पंद्रह दिनों के लिये वैध हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

**11. उत्तर: ( d )**

**व्याख्या:**

**चुनावी बॉण्ड:**

- चुनावी बॉण्ड योजना के पीछे मुख्य विचार भारत में चुनावी फंडिंग में पारदर्शिता लाना था।
- ये बॉण्ड केवल पंजीकृत राजनीतिक दल के निर्दिष्ट खाते में ही भुनाए जा सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- बॉण्ड पर दानकर्ता का नाम अंकित नहीं है। अत: कथन 2 सही है।
- चुनावी बॉण्ड की खरीद के माध्यम से राजनीतिक दलों को 20,000 रुपए से कम का योगदान देने वाले दानकर्ताओं को अपनी पहचान विवरण जैसे पैन आदि प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है।
- भारतीय स्टेट बैंक इन बॉण्ड को जारी करने और भुनाने के लिये अधिकृत है, जो जारी होने की तारीख से पंद्रह दिनों के लिये वैध हैं। अत: कथन 3 सही है।

**12. CERT-In के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CERT-In कंप्यूटर सुरक्षा संबंधी घटनाओं के घटित होने पर प्रतिक्रिया देने के लिये राष्ट्रीय नोडल एजेंसी है।
2. CERT-In गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
3. CERT-In सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के संगठनों को सेवाएँ प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**12. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- CERT-In कंप्यूटर सुरक्षा संबंधी घटनाओं के घटित होने पर प्रतिक्रिया देने के लिये राष्ट्रीय नोडल एजेंसी है। .अत: कथन 1 सही है।
- CERT-In भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के तहत एक सरकारी संगठन है, जिसे भारतीय साइबर स्पेस को सुरक्षित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। CERT-In घटना निवारण और प्रतिक्रिया सेवाओं के साथ-साथ सुरक्षा गुणवत्ता प्रबंधन सेवाएँ भी प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- CERT-In का निर्वाचन क्षेत्र भारतीय साइबर समुदाय और भारतीय साइबरस्पेस है। CERT-In सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के संगठनों को सेवाएँ प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त CERT-In व्यक्तियों और घरेलू उपयोगकर्ताओं को भी सेवाएँ प्रदान करता है। अत: कथन 3 सही है।

**13. भारत-यूनाइटेड किंगडम संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दोनों देशों के बीच पहली पीढ़ी की द्विपक्षीय निवेश संधि पर वर्ष 1994 में हस्ताक्षर किये गए थे।
2. भारत ने हाल ही में यूनाइटेड किंगडम के साथ एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो1 और न ही 2

**13. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत-यूनाइटेड किंगडम संबंध:**

- भारत-यूनाइटेड किंगडम के बीच पहली पीढ़ी के BIT पर वर्ष 1994 में हस्ताक्षर किये गए थे, जो इस तरह की संधि के साथ भारत का पहला अनुभव भी था। हालाँकि ऑस्ट्रेलिया के साथ BIT के कथित उल्लंघन से जुड़े व्हाइट इंडस्ट्रीज़ मामले के बाद भारत ने विदेशों के साथ अपने सभी 83 BIT को समाप्त करने का निर्णय लिया और वर्ष 2016 में यूनाइटेड किंगडम सहित 77 देशों को टर्मिनेशन नोटिस भेजे गए साथ ही भारत सरकार ने अपने मॉडल BIT को भी संशोधित करने का निर्णय लिया। अत: कथन 1 सही है।
- भारत-यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौता (FTA) वार्ता वर्तमान में बहुत महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है। दोनों देश समझौते पर हस्ताक्षर करने के करीब हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**14. अल-नीनो के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अल-नीनो के दौरान संपूर्ण उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में सतही हवाएँ सामान्य से दुर्बल होती हैं।
2. किसी भी दशक के दौरान सबसे गर्म वर्ष आमतौर पर अल-नीनो वाले होते हैं।
3. विश्व में अल-नीनो का प्रभाव इतना प्रबल हो सकता है कि इससे आसामान्य मौसम की घटनाओं की संभावनाएँ बढ़ जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**14. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अल-नीनो के दौरान संपूर्ण उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में सतही हवाएँ सामान्य से दुर्बल होती हैं। मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में महासागर का तापमान सामान्य से अधिक गर्म होता है, इंडोनेशिया में वर्षा औसत से कम होती है और मध्य या पूर्वी प्रशांत महासागर में औसत से अधिक होती है। अत: कथन 1 सही है।
- किसी भी दशक के दौरान सबसे गर्म वर्ष आमतौर पर अल-नीनो वाले होते हैं और सबसे ठंडे वर्ष आमतौर पर ला-नीना वाले होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ हिस्सों एवं विश्व के अन्य शेष हिस्सों में अल-नीनो और ला-नीना का प्रभाव इतना प्रबल हो सकता है कि वे "चरम मौसम की घटनाओं (ऐसी घटनाएँ जो ऐतिहासिक टिप्पणियों की तुलना में उच्चतम या निम्नतम 10% में घटित होती हैं)" की संभावना को बढ़ा देते हैं। अत: कथन 3 सही है।

**15. जनगणना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जनगणना मुख्य रूप से राष्ट्र अथवा एक परिभाषित क्षेत्र के निवासियों की "कुल गणना" है।

2. जनगणना को संविधान और वर्ष 1948 के जनगणना अधिनियम दोनों में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है।
3. भारत में पहली पूर्ण जनगणना वर्ष 1881 में की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

**15. उत्तर: ( a )**

**जनगणना:**

- "जनगणना" मुख्य रूप से राष्ट्र अथवा एक परिभाषित क्षेत्र के निवासियों की "संख्या" है। यह ज़रूरी नहीं कि इसमें "प्रोफाइलिंग" करने के लिये एक उद्देश्यपूर्ण परिभाषा हो, हालाँकि एकत्र किये गए डेटा में लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों से संबंधित वर्गीकृत जानकारी हो सकती है। अत: कथन 1 सही है।
- संविधान की समवर्ती सूची में आर्थिक और सामाजिक नियोजन, सामाजिक सुरक्षा, रोज़गार, बेरज़गारी तथा जन्म व मृत्यु के आँकड़ों से संबंधित "पूछताछ" एवं "सर्वेक्षण" करने जैसी प्रविष्टियाँ शामिल हैं। "जनगणना' को न तो संविधान में और न ही 1948 के जनगणना अधिनियम में परिभाषित किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- वर्ष 1881 की जनगणना भारत के तत्तकालीन जनगणना आयुक्त डब्ल्यू.सी.प्लॉडेन के अधीन 17 फरवरी, 1881 को आयोजित की गई थी। यह आधुनिक समकालिक जनगणना की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम था। वर्तमान में प्रत्येक दस वर्ष में निर्बाध रूप से जनगणना आयोजित की जाती रही है। अत: कथन 3 सही है।

**16. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **संघर्ष क्षेत्र** | **देश** |
|---|---|
| 1. सेनकाकू द्वीप | a. चीन-जापान |
| 2. नागोर्नो-काराबाख संघर्ष | b. आर्मेनिया और अज़रबैजान |
| 3. वेस्ट बैंक संघर्ष | c. इज़रायल-हमास |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**16. उत्तर: ( d )**

**व्याख्या:**

- सेनकाकू द्वीप विवाद निर्जन द्वीपों के एक समूह पर क्षेत्रीय विवाद से संबंधित है। जापान और चीन दोनों ही देश इन द्वीपों पर स्वामित्व का दावा करते हैं। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- अज़रबैजान ने विवादित नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र में एक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप हताहत हुए। यह अभियान इस क्षेत्र को लेकर अज़रबैजान और आर्मेनिया के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद का हिस्सा है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- वेस्ट बैंक पश्चिम एशिया में एक स्थलरुद्ध क्षेत्र है। इसमें 'वेस्टर्न डैड सी' का एक महत्त्वपूर्ण भाग भी शामिल है। वर्तमान में इज़रायल-हमास के बीच भीषण संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।

**17. 'निवारक निरोध' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निवारक निरोध का अर्थ है किसी व्यक्ति को बिना मुकदमे और न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि के निरुद्ध करना।
2. निवारक हिरासत केवल संदेह के आधार पर एक एहतियाती उपाय है।
3. किसी व्यक्ति की हिरासत एक महीने से अधिक नहीं हो सकती जब तक कि सलाहकार बोर्ड विस्तारित हिरासत के लिये पर्याप्त कारण की रिपोर्ट न करे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**17. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- निवारक निरोध का अर्थ है किसी व्यक्ति को बिना मुकदमे और न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि के निरुद्ध करना। अत: कथन 1 सही है।
- निवारक निरोध का उपयोग ऐसी स्थिति में किया जाता है, जब किसी व्यक्ति को केवल इस संदेह के आधार पर पुलिस हिरासत में रखा गया है कि वह कोई आपराधिक कृत्य करेगा या समाज को हानि पहुँचाने का प्रयास करेगा।
- निवारक हिरासत केवल संदेह के आधार पर एक एहतियाती उपाय है। अत: कथन 2 सही है।
- इसके अंतर्गत पुलिस के पास किसी ऐसे व्यक्ति को हिरासत में लेने का अधिकार है जिस पर उसे अपराधिक गतिविधियों में भाग लेने का संदेह है, कुछ मामलों में वारंट या मजिस्ट्रेट के प्राधिकरण के बिना गिरफ्तारी करने का भी अधिकार है।
- किसी व्यक्ति की नज़रबंदी तीन महीने से अधिक नहीं हो सकती जब तक कि एक सलाहकार बोर्ड विस्तारित नज़रबंदी के लिये पर्याप्त कारण की रिपोर्ट नहीं करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**18. लेखा महानियंत्रक (CGA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CGA भारत सरकार का प्रधान लेखा सलाहकार है।
2. इसका कार्यालय वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में है।
3. यह राजकोष नियंत्रण और आंतरिक लेखापरीक्षा का प्रभारी है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**18. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- लेखा महानियंत्रक (CGA) भारत सरकार का प्रधान लेखा सलाहकार है। अत: कथन 1 सही है।
- CGA कार्यालय को तकनीकी रूप से सुदृढ़ प्रबंधन लेखा प्रणाली स्थापित करने और बनाए रखने का अधिकार है।
- लेखा महानियंत्रक (CGA) का कार्यालय वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में है। अत: कथन 2 सही है।
- यह केंद्र सरकार के खाते तैयार करता है और उनका प्रस्तुतिकरण करता है।
- यह राजकोष नियंत्रण और आंतरिक लेखापरीक्षा का प्रभारी है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

**19. 'आर्थिक सहयोग और विकास संगठन ( OECD )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. OECD दुनिया भर में आर्थिक विकास के दृष्टिकोण पर आर्थिक रिपोर्ट, सांख्यिकीय डेटाबेस, विश्लेषण और पूर्वानुमान प्रकाशित करने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. यह संयुक्त राष्ट्र का एक आधिकारिक स्थायी पर्यवेक्षक है और इसे थिंक-टैंक या निगरानी समूह के रूप में जाना जाता है।
3. OECD उन देशों की "ब्लैकलिस्ट" भी रखता है जिन्हें असहयोगी टैक्स हैवन माना जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**19. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) विश्वभर में आर्थिक विकास के दृष्टिकोण पर आर्थिक रिपोर्ट, सांख्यिकीय डेटाबेस, विश्लेषण और पूर्वानुमान प्रकाशित करने के लिये ज़िम्मेदार है। अत: कथन 1 सही है।
- समूह आर्थिक विकास पर सामाजिक मुद्दों के प्रभाव का विश्लेषण करता है और वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये सिफारिशें करता है। ये सिफारिशें आर्थिक विकास से जुड़ी पर्यावरणीय चिंताओं पर भी विचार करती हैं।
- OECD संयुक्त राष्ट्र का एक आधिकारिक स्थायी पर्यवेक्षक है और इसे थिंक-टैंक या निगरानी समूह के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- इसने लाभदायक निगमों और G20 देशों में कर चोरी को खत्म करने के लिये भी प्रयास किये। यह G20 देशों को कर सुधारों को बढ़ावा देने हेतु भी प्रोत्साहित करता है।
- OECD उन देशों की "ब्लैकलिस्ट" भी रखता है जिन्हें असहयोगी टैक्स हैवन माना जाता है। अत: कथन 3 सही है।

**20. केंद्रीय प्रत्यक्ष कराधान बोर्ड ( CBDT ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केंद्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 के तहत कार्य करने वाला एक वैधानिक प्राधिकरण है।
2. CBDT वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग का एक हिस्सा है।
3. CBDT का नेतृत्व इसके अध्यक्ष द्वारा किया जाता है और इसमें छह सदस्य भी शामिल होते हैं, जिनमें सभी भारत सरकार के विशेष पदेन सचिव होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**20. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय प्रत्यक्ष कराधान बोर्ड (CBDT) केंद्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 के तहत कार्य करने वाला एक वैधानिक प्राधिकरण है। अत: कथन 1 सही है।
- इसके कार्यों में नीतियाँ बनाना, प्रत्यक्ष कर लगाने और संग्रह करने से संबंधित मामलों से निपटना तथा पूरे आयकर विभाग के कामकाज़ की निगरानी करना शामिल है।

नोट :

- CBDT वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग का एक हिस्सा है। अत: कथन 2 सही है।
- CBDT सरकार की नीतियों के अनुरूप प्रत्यक्ष कर अधिनियमों में विधायी परिवर्तन और दरों एवं कराधान की संरचना में बदलाव का भी प्रस्ताव करता है।
- CBDT का नेतृत्व इसके अध्यक्ष द्वारा किया जाता है और इसमें छह सदस्य भी शामिल होते हैं, जिनमें सभी भारत सरकार के विशेष पदेन सचिव होते हैं। अत: कथन 3 सही है।

**21. सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र ( MFN ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) का शीर्षक 'अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के संबंध में एक देश द्वारा दूसरे देश को दिया जाने वाला दर्जा या स्तर' है। MFN एक भेदभावपूर्ण व्यापार नीति है क्योंकि यह सभी WTO सदस्य देशों के बीच समान व्यापार सुनिश्चित नहीं करता है।
2. व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन ने विकासशील देशों के निर्यात को वरीयता देने की मांग की है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**21. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) का शीर्षक 'अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के संबंध में एक देश द्वारा दूसरे देश को दिया जाने वाला दर्जा या स्तर' है। अत: कथन 1 सही है।
- इन देशों को बेहतर व्यापार के लिये व्यापक बाज़ार तक पहुँच मिलती है।
- MFN एक गैर-भेदभावपूर्ण व्यापार नीति है क्योंकि यह विशेष व्यापारिक विशेषाधिकारों के बजाय सभी WTO सदस्य देशों के बीच समान व्यापार सुनिश्चित करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- व्यापारिक बाधाओं में कमी के कारण उन्हें अपने निर्यात पर कम शुल्क देना होता है।
- व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन ने विकासशील देशों के निर्यात को वरीयता देने की मांग की है। अत: कथन 3 सही है।

**22. 'क्रय प्रबंधक सूचकांक ( PMI )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सर्वेक्षण-आधारित उपाय है जो उत्तरदाताओं से पिछले महीने की तुलना में प्रमुख व्यावसायिक बदलाव के बारे में उनकी धारणा में बदलाव के बारे में पूछता है।
2. यह विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की पृथक गणना करता है तथा फिर एक समग्र सूचकांक भी बनाता है।
3. पिछले महीने का PMI चालू माह के PMI से अधिक है, जो दर्शाता है कि अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**22. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) एक सर्वेक्षण-आधारित प्रणाली है जो उत्तरदाताओं से पिछले माह की तुलना में प्रमुख व्यावसायिक बदलाव

के बारे में उनकी धारणा में हुए बदलाव के बारे में पूछता है। अत: कथन 1 सही है।

- PMI का उद्देश्य कंपनी के निर्णयकर्त्ताओ, विश्लेषकों और निवेशकों को वर्तमान एवं भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।
- यह विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की पृथक गणना करता है तथा फिर एक समग्र सूचकांक भी बनाता है। अत: कथन 2 सही है।
- 50 से ऊपर का स्कोर विस्तार, जबकि इससे कम स्कोर संकुचन को दर्शाता है।
- 50 का स्कोर कोई बदलाव नहीं दर्शाता है।
- यदि पिछले महीने का PMI चालू माह के PMI से अधिक है तो यह इस बात को दर्शाता है कि अर्थव्यवस्था संकुचित हो रही है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतीय अर्थव्यवस्था को दोहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें अर्थव्यवस्था के मूलभूत ढाँचे से संबंधित संरचनात्मक मुद्दे शामिल हैं, जैसे कि श्रम कानूनों की अनुकूलनशीलता या कठोरता और चक्रीय मुद्दे, जिसमें प्रतिकूल मानसून की स्थिति जैसी अल्पकालिक चिंताएँ शामिल हैं जो खाद्य उत्पादन को बाधित करती हैं।

**कथन-II:** संरचनात्मक और चक्रीय दोनों कारकों की उपस्थिति के कारण विशेषज्ञों को इस आर्थिक मंदी पर अंकुश लगाना चुनौतीपूर्ण लग रहा है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**23. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय अर्थव्यवस्था को दोहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें अर्थव्यवस्था के मूलभूत ढाँचे से संबंधित संरचनात्मक मुद्दे शामिल हैं, जैसे कि श्रम कानूनों की अनुकूलनशीलता या कठोरता और चक्रीय मुद्दे, जिसमें प्रतिकूल मानसून की स्थिति जैसी अल्पकालिक चिंताएँ भी शामिल हैं जो खाद्य उत्पादन को बाधित करती हैं। अत: कथन 1 सही है।
- संरचनात्मक और चक्रीय दोनों कारकों की उपस्थिति के कारण विशेषज्ञों को इस आर्थिक मंदी पर अंकुश लगाना चुनौतीपूर्ण लग रहा है। अत: विकल्प B सही है।

**24. राज्यपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त नहीं किया जा सकता।
2. वह राज्य की मंत्रिपरिषद (CoM) की सलाह मानने को बाध्य राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है।
3. राज्यपाल के पास स्वीकृति देने, स्वीकृति देने से मना करने या विधान सभा द्वारा पारित विधेयक को राष्ट्रपति के विचार-विमर्श के लिये रोकने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**24. उत्तर: B**

नोट :

**व्याख्या:**

**राज्यपाल:**

- अनुच्छेद 153 के अनुसार प्रत्येक राज्य के लिये एक राज्यपाल होगा। एक व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वह राज्य की मंत्रिपरिषद (CoM) की सलाह मानने को बाध्य राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है। अत: कथन 2 सही है।
- संविधान का अनुच्छेद 200 किसी राज्य की विधान सभा द्वारा पारित विधेयक को सहमति प्रदान करने के लिये राज्यपाल के पास प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को रूपरेखा प्रदान करता है, वह या तो विधेयक को सहमति दे सकता है, उसे रोक सकता है अथवा विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिये आरक्षित कर सकता है।
- राज्यपाल सदन या सदनों द्वारा पुनर्विचार का अनुरोध करने वाले संदेश के साथ विधेयक को वापस भी कर सकते हैं। अत: कथन 3 सही है।

**25. चुनावी बॉण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी व्यक्ति या कंपनी द्वारा खरीदे जाने वाले चुनावी बॉण्ड की संख्या पर कोई सीमा नहीं है।
2. हाल के लोकसभा या राज्य विधानसभा चुनावों में कम से कम 1% वोट प्राप्त करने वाले पंजीकृत राजनीतिक दल भारत के निर्वाचन आयोग (ECI) से एक सत्यापित खाता प्राप्त कर सकते हैं।
3. दानकर्ता का नाम और अन्य जानकारी उपकरण पर दर्ज़ नहीं की जाती है तथा इस प्रकार चुनावी बॉण्ड को गोपनीय रखा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**25. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**चुनावी बॉण्ड:**

- चुनावी बॉण्ड ऐसे ब्याज मुक्त वाहक बॉण्ड हैं जिन्हें भारत में कंपनियों और व्यक्तियों द्वारा भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की अधिकृत शाखाओं से खरीदा जा सकता है।
- किसी व्यक्ति या कंपनी द्वारा खरीदे जाने वाले चुनावी बॉण्ड की संख्या पर कोई सीमा नहीं है। अत: कथन 1 सही है।
- जिन राजनीतिक दलों ने हाल के लोकसभा या राज्य विधानसभा चुनावों में कम से कम 1% वोट हासिल किये हैं और RPA के तहत पंजीकृत हैं, वे भारत के निर्वाचन आयोग (ECI) से सत्यापित खाता प्राप्त कर सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- दानकर्ता का नाम और अन्य जानकारी उपकरण पर दर्ज़ नहीं की जाती है तथा इस प्रकार चुनावी बॉण्ड को गोपनीय रखा जाता है। अत: कथन 3 सही है।

**26. IT नियम, 2021 में संशोधन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मध्यस्थों को नियम अनुपालन, गोपनीयता और उपयोगकर्ता अनुबंध सुनिश्चित करना होगा तथा उपयोगकर्ताओं को प्रतिबंधित सामग्री साझा करने से रोकना होगा।
2. केंद्र सरकार शिकायत अधिकारियों के निर्णयों के विरुद्ध अपील सुनने के लिये एक या अधिक शिकायत अपीलीय समिति की स्थापना करेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**26. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**IT नियम, 2021 में संशोधन: मुख्य विशेषताएँ-**

- मध्यस्थों को नियमों, विनियमों, गोपनीयता नीतियों एवं उपयोगकर्त्ता समझौतों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिये और उपयोगकर्त्ताओं को निषिद्ध सामग्री बनाने, अपलोड करने या साझा करने से रोकने के लिये उचित प्रयास करने चाहिये। उन्हें उपयोगकर्त्ताओं के संवैधानिक अधिकारों का भी सम्मान करना चाहिये। अत: कथन 1 सही है।
- केंद्र सरकार शिकायत अधिकारियों के निर्णयों के विरुद्ध अपील सुनने के लिये एक या अधिक शिकायत अपीलीय समिति की स्थापना करेगी।
  - IT नियमों के तहत बिचौलियों को नियमों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिये एक शिकायत अधिकारी नियुक्त करने की आवश्यकता है।
  - संशोधन में कहा गया है कि केंद्र सरकार शिकायत अधिकारियों के निर्णयों के खिलाफ अपील सुनने के लिये शिकायत अपीलीय समिति नियुक्त करेगी। समिति द्वारा पारित आदेशों का अनुपालन मध्यस्थ द्वारा किया जाएगा और इस आशय की एक रिपोर्ट इसकी वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। अत: कथन 2 सही है।

**27. भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना हिल्टन यंग कमीशन की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 बैंक के कामकाज़ का वैधानिक आधार प्रदान करता है।
3. हालाँकि इसकी स्थापना मूल रूप से एक शेयरधारक के बैंक के रूप में की गई थी, लेकिन वर्ष 1949 में इसका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**27. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय रिज़र्व बैंक:**

- भारतीय रिज़र्व बैंक देश का केंद्रीय बैंक है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना हिल्टन यंग कमीशन की सिफारिशों के आधार पर की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का द्वितीय) बैंक के कामकाज़ का वैधानिक आधार प्रदान करता है, जिसने 1 अप्रैल 1935 को परिचालन शुरू किया। अत: कथन 2 सही है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक, जिसे मूल रूप से एक शेयरधारक के बैंक के रूप में स्थापित किया गया था, वर्ष 1949 में राष्ट्रीयकृत किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

**28. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 के तहत गठित एक वैधानिक निकाय है।
2. इसने वर्ष1998 में NCR में स्थापित पर्यावरण प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण प्राधिकरण (EPCA) को भी भंग कर दिया।

नोट :

3. आयोग की अध्यक्षता दिल्ली के मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**28. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM):**

- CAQM राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 के तहत गठित एक वैधानिक निकाय है। अत: कथन 1 सही है।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 ने 1998 में NCR में स्थापित पर्यावरण प्रदूषण रोकथाम एवं नियंत्रण प्राधिकरण (EPCA) को भी भंग कर दिया। अत: कथन 2 सही है।
- आयोग का नेतृत्व एक पूर्णकालिक अध्यक्ष करेगा जो भारत सरकार का सचिव या राज्य सरकार का मुख्य सचिव रहा हो। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- निकाय का उद्देश्य वायु गुणवत्ता सूचकांक और उसके प्रासंगिक मामलों से जुड़ी समस्याओं का बेहतर समन्वय, अनुसंधान, पहचान तथा समाधान सुनिश्चित करना है।

**29. GST परिषद् के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री के द्वारा की जाती है।
2. GST परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या का आधा इसकी बैठक में कोरम का गठन करेगा।
3. केंद्र सरकार के वोट का वेटेज डाले गए वोटों का 2/3 जबकि सभी राज्य सरकारों का 1/3 होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**29. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**GST परिषद्:**

- संविधान के अनुच्छेद 279A के अनुसार, GST परिषद् केंद्र और राज्यों का एक संयुक्त मंच है।
- इसकी अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- GST परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या का आधा इसकी बैठक में कोरम का गठन करता है। अत: कथन 2 सही है।
- संविधान (101वाँ संशोधन) अधिनियम, 2016 में प्रावधान है कि GST परिषद् का प्रत्येक निर्णय इसकी बैठक में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम 3/4 बहुमत के बहुमत से लिया जाएगा।
    - केंद्र सरकार के वोट का वेटेज डाले गए वोटों का 1/3 और सभी राज्य सरकारों के वोटों को मिलाकर उस बैठक में डाले गए कुल वोटों का 2/3 होगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**30. वैश्विक रोगाणुरोधी प्रतिरोध और उपयोग निगरानी प्रणाली ( Global Antimicrobial Resistance and Use Surveillance System- GLASS ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GLASS का उद्देश्य मनुष्यों में AMR की निगरानी एवं रोगाणुरोधी दवाओं के उपयोग की निगरानी से डेटा को क्रमिक रूप से शामिल करना है।
2. GLASS देशों द्वारा डेटा के संग्रह, विश्लेषण, व्याख्या एवं साझाकरण के लिये एक मानकीकृत दृष्टिकोण प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**30. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वैश्विक रोगाणुरोधी प्रतिरोध और उपयोग निगरानी प्रणाली ( GLASS ):**

- ज्ञान की कमी को पूरा करने एवं सभी स्तरों पर रणनीतियों को सूचित करने के लिये वर्ष 2015 में WHO द्वारा वैश्विक रोगाणुरोधी प्रतिरोध और उपयोग निगरानी प्रणाली (GLASS) की शुरुआत की गई।
- GLASS का उद्देश्य मनुष्यों में AMR की निगरानी, रोगाणुरोधी दवाओं के उपयोग की निगरानी तथा खाद्य श्रृंखला एवं पर्यावरण में AMR से डेटा को क्रमिक रूप से शामिल करना है। अत: कथन 1 सही है।
- GLASS देशों, क्षेत्रों व क्षेत्रों द्वारा डेटा के संग्रह, विश्लेषण, व्याख्या व साझाकरण के लिये एक मानकीकृत दृष्टिकोण प्रदान करता है तथा डेटा संग्रह की प्रतिनिधित्वशीलता और गुणवत्ता पर ज़ोर देने के साथ मौजूदा एवं नई राष्ट्रीय निगरानी प्रणालियों की स्थिति की निगरानी करता है। अत: कथन 2 सही है।

**31. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ( CPCB ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) का गठन एक सांविधिक संगठन के रूप में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत सितंबर 1974 को किया गया था।
2. CPCB का एक प्रमुख कार्य वायु की गुणवत्ता में सुधार करना और देश में वायु प्रदूषण को रोकना, नियंत्रित करना या कम करना है।
3. CPCB को जल प्रदूषण से संबंधित तकनीकी और सांख्यिकीय डेटा एकत्र करने, मिलान करने तथा प्रसारित करने का भी अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**31. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ( CPCB ):**

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) का गठन एक सांविधिक संगठन के रूप में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत सितंबर 1974 को किया गया। इसके पश्चात् केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत शक्तियाँ व कार्य सौंपे गए। अत: कथन 1 सही है।

- जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 में वर्णित CPCB के प्रमुख कार्य हैं:
  - (i) जल प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपशमन द्वारा राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में जलधाराओं और कुओं की स्वच्छता को बढ़ावा देना तथा
  - (ii) CPCB का एक प्रमुख कार्य वायु की गुणवत्ता में सुधार करना और देश में वायु प्रदूषण को रोकना, नियंत्रित या कम करना है। अत: कथन 2 सही है।
- CPCB के अधिदेशों में से एक जल प्रदूषण से संबंधित तकनीकी और सांख्यिकीय डेटा एकत्र करना, मिलान करना तथा प्रसारित करना है। अत: कथन 3 सही है।

**32. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PM-GKAY) प्रवासियों और गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति करने के लिये आत्मनिर्भर भारत के हिस्से के रूप में शुरू की गई एक योजना है।
2. यह योजना NFSA के तहत सब्सिडी वाले राशन के साथ-साथ मासिक रूप से 5 किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करती है।
3. अंत्योदय अन्न योजना (AAY) और प्राथमिकता घरेलू (PHH) श्रेणियों से संबंधित परिवार PDS- योजना के पात्र होंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**32. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PM-GKAY):**

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PM-GKAY) प्रवासियों और गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति करने के लिये आत्मनिर्भर भारत के हिस्से के रूप में शुरू एक योजना है। अत: कथन 1 सही है।
- इस योजना के तहत केंद्र सरकार गरीबों को योजना के तहत प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराती है। यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के तहत आने वाले परिवारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत प्रदान किये जाने वाले सब्सिडी (2-3 रुपये प्रति किलोग्राम) राशन के अतिरिक्त है। योजना द्वारा भारत के प्रवासियों और गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति की जाती है। अत: कथन 2 सही है।
- अंत्योदय अन्न योजना (AAY) और प्राथमिकता घरेलू (PHH) श्रेणियों से संबंधित परिवार इस योजना के लिये पात्र होंगे। अत: कथन 3 सही है।

**33. पोषण ट्रैकर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक मोबाइल आधारित ऐप्लीकेशन है।
2. पोषण ट्रैकर का उपयोग बच्चों में बौनेपन, कमज़ोरी, कम वज़न जैसी समस्याओं की पहचान कर पोषण सेवा वितरण की लास्ट माईल ट्रैकिंग के लिये किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**33. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पोषण ट्रैकर (Poshan Tracker):**

- यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 1 मार्च, 2021 को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीज़न (NeGD) के माध्यम से शुरू किया गया एक मोबाइल बेस्ड ऐप्लीकेशन है, पोषण ट्रैकर एक महत्त्वपूर्ण शासन तंत्र है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पोषण ट्रैकर का उपयोग बच्चों में बौनेपन, कमज़ोरी, कम वज़न जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की सक्रिय रूप से पहचान कर पोषण सेवा वितरण की लास्ट माईल ट्रैकिंग के लिये किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही है।

**34. भारत निर्वाचन आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत निर्वाचन आयोग (ECI) एक वैधानिक निकाय है जो भारत में संघ एवं राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के प्रशासन के लिये ज़िम्मेदार है।
2. इसकी स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी।
3. इसका राज्यों में पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनावों से कोई सरोकार नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**34. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत निर्वाचन आयोग (ECI)**

- भारत निर्वाचन आयोग (ECI) एक स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण है जो भारत में संघ एवं राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के प्रशासन के लिये ज़िम्मेदार है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसकी स्थापना 25 जनवरी, (इस दिन को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है) 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी। आयोग का सचिवालय नई दिल्ली में है। अत: कथन 2 सही है।
- यह निकाय भारत में लोकसभा, राज्यसभा एवं राज्य विधानसभाओं तथा राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के पदों के लिये चुनावों का संचालन करता है।
- इसका राज्यों में पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनावों से कोई सरोकार नहीं है। इसके लिये भारत का संविधान एक पृथक राज्य चुनाव आयोग का प्रावधान करता है। अत: कथन 3 सही है।

**35. यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (UCCN) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UCCN की स्थापना वर्ष 2004 में उन शहरों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये की गई थी, जिन्होंने सतत् शहरी विकास के लिये रचनात्मकता के रणनीतिक महत्त्व को पहचाना है।
2. नेटवर्क का उद्देश्य सांस्कृतिक उद्योगों की रचनात्मक, सामाजिक और आर्थिक क्षमता का लाभ उठाना है।
3. कोझिकोड और ग्वालियर के अलावा, वाराणसी (संगीत), श्रीनगर (शिल्प एवं लोक कला) तथा चेन्नई (संगीत) इस नेटवर्क का हिस्सा हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**35. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- UCCN की स्थापना वर्ष 2004 में उन शहरों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये की गई थी, जिन्होंने सतत् शहरी विकास के लिये रचनात्मकता के रणनीतिक महत्त्व को पहचाना है। अत: कथन 1 सही है।
- इस नेटवर्क में अब सौ से अधिक देशों के 350 शहर शामिल हैं।
- नेटवर्क का उद्देश्य सांस्कृतिक उद्योगों की रचनात्मक, सामाजिक और आर्थिक क्षमता का लाभ उठाना है। इसे UNESCO के सांस्कृतिक विविधता के लक्ष्यों को बढ़ावा देने एवं जलवायु परिवर्तन, बढ़ती असमानता तथा तेज़ी से शहरीकरण जैसे खतरों के प्रति समुत्थानशीलता को सुदृढ़ करने के लिये लॉन्च किया गया था। यह शहरी नियोजन और शहरी समस्याओं के समाधान में रचनात्मकता की संस्कृति को प्रोत्साहित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- कोझिकोड और ग्वालियर के अलावा, वाराणसी (संगीत), श्रीनगर (शिल्प एवं लोक कला) तथा चेन्नई (संगीत) इस नेटवर्क का हिस्सा हैं। अत: कथन 3 सही है।

**36. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| परियोजना | राज्य |
|---|---|
| 1. कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना | (a) तेलंगाना |
| 2. बरवास माईक्रो सिंचाई परियोजना | (b) राजस्थान |
| 3. संजय सरोवर सिंचाई परियोजना | (c) मध्य प्रदेश |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**36. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना अथवा KLIP भारत के तेलंगाना के भूपलपल्ली के कालेश्वरम में गोदावरी नदी पर एक बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना है। यह वर्तमान में विश्व की सबसे बड़ी मल्टी-स्टेज लिफ्ट सिंचाई परियोजना है। प्राणहिता और गोदावरी नदी के संगम पर इसका अपस्ट्रीम प्रभाव सबसे अधिक है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- 5 जुलाई, 2023 को राजस्थान के युवा कार्यक्रम, खेल तथा सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना ने राज्य में 12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली बूंदी ज़िले के बरवास माइक्रो सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- केंद्रीय जल आयोग ने मध्य प्रदेश के बालाघाट एवं सिवनी ज़िले से जुड़ी महत्त्वाकांक्षी संजय सरोवर सिंचाई परियोजना के प्रस्तावों के प्रथम चरण की स्वीकृति दे दी है। जल आयोग ने परियोजना की साध्यता का अनुमोदन किया है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**37. ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लानके संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::**

1. GRAP आपातकालीन उपायों का एक समूह है जो दिल्ली-NCR क्षेत्र में एक निश्चित सीमा तक पहुँचने के बाद वायु की गुणवत्ता में होने वाली गिरावट को रोकने के लिये लागू होता है।

नोट :

2. GRAP के चौथे और अंतिम चरण को तब लागू किया जाता है जब वायु की गुणवत्ता 'सीवियर प्लस' श्रेणी में की हो जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**37. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP):**

- GRAP आपातकालीन उपायों का एक समूह है जो दिल्ली-NCR क्षेत्र में एक निश्चित सीमा तक पहुँचने के बाद वायु की गुणवत्ता में होने वाली गिरावट को रोकने के लिये लागू होता है। अत: कथन 1 सही है।
- सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (SAFAR) के अनुसार, शून्य और 50 के बीच AQI को अच्छा माना जाता है, 51 तथा 100 के बीच के AQI को संतोषजनक, 101 व 200 के बीच वाले मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 तथा 500 के बीच के AQI को गंभीर माना जाता है।
- GRAP का चौथा और अंतिम चरण तब लागू किया जाता है जब वायु गुणवत्ता 'सीवियर प्लस' श्रेणी में होती है। इस चरण में LNG/CNG ट्रकों और आवश्यक सेवाओं आदि में शामिल ट्रकों को छोड़कर दिल्ली में प्रवेश वर्जित कर दिया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

**38. 'अनर्हता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 1985 के 52वें संशोधन अधिनियम में दल-बदल के आधार पर संसद एवं राज्य विधानसभाओं के सदस्यों को अनर्हत घोषित करने का प्रावधान किया गया।
2. 2003 का 91वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम यह निर्धारित करता है कि किसी राजनीतिक दल के कम- से-कम दो-तिहाई सदस्यों को "विलय" का समर्थन करना होगा ताकि इसे वैध माना जा सके।
3. दल-बदल से उत्पन्न अनर्हता से संबंधित किसी भी प्रश्न का निर्णय राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**38. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 1985 के 52वें संशोधन अधिनियम में एक राजनीतिक दल से दूसरे दल में दल-बदल के आधार पर संसद एवं राज्य विधानसभाओं के सदस्यों को अनर्हत घोषित करने का प्रावधान किया गया। अत: कथन 1 सही है।
- इसने संविधान के चार अनुच्छेदों में परिवर्तन किया तथा संविधान में एक नई अनुसूची (दसवीं अनुसूची) शामिल की।
- 2003 का 91वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम यह निर्धारित करता है कि किसी राजनीतिक दल के कम-से-कम दो-तिहाई सदस्यों को "विलय" का समर्थन करना होगा ताकि इसे वैध माना जा सके। अत: कथन 2 सही है।
- दल-बदल से उत्पन्न अनर्हता से संबंधित किसी भी प्रश्न का निर्णय सदन के पीठासीन अधिकारी द्वारा किया जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- इस अधिनियम में प्रावधान है कि पीठासीन अधिकारी का निर्णय अंतिम होता है तथा उस पर किसी भी न्यायालय में सवाल नहीं उठाया जा

सकता।

**39. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग ( CCI ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय है जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के लिये उत्तरदायी है।
2. यह आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है जो सांविधिक प्राधिकरणों को परामर्श देता है तथा अन्य मामलों को भी संबोधित करता है।
3. इसका मूल उद्देश्य प्रतिस्पर्द्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले अभ्यासों को समाप्त करना, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा भारतीय बाज़ारों में व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**39. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (Competition Commission of India- CCI) भारत सरकार का एक वैधानिक निकाय है जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 (Competition Act, 2002) के प्रवर्तन के लिये उत्तरदायी है। मार्च 2009 में इसका विधिवत गठन किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- राघवन समिति की अनुशंसा पर एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापार व्यवहार अधिनियम, 1969 (Monopolies and Restrictive Trade Practices Act- MRTP Act) को निरस्त कर इसके स्थान पर प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 लाया गया।
- यह आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय (Quasi-Judicial Body) है जो सांविधिक प्राधिकरणों को परामर्श देता है तथा अन्य मामलों को भी संबोधित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के लाभ एवं कल्याण के लिये बाज़ारों को सक्षम बनाना है।
- इसका मूल उद्देश्य प्रतिस्पर्द्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले अभ्यासों को समाप्त करना, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा भारतीय बाज़ारों में व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है। अत: कथन 3 सही है।

**40. ध्वनि प्रदूषण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अनुसार ध्वनि को 'वायु प्रदूषक' माना जाता है।
2. ध्वनि प्रदूषण और इसके स्रोतों को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत विनियमित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**40. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ध्वनि को अवांछित के रूप में परिभाषित किया गया है जो दर्द एवं परेशानी का कारण बनती है।
- वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अनुसार अवांछित ध्वनि को 'वायु प्रदूषक' माना जाता है। अत: कथन 1 सही है।

- ध्वनि प्रदूषण के बेहतर विनियमन के लिये पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 हैं।
- ध्वनि प्रदूषण एवं इसके स्रोतों को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत विनियमित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

**41. नेट न्यूट्रैलिटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेट न्यूट्रैलिटी सिद्धांत के अनुसार, सभी इंटरनेट ट्रैफिक के साथ बिना किसी भेदभाव या किसी विशेष वेबसाइट, सेवा या एप को प्राथमिकता दिये बिना समान व्यवहार किया जाना चाहिये।
2. यह एक महत्त्वपूर्ण सिद्धांत है जो इंटरनेट पर एक समान अवसर सुनिश्चित करने में मदद करता है तथा सूचना व विचारों के मुक्त प्रवाह की रक्षा करता है।
3. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) दूरसंचार क्षेत्र में एक स्वतंत्र नियामक के रूप में कार्य करता है, जो मुख्य रूप से दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSP) और उनकी लाइसेंसिंग शर्तों आदि को नियंत्रित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**41. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- नेट न्यूट्रैलिटी सिद्धांत के अनुसार, सभी इंटरनेट ट्रैफिक के साथ बिना किसी भेदभाव या किसी विशेष वेबसाइट, सेवा या एप को प्राथमिकता दिये बिना समान व्यवहार किया जाना चाहिये। अत: कथन 1 सही है।
- नेट न्यूट्रैलिटी इंटरनेट पर मौजूद सूचना एवं सेवाओं तक सभी की (चाहे उपयोगकर्त्ता की वित्तीय स्थिति कुछ भी हो अथवा वेबसाइट का आकर या उसे विज़िट करने वाले लोगों की संख्या कुछ भी हो) समान पहुँच सुनिश्चित करता है।
- यह एक महत्त्वपूर्ण सिद्धांत है जो इंटरनेट पर एक समान अवसर सुनिश्चित करने में मदद करता है तथा सूचना व विचारों के मुक्त प्रवाह की रक्षा करता है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत में नेट न्यूट्रैलिटी को किसी भी विधि अथवा नीतिगत ढाँचे द्वारा प्रत्यक्ष रूप से विनियमित नहीं किया गया है।
- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) दूरसंचार क्षेत्र में एक स्वतंत्र नियामक के रूप में कार्य करता है, जो मुख्य रूप से दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSP) और उनकी लाइसेंसिंग शर्तों आदि को नियंत्रित करता है। अत: कथन 3 सही है।

**42. 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को लाभ प्रदान करना है।
2. वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC) योजना के तहत कोई भी प्रवासी श्रमिक या लाभार्थी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से मुफ्त राशन का लाभ उठा सकता है।
3. यह योजना वित्त मंत्रालय के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा संचालित की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**42. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) का लक्ष्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत कवर किये गए प्रत्येक व्यक्ति को लाभ प्रदान करना है। अत: कथन 1 सही है।
- वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC) योजना के तहत कोई भी प्रवासी श्रमिक या लाभार्थी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से मुफ्त राशन का लाभ उठा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के माध्यम से पहले से ही प्रदान किये जाने वाले 5 किलोग्राम सब्सिडी वाले खाद्यान्न के अलावा अतिरिक्त 5 किलोग्राम अनाज (गेहूँ या चावल) मुफ्त में दिया जाएगा।
- यह योजना उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा संचालित की जाती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**43. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं को सूचीबद्ध करती है।
2. सभी शास्त्रीय भाषाएँ संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध हैं।
3. संस्कृति मंत्रालय आधिकारिक और शास्त्रीय दोनों भाषाओं के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**43. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं की सूची है। अत: कथन 1 सही है।
- अनुच्छेद 351 में हिंदी भाषा के विकास के लिये इसके प्रसार का प्रावधान है ताकि यह भारत की समग्र संस्कृति के सभी तत्त्वों की अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में काम कर सके।
- सभी शास्त्रीय भाषाएँ संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध हैं। अत: कथन 2 सही है।
- किसी भी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर विचार करने के लिये कोई निश्चित मानदंड नहीं है।
- संस्कृति मंत्रालय शास्त्रीय भाषाओं के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: रोगाणुरोधी प्रतिरोध (Antimicrobial Resistance- AMR) तब होता है जब बैक्टीरिया, वायरस, कवक और परजीवी समय के साथ बदलते हैं तथा दवाओं पर प्रतिक्रिया नहीं करते हैं जिससे संक्रमण का उपचार करना कठिन हो जाता है और बीमारी के संक्रमण, गंभीरता एवं मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

कथन-II: भारत तपेदिक, हैजा और मलेरिया जैसी बीमारियों से निपटने की चुनौतियों का सामना कर रहा है जो अधिक-से-अधिक दवा प्रतिरोधी होती जा रही हैं; दूसरी ओर, नए बहु-औषधि-रोधी जीवों का उद्भव नई नैदानिक तथा चिकित्सीय चुनौतियाँ उत्पन्न करता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**44. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- रोगाणुरोधी प्रतिरोध (Antimicrobial Resistance- AMR) तब होता है जब बैक्टीरिया, वायरस, कवक और परजीवी समय के साथ बदलते हैं तथा दवाओं पर प्रतिक्रिया नहीं करते हैं जिससे संक्रमण का उपचार करना कठिन हो जाता है तथा बीमारी के संक्रमण, गंभीरता एवं मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- कथन-II: भारत तपेदिक, हैजा और मलेरिया जैसी बीमारियों से निपटने की चुनौतियों का सामना कर रहा है जो अधिक-से-अधिक दवा प्रतिरोधी होती जा रही हैं; दूसरी ओर, नए बहु-औषधि-रोधी जीवों का उद्भव नई नैदानिक तथा चिकित्सीय चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**45. 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GRAP आपातकालीन उपायों का एक समूह है जो दिल्ली-NCR क्षेत्र में एक निश्चित सीमा के बाद वायु की गुणवत्ता में होने वाली गिरावट को रोकने के लिये लागू होता है।
2. एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ (2016) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद वर्ष 2016 में इसे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित किया गया था।
3. इसे पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम एवं नियंत्रण) प्राधिकरण (EPCA) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**45. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) आपातकालीन उपायों का एक समूह है जो दिल्ली-NCR क्षेत्र में एक निश्चित सीमा के बाद वायु की गुणवत्ता में होने वाली गिरावट को रोकने के लिये लागू होता है। अत: कथन 1 सही है।
- एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ (2016) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद वर्ष 2016 में इसे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित किया गया था और वर्ष 2017 में अधिसूचित किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 2020 तक सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (EPCA) राज्यों को GRAP उपायों को लागू करने का आदेश देता था। EPCA को भंग कर वर्ष 2020 में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) द्वारा इसे प्रतिस्थापित किया गया था।
- वर्ष 2021 से, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) GRAP को लागू करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**46. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NGT की स्थापना के साथ भारत ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के बाद एक समर्पित पर्यावरण अधिकरण की स्थापना करने वाला विश्व का तीसरा देश बन गया।
2. इसके अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के परामर्श से की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

नोट :

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**46. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) की स्थापना के साथ भारत ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के बाद एक समर्पित पर्यावरण अधिकरण की स्थापना करने वाला विश्व का तीसरा देश बन गया। अत: कथन 1 सही है।
- यह पर्यावरण संरक्षण और वनों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के प्रभावी तथा शीघ्र निपटान के लिये राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम (2010) के तहत स्थापित एक विशेष निकाय है।
- कोई भी मामला दर्ज होने के 6 महीने के भीतर आवेदन या अपील का निपटान करना NGT का कर्त्तव्य है।
- NGT के अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के परामर्श से केंद्र सरकार की मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति द्वारा की जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**47. 'वायु गुणवत्ता सूचकांक ( AQI )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AQI की गणना एक एयर मॉनिटर या मॉडल की सहायता से एक निर्दिष्ट अवधि में औसत वायु प्रदूषक सांद्रता पर आधार पर की जाती है।
2. वायु प्रदूषकों के उत्सर्जन में वृद्धि के कारण AQI में वृद्धि होती है।
3. PM 2.5 और PM 10 वायु गुणवत्ता मापने का सबसे आम तरीका है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**47. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) की गणना एक एयर मॉनिटर या मॉडल की सहायता से एक निर्दिष्ट अवधि में औसत वायु प्रदूषक सांद्रता पर आधार पर की जाती है। अत: कथन 1 सही है।
- प्रतिचक्रवात अथवा तापमान व्युत्क्रमण के परिणामस्वरूप वातावरण में प्रदूषकों का स्तर बढ़ जाता है।
- वायु प्रदूषकों के उत्सर्जन में वृद्धि के कारण AQI में वृद्धि होती है। अत: कथन 2 सही है।
- वायु प्रदूषकों और धुंधले वातावरणीय स्थितियों के बीच रासायनिक अभिक्रियाओं से AQI में वृद्धि होती है।
- PM 2.5 और PM 10 वायु गुणवत्ता मापने का सबसे आम तरीका है। अत: कथन 3 सही है।

**48. निम्नलिखित गैसों पर विचार कीजिये:**

1. लेड (Pb)
2. अमोनिया ($NH_3$)
3. सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$)
4. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$)

वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) की गणना के दौरान उपर्युक्त में से कितने की माप की जाती है?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**48. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वायु में मौजूद आठ प्रमुख प्रदूषकों के उत्सर्जन को मापकर वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) प्राप्त किया जाता है: पार्टिकुलेट मैटर ($PM_{2.5}$ और $PM_{10}$), ओज़ोन ($O_3$), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$), सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$), लेड (Pb) और अमोनिया ($NH_3$) उत्सर्जन।

**अत: विकल्प D सही है।**

**49. 'पार्किंसंस रोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक प्रगतिशील तंत्रिका संबंधी विकार है जो तंत्रिका तंत्र और तंत्रिकाओं द्वारा नियंत्रित शरीर के हिस्सों के संचालन तथा कार्यप्रणाली प्रभावित करता है।
2. यह मस्तिष्क कोशिका, जिसे हाइपोथैलमस के नाम से जाना जाता है (जो गति को नियंत्रित करता है) में तंत्रिका कोशिकाओं के नष्ट होने के कारण होता है।
3. ये तंत्रिका कोशिकाएँ या तो नष्ट हो जाती हैं या खराब हो जाती हैं, जिससे डोपामाइन नामक एक महत्त्वपूर्ण रसायन के उत्पादन करने की क्षमता समाप्त हो जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**49. उत्तर: a**

**व्याख्या:**

- पार्किंसंस रोग एक प्रगतिशील तंत्रिका संबंधी विकार है जो तंत्रिका तंत्र और तंत्रिकाओं द्वारा नियंत्रित शरीर के हिस्सों के संचालन तथा कार्यप्रणाली प्रभावित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें रोगी का अपनी गतिविधियों और शरीर के संतुलन पर सीमित अथवा कोई नियंत्रण नहीं होता है।
- यह मस्तिष्क के सबस्टैंटिया निग्रा नामक हिस्से (जो गति को नियंत्रित करता है) में तंत्रिका कोशिकाओं के नष्ट होने के कारण होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- कई अध्ययनों में पाया गया है कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों में पार्किंसंस से प्रभावित होने की अधिक संभावना होती है।
- ये तंत्रिका कोशिकाएँ या तो नष्ट हो जाती हैं या खराब हो जाती हैं, जिससे डोपामाइन नामक एक महत्त्वपूर्ण रसायन के उत्पादन करने की क्षमता समाप्त हो जाती है। अत: कथन 3 सही है।

**50. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निर्धारित समय के भीतर वायु प्रदूषण में कमी लाने के लक्ष्य के साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिये राष्ट्रीय ढाँचा तैयार करने का यह देश में पहला प्रयास है।
2. इसका लक्ष्य वर्ष 2021 को आधार वर्ष मानकर अगले पाँच वर्षों में पार्टिकुलेट मैटर की सांद्रता में कम से कम 35% की कटौती करना

है।

3. इस योजना में 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 गैर-प्राप्ति वाले शहर शामिल हैं, जिन्हें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा नामित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**50. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) देश में निर्धारित समय के भीतर वायु प्रदूषण में कमी लाने के लक्ष्य के साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिये राष्ट्रीय ढाँचा तैयार करने का पहला प्रयास है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका लक्ष्य वर्ष 2017 को आधार वर्ष मानकर अगले पाँच वर्षों में पार्टिकुलेट मैटर की सांद्रता को कम से कम 20% कम करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इस योजना में 23 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 102 गैर-प्राप्ति वाले शहर शामिल हैं, जिन्हें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा नामित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

**51. क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PMI का उद्देश्य कॉर्पोरेट निर्णय निर्माताओं, विश्लेषकों और निवेशकों के लाभ के लिये वर्तमान एवं आगामी व्यावसायिक स्थितियों में अंतर्दृष्टि प्रदान करना है।
2. उच्च PMI रीडिंग को अर्थव्यवस्था के लिये एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाता है, क्योंकि यह इंगित करता है कि विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आर्थिक विकास में योगदान दे रहे हैं।
3. यदि पिछले महीने का PMI चालू महीने के PMI से अधिक है, तो यह आर्थिक संकुचन का संकेत देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**51. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- क्रय प्रबंधक सूचकांक (Purchasing Managers' Index- PMI) का लक्ष्य कंपनी के अधिकारियों, विश्लेषकों और निवेशकों को वर्तमान तथा आगामी व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। अत: कथन 1 सही है।
- चूँकि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र आर्थिक विकास के एक प्रमुख चालक हैं, इसलिये इसे व्यापक रूप से आर्थिक स्वास्थ्य के संकेतक के रूप में अपनाया जाता है।
- उच्च PMI रीडिंग को अर्थव्यवस्था के लिये एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाता है, क्योंकि यह इंगित करता है कि विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आर्थिक विकास में योगदान दे रहे हैं। अत: कथन 2 सही है।
- निम्न PMI रीडिंग को एक नकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाता है, क्योंकि यह इंगित करता है कि विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र संघर्ष कर रहे हैं और समग्र आर्थिक प्रदर्शन को नीचले स्तर पर ला सकते हैं।

नोट :

- यदि पिछले महीने का PMI चालू महीने के PMI से अधिक है, तो यह आर्थिक संकुचन का संकेत देता है। अत: कथन 3 सही है।

**52. ओज़ोन शहरी धुंध में प्राथमिक घटक है, यह सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में हाइड्रोकार्बन की अभिक्रिया से निर्मित होता है:**

1. नाइट्रोजन ऑक्साइड
2. कार्बन मोनोआक्साइड
3. सल्फर डाइऑक्साइड
4. पार्टिकुलेट मैटर

**उपर्युक्त में से कितनी गैसें शहरी धुंध में ओज़ोन का निर्माण करने के लिये हाइड्रोकार्बन के साथ अभिक्रिया करती हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**52. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ओज़ोन शहरी धुंध का प्रमुख घटक है, इसका निर्माण तब होता है जब ऑटोमोबाइल ईंधन के दहन से निकलने वाले हाइड्रोकार्बन और नाइट्रोजन ऑक्साइड, सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में रासायनिक अभिक्रिया करते हैं। हालाँकि ओज़ोन ऊपरी वायुमंडल में फायदेमंद है, किंतु धरातल पर इसकी उपस्थिति श्वसन प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, जिसके परिणामस्वरूप खाँसी, दम घुटना तथा फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी आ सकती है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**53. पारिस्थितिक कार्यप्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऊर्जा प्रवाह सेआशय जैविक घटक से अजैविक घटक तक ऊर्जा के संचलन से है।
2. पारिस्थितिक अनुक्रम से आशय ऐसी प्रक्रिया से है जिसके माध्यम से किसी दिये गए क्षेत्र में प्रजातियाँ और पर्यावरण समय के साथ बदलती रहती हैं।
3. पोषक तत्त्व चक्र एक अवधारणा है जो भौतिक वातावरण से जीवित प्राणियों तक पोषक तत्त्वों के स्थानांतरण और पुन:वापसी को दर्शाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**53. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ऊर्जा प्रवाह एक जैविक घटक के भीतर एक पोषी स्तर से दूसरे पोषी स्तर तक ऊर्जा के संचालन को संदर्भित करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पोषी स्तर खाद्य श्रृंखला में प्रत्येक पोषण स्तर को दिया गया एक नाम है।
- पारिस्थितिक अनुक्रम से आशय ऐसी प्रक्रिया से है जिसके माध्यम से किसी दिये गए क्षेत्र में प्रजातियाँ और पर्यावरण समय के साथ बदलती रहती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- अनुक्रम परिस्थितियों की एक श्रृंखला है जो अपेक्षाकृत स्थिर शीर्ष समुदाय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करती है।

- पोषक तत्त्व चक्र एक अवधारणा है जो भौतिक वातावरण से जीवित प्राणियों तक पोषक तत्त्वों के स्थानांतरण और पुन:वापसी को दर्शाती है। अत: कथन 3 सही है।

**54. 'कुल प्रजनन दर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुल प्रजनन दर एक महिला के जीवनकाल के दौरान जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या है।
2. वर्ष 1992-93 और वर्ष 2019-21 के बीच कुल प्रजनन दर 3.4 से घटकर 2.0 बच्चे हो गया।
3. देश में बिहार और मेघालय में प्रजनन दर सबसे अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**54. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कुल प्रजनन दर एक महिला के जीवनकाल के दौरान जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या है। अत: कथन 1 सही है।
- NHFS 5 रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं की शिक्षा का स्तर बढ़ने के कारण प्रति महिला बच्चों की संख्या में कमी आई है।
- वर्ष 1992-93 और वर्ष 2019-21 के बीच कुल प्रजनन दर 3.4 से घटकर 2.0 बच्चे हो गया। अत: कथन 2 सही है।
- सिक्किम और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कुल प्रजनन दर सबसे कम है।
- देश में बिहार और मेघालय में प्रजनन दर सबसे अधिक है। अत: कथन 3 सही है।

**55. पराली दहन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अगली फसल बोने के लिये मौजूदा फसल के अवशेषों को खेत से हटाने के लिये उन्हें जानबूझकर जलाना अथवा आग लगाना पराली दहन कहलाता है।
2. इससे बड़ी मात्रा में मीथेन ($CH_4$), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOC) तथा सुगंधित हाइड्रोकार्बन जैसे जहरीले प्रदूषकों का उत्सर्जन होता है।
3. वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत इसे एक अपराध के रूप में अधिसूचित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**55. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अगली फसल बोने के लिये मौजूदा फसल के अवशेषों को खेत से हटाने के लिये उन्हें जानबूझकर जलाना अथवा आग लगाना पराली दहन कहलाता है। अत: कथन 1 सही है।
- पराली को खेत में छोड़ने से दीमक और अन्य कीड़ों का प्रकोप बढ़ सकता है जो अगली फसल को नुकसान पहुँचा सकते हैं।
- पराली दहन से बड़ी मात्रा में मीथेन ($CH_4$), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOC) तथा सुगंधित हाइड्रोकार्बन जैसे जहरीले प्रदूषकों का उत्सर्जन होता है। अत: कथन 2 सही है।
- पराली दहन से उत्पन्न ऊष्मा मृदा में प्रवेश कर जाती है, जिससे मृदा की नमी और उपयोगी रोगाणु नष्ट हो जाते हैं।

नोट :

- वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत इसे एक अपराध के रूप में अधिसूचित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

**56. 'प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) के कार्यालय' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PM-STIAC) एक व्यापक परिषद है जो प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय की सुविधा प्रदान करती है।
2. यह राष्ट्रपति की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सचिवालय के रूप में कार्य करता है, जिसके अध्यक्ष भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार होते हैं।
3. यह सरकारी विभागों, संस्थानों और उद्योग के साथ साझेदारी में महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे, आर्थिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परियोजनाएँ तैयार करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**56. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (Prime Minister's Science, Technology and Innovation Advisory Council- PM-STIAC) एक व्यापक परिषद है जो प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय की सुविधा प्रदान करती है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य विभिन्न अनुप्रयोगों हेतु नवाचारों और समर्थन प्रणालियों के लिये नीतियों, रणनीतियों व मिशनों को विकसित करना था।
- यह मंत्रिमंडल की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सचिवालय के रूप में कार्य करता है, जिसके अध्यक्ष भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार होते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह सरकारी विभागों, संस्थानों और उद्योग के साथ साझेदारी में महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे, आर्थिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परियोजनाएँ तैयार करता है। अत: कथन 3 सही है।

**57. निम्नलिखित घटकों पर विचार कीजिये:**

1. नाइट्रोजन
2. कार्बन डाईऑक्साइड
3. ओज़ोन
4. सल्फर डाइऑक्साइड

**प्राथमिक घटक के रूप में मीथेन ($CH_4$) के साथ उपर्युक्त में से कितने संपीड़ित प्राकृतिक गैस (CNG) के भी घटक हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**57. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संपीड़ित प्राकृतिक गैस (CNG) एक ईंधन गैस है जिसमें मुख्य रूप से मीथेन ($CH_4$) होती है। इसमें निम्नलिखित घटक भी होते हैं:

- नाइट्रोजन
- कार्बन डाईऑक्साइड
- प्रोपेन
- ईथेन का कुछ अंश

**अत: विकल्प D सही है।**

**58. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ( CAG ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CAG के कार्यालय का प्रशासनिक व्यय भारत की संचित निधि पर भारित होता है।
2. वह भारत की आकस्मिकता निधि तथा भारत के सार्वजनिक खाते से व्यय का लेखा परीक्षण नहीं करता है।
3. केंद्र और राज्यों के खातों के लिये निर्धारित प्रारूप के संबंध में वह राष्ट्रपति को सलाह प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D कोई भी नही

**58. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के कार्यालय के प्रशासनिक खर्च, जिसमें उस कार्यालय मंम सेवारत व्यक्तियों के सभी वेतन, भत्ते तथा पेंशन शामिल हैं, भारत की संचित निधि पर भारित होते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- वह भारत की आकस्मिकता निधि और भारत के सार्वजनिक खाते के साथ-साथ प्रत्येक राज्य की आकस्मिकता निधि एवं प्रत्येक राज्य के सार्वजनिक खाते से सभी व्यय का लेखा परीक्षण करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- केंद्र और राज्यों के खातों के लिये निर्धारित प्रारूप के संबंध में वह राष्ट्रपति को सलाह प्रदान करता है। अत: कथन 3 सही है।

**59. 'आकाशगंगा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आकाशगंगा एक विशाल ब्रह्मांडीय संरचना है जिसमें अंतर-तारकीय गैस, निष्क्रिय तारों के अवशेष एवं डार्क मैटर शामिल हैं, जो गुरुत्वाकर्षण बल द्वारा आपस में जुड़े हुए हैं तथा एक साथ बँधे हुए हैं।
2. परवलीय आकाशगंगाओं के केंद्र में एक उभार होता है जो पुराने तारों से बना होता है तथा युवा तारों की एक डिस्क से घिरा होता है और सर्पिल भुजाओं में व्यवस्थित होता है।
3. सर्पिल आकाशगंगाएँ पुराने तारों की चपटी गेंदों की तरह होती हैं और इनमें बहुत कम गैस होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**59. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- आकाशगंगा एक विशाल ब्रह्मांडीय संरचना है जिसमें अंतर-तारकीय गैस, निष्क्रिय तारों के अवशेष एवं डार्क मैटर शामिल हैं, जो गुरुत्वाकर्षण बल द्वारा आपस में जुड़े हुए हैं तथा एक साथ बँधे हुए हैं। अत: कथन 1 सही है।
- परवलीय आकाशगंगाएँ पुराने तारों की चपटी गेंदों की तरह होती हैं तथा इनमें बहुत कम गैस होती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

- सर्पिल आकाशगंगाओं के केंद्र में एक उभार होता है जो पुराने तारों से बना होता है जो युवा तारों की एक डिस्क से घिरा होता है एवं सर्पिल भुजाओं में व्यवस्थित होता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**60. डार्क मैटर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डार्क मैटर आवेशित कणों से बना होता है जिन पर धनात्मक या ऋणात्मक आवेश होता है।
2. उनमें प्रकाश उत्सर्जित करने की क्षमता का अभाव है, जो एक विद्युत चुंबकीय घटना है।
3. उनमें सामान्य पदार्थ के समान द्रव्यमान होने का गुण होता है तथा वे गुरुत्वाकर्षण बल के माध्यम से परस्पर क्रिया करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**60. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- डार्क मैटर उन कणों से बना होता है जिनमें आवेश नहीं होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- उनमें प्रकाश उत्सर्जित करने की क्षमता का अभाव होता है, जो एक विद्युत चुंबकीय घटना है। अत: कथन 2 सही है।
- उनमें सामान्य पदार्थ के समान द्रव्यमान का गुण होता है तथा वे गुरुत्वाकर्षण बल के माध्यम से परस्पर क्रिया करते हैं। अत: कथन 3 सही है।

**61. जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) का सबसे शक्तिशाली इन्फ्रारेड टेलीस्कोप है।
2. यह टेलीस्कोप नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का परिणाम है।
3. यह टेलीस्कोप विभिन्न प्रकार के एक्सोप्लैनेट के वायुमंडल का अध्ययन करेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**61. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) का सबसे शक्तिशाली इन्फ्रारेड टेलीस्कोप है। अत: कथन 1 सही है।
- यह टेलीस्कोप नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का परिणाम है। अत: कथन 2 सही है।
- यह टेलीस्कोप विभिन्न प्रकार के एक्सोप्लैनेट के वायुमंडल का अध्ययन करेगा। अत: कथन 3 सही है।

**62. यूक्लिड स्पेस टेलीस्कोप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूक्लिड यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) द्वारा विकसित निकट अवरक्त अंतरिक्ष टेलिस्कोप है।
2. यूक्लिड मिशन का उद्देश्य ब्रह्मांड के त्वरण को सटीक रूप से मापकर डार्क एनर्जी और डार्क मैटर को बेहतर ढंग से समझना है।

**नोट :**

3. टेलीस्कोप पृथ्वी से अलग-अलग दूरी पर आकाशगंगाओं के आकार को मापेगा।

**उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमें से कोई भी नहीं

**62. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यूक्लिड स्पेस टेलीस्कोप यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) और यूक्लिड कंसोर्टियम द्वारा विकसित निकट-अवरक्त अंतरिक्ष टेलिस्कोप है। अत: कथन 1 सही है।
- यूक्लिड मिशन का उद्देश्य ब्रह्मांड के त्वरण को सटीक रूप से मापकर डार्क एनर्जी और डार्क मैटर को बेहतर ढंग से समझना है। अत: कथन 2 सही है।
- टेलीस्कोप पृथ्वी से अलग-अलग दूरी पर आकाशगंगाओं के आकार को मापेगा और दूरी और रेडशिफ्ट के बीच संबंधों का अन्वेषण करेगा। अत: कथन 3 सही है।
- 63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: क्षय रोग (TB) माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है, जो माइकोबैक्टीरियासी कुल से संबंधित है, जिसमें लगभग 200 सदस्य हैं। कुछ माइकोबैक्टीरिया मनुष्यों में टी.बी. और कुष्ठ रोग जैसी बीमारियों का कारण बनते हैं तथा अन्य जानवरों की एक विस्तृत श्रृंखला को संक्रमित करते हैं।

कथन-II: मनुष्यों में टी.बी. सबसे अधिक फेफड़ों (फुफ्फुसीय टी.बी.) को प्रभावित करती है, लेकिन साथ ही यह अन्य अंगों (एक्स्ट्रा-फुफ्फुसीय टी.बी.) को भी प्रभावित कर सकती है। टी.बी. एक बहुत ही प्राचीन बीमारी है और इसके मिस्र में 3000 ईसा पूर्व से मौजूद होने का दस्तावेज़ीकरण किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**63. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- क्षय रोग (TB) माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है, जो माइकोबैक्टीरियासी कुल से संबंधित है, जिसमें लगभग 200 सदस्य हैं। कुछ माइकोबैक्टीरिया मनुष्यों में TB और कुष्ठ रोग जैसी बीमारियों का कारण बनते हैं तथा अन्य जीवों की एक विस्तृत श्रृंखला को संक्रमित करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- मनुष्यों में TB सबसे अधिक फेफड़ों (फुफ्फुसीय TB) को प्रभावित करती है, लेकिन यह अन्य अंगों (एक्स्ट्रा-फुफ्फुसीय TB) को भी प्रभावित कर सकती है। TB एक बहुत ही प्राचीन बीमारी है और इसका मिस्र में 3000 ईसा पूर्व से मौजूद होने का दस्तावेज़ीकरण किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**64. 'बेडाक्विलीन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बेडाक्विलीन एक ओरल दवा है जिसका उपयोग मल्टीड्रग-प्रतिरोधी टीबी (MDR-TB) के उपचार के लिये किया जाता है।

2. इसमें प्रतिक्रिया का एक अनूठा तंत्र है, जो टीबी माइकोबैक्टीरिया के एमिनोग्लाइकोसाइड्स एंजाइम को लक्षित करता है।
3. बेडाक्विलीन, WHO द्वारा अनुशंसित टीबी उपचार आहार का केंद्र है।

**उपर्युक्त में से कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**64. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बेडाक्विलीन, एक ओरल दवा है जिसका उपयोग सक्रिय टी.बी. के उपचार के लिये किया जाता है। इसका उपयोग विशेष रूप से मल्टीड्रग-प्रतिरोधी टी.बी. (MDR-TB) के उपचार में किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें प्रतिक्रिया का एक अद्वितीय तंत्र मौजूद है जो टी.बी. माइकोबैक्टीरिया के एडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट (ATP), सिंथेज़ एंज़ाइम को लक्षित करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा अनुशंसित टी.बी.उपचार के नियमों में बेडाक्विलीन एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। अत: कथन 3 सही है।

**65. 'उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PLI योजना का मुख्य उद्देश्य विश्व व्यापार संगठन के दायित्वों का अनुपालन करना और घरेलू बिक्री तथा निर्यात हेतु उचित व्यवहार को बढ़ावा देना है।
2. इसका उद्देश्य उन्नत प्रौद्योगिकी और मुख्य क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित करना, निर्यात को बढ़ावा देना तथा आर्थिक विकास में योगदान देना है।
3. यह योजना श्रम प्रधान क्षेत्रों में सतत् विकास एवं निवेश को प्रोत्साहित करती है, जिससे यह एक प्रभावी और सुलभ कार्यक्रम बन जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**65. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना का मुख्य उद्देश्य विश्व व्यापार संगठन के दायित्वों का अनुपालन करना और घरेलू बिक्री एवं निर्यात के लिये उचित व्यवहार को बढ़ावा देना है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य उन्नत प्रौद्योगिकी और मुख्य क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित करना, निर्यात को बढ़ावा देना तथा आर्थिक विकास में योगदान देना है। अत: कथन 2 सही है।
- यह योजना श्रम प्रधान क्षेत्रों में सतत् विकास एवं निवेश को प्रोत्साहित करती है, जिससे यह एक प्रभावी और सुलभ कार्यक्रम बन जाता है। अत: कथन 3 सही है।

**66. समृद्धि के लिये इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (IPEF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ढाँचा क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिये लचीलापन, स्थिरता, समावेशिता, आर्थिक विकास, निष्पक्षता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता को

बढ़ावा देगा।

2. IPEF भागीदार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के आधे से भी कम और वैश्विक वस्तुओं एवं सेवाओं के व्यापार का लगभग एक-चौथाई प्रतिनिधित्व करते हैं।
3. भारत इस पहल का हिस्सा नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**66. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**समृद्धि के लिये इंडो-पैसिफिक आर्थिक ढाँचा (IPEF):**

- यह ढाँचा क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के लिये लचीलापन, स्थिरता, समावेशिता, आर्थिक विकास, निष्पक्षता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ावा देगा। अत: कथन 1 सही है।
- इस पहल के माध्यम से IPEF भागीदारों का लक्ष्य क्षेत्र में सहयोग, स्थिरता, समृद्धि, विकास और शांति में योगदान करना है। यह मज़बूत ढाँचा लाभ प्रदान करने के साथ ही आर्थिक गतिविधि तथा निवेश, स्थायी एवं समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा व पूरे क्षेत्र में श्रमिकों और उपभोक्ताओं को लाभान्वित करेगा।
- 14 IPEF भागीदार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 40 प्रतिशत और वैश्विक वस्तुओं एवं सेवाओं के व्यापार का 28 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- मई 2022 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, दारुस्सलाम, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, मलेशिया, न्यूज़ीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम के साथ इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF) लॉन्च किया। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**67. आर्थिक समृद्धि के लिये अमेरिकी साझेदारी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमेरिका की साझेदारी क्षेत्रीय प्रतिस्पर्द्धात्मकता, लचीलापन, साझा समृद्धि और समावेशी तथा टिकाऊ निवेश को बढ़ावा देने के लिये क्षेत्रीय सहयोग की एक रूपरेखा है।
2. भारत इस ढाँचे का संस्थापक सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**67. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आर्थिक समृद्धि के लिये अमेरिकी साझेदारी:**

- जून 2022 में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ने लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में अमेरिका के शिखर सम्मेलन में आर्थिक समृद्धि के लिये अमेरिका की साझेदारी की घोषणा की।
- अमेरिका की साझेदारी क्षेत्रीय प्रतिस्पर्द्धात्मकता, लचीलापन, साझा समृद्धि और समावेशी तथा टिकाऊ निवेश को बढ़ावा देने के लिये क्षेत्रीय

सहयोग की एक रूपरेखा है। अत: कथन 1 सही है।

- संयुक्त राज्य अमेरिका, बारबाडोस, कनाडा, चिली, कोलंबिया, कोस्टा रिका, डोमिनिकन गणराज्य, इक्वाडोर, मैक्सिको, पनामा, पेरू और उरुग्वे सहित साझेदार देशों के साथ मिलकर हमारे साझा क्षेत्र के सतत् विकास के लिये प्रतिबद्ध है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**68. मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह घर, आश्रय एवं समर्थित आवास तथा चिकित्सालय तक पहुँच प्रदान करता है।
2. आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसी व्यक्ति को "गंभीर तनाव" में माना जाएगा और उसे जाँच अथवा अभियोजन से छूट दी जाएगी।
3. अधिनियम में एक केंद्रीय मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण और एक राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण की स्थापना की परिकल्पना की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**68. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017:**

- यह मरीज़ों को उन सुविधाओं तक पहुँच का अधिकार प्रदान करता है जिनमें समुदाय और घर, आश्रय एवं समर्थित आवास तथा चिकित्सालय व पुनर्वास सेवाएँ भी शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
- कोई व्यक्ति जो आत्महत्या करने का प्रयास करता है, यह माना जाएगा कि वह "गंभीर तनाव से पीड़ित" है और किसी भी जाँच अथवा अभियोजन के अधीन नहीं होगा। अत: कथन 2 सही है।
- इस अधिनियम में केंद्रीय मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण और राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण की स्थापना की परिकल्पना की गई है। अत: कथन 3 सही है।

**69. मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (MTP) संशोधन अधिनियम, 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह व्यापक देखभाल तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिये चिकित्सीय, उपचारात्मक, मानवीय तथा सामाजिक आधार पर सुरक्षित एवं वैधानिक गर्भपात सेवाओं तक पहुँच का विस्तार करता है।
2. गर्भनिरोधक विधि अथवा डिवाइस की विफलता के मामले में एक विवाहित महिला द्वारा गर्भावस्था को 20 सप्ताह तक समाप्त किया जा सकता है।
3. अविवाहित महिलाओं को इस विधि के दायरे से बाहर रखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**69. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (MTP) संशोधन अधिनियम, 2021**

- नवीन मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (संशोधन) अधिनियम, 2021 व्यापक देखभाल तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिये

नोट :

चिकित्सीय, उपचारात्मक, मानवीय और सामाजिक आधार पर सुरक्षित तथा वैधानिक गर्भपात सेवाओं तक पहुँच का विस्तार करता है। अत: कथन 1 सही है।

- इस अधिनियम के तहत गर्भनिरोधक विधि अथवा उपकरण की विफलता के मामले में एक विवाहित महिला द्वारा 20 सप्ताह तक की गर्भावस्था को समाप्त किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह अविवाहित महिलाओं को भी गर्भनिरोधक विधि अथवा डिवाइस की विफलता की स्थिति में गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- यह नया कानून सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs) 3.1, 3.7 और 5.6 को पूरा करने में मदद कर रोकथाम योग्य मातृ मृत्यु दर को समाप्त करने में योगदान देगा।

**70. लोकसभा की आचार समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 15 सदस्यीय समिति अध्यक्ष द्वारा संदर्भित लोकसभा सदस्यों के अनैतिक आचरण की शिकायतों की समीक्षा करती है और उचित सिफारिशें करती है।
2. आचार समिति के सदस्यों की नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिये की जाती है।
3. अध्यक्ष किसी संसद सदस्य (सांसद) के खिलाफ केवल विशिष्ट शिकायतों को ही समिति के पास भेज सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**70. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लोकसभा की आचार समिति:**

- वर्ष 1996 में दिल्ली में आयोजित पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में पहली बार दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) के लिये आचार समिति गठित करने का विचार सामने आया।
- इस 15-सदस्यीय समिति का कार्य लोकसभा सदस्य के अनैतिक आचरण से संबंधित प्रत्येक शिकायत की जाँच करना है जो अध्यक्ष द्वारा उसे भेजी गई है एवं ऐसी सिफारिशें करना है जो समिति द्वारा उचित समझी जाए। अत: कथन 1 सही है।
- आचार समिति के सदस्यों की नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिये की जाती है। अत: कथन 2 सही है।
- अध्यक्ष किसी संसद सदस्य (सांसद) के खिलाफ कोई भी शिकायत समिति को भेज सकता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**71. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूनेस्को आपसी समझ बढ़ाने और एक-दूसरे के जीवन के बारे में मज़बूत अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिये ज्ञान के आदान-प्रदान और खुले विचारों के प्रसार को बढ़ावा देता है।
2. 1972 का संयुक्त राष्ट्र चार्टर जो प्रकृति एवं सांस्कृतिक संपत्तियों के संरक्षण की अवधारणाओं को एक साथ जोड़ता है, यूनेस्को द्वारा विकसित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**71. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (UNESCO):**

- यूनेस्को आपसी समझ और एक-दूसरे के जीवन के बारे में अधिक सटीक जानकारी प्रदान करने के लिये ज्ञान साझा करने तथा विचारों के मुक्त प्रवाह को बढ़ावा देता है। अत: कथन 1 सही है।
- यूनेस्को ने प्रत्येक देश के दार्शनिकों, कलाकारों तथा बुद्धिजीवियों को संगठित कर शुरुआत से ही नस्लवादी सिद्धांतों को खारिज़ कर दिया तथा नवीन परियोजनाएँ विकसित कीं जिन्होंने दुनिया को बदल दिया:
  - यूनिवर्सल कॉपीराइट कन्वेंशन (1952)
  - मनुष्य और जीवमंडल कार्यक्रम (1971)
  - विश्व विरासत सम्मेलन (1972)
  - अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिये अभिसमय (2003)
- वर्ष 1972 के विश्व धरोहर सम्मेलन की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि यह प्रकृति एवं सांस्कृतिक संपत्तियों के संरक्षण की अवधारणाओं को एक ही दस्तावेज़ में एक साथ जोड़ता है। यह अभिसमय लोगों और प्रकृति के बीच अंतर्संबंध तथा संतुलन को बनाए रखने की मूलभूत आवश्यकता को स्वीकार करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**72. वायु गुणवत्ता सूचकांक रिपोर्ट 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका प्रकाशन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है।
2. वर्ष 2023 में वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (AQLI) से पता चला कि वायु प्रदूषण दिल्ली निवासियों की जीवन प्रत्याशा को लगभग 11.9 वर्ष कम कर देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**72. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वायु गुणवत्ता सूचकांक रिपोर्ट 2023:**

- शिकागो विश्वविद्यालय (EPIC) में ऊर्जा नीति संस्थान द्वारा निर्मित AQLI, EPIC के निदेशक माइकल ग्रीनस्टोन के अग्रणी शोध पर आधारित है, जिसने वायु प्रदूषण के मानव जोखिम एवं कम जीवन प्रत्याशा के बीच आकस्मिक संबंध को निर्धारित किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- AQLI शिकागो विश्वविद्यालय के माइकल ग्रीनस्टोन सहित विद्वानों की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा सहकर्मी-समीक्षित शोध पर आधारित है, जिसने पहली बार वायु प्रदूषण के दीर्घकालिक मानव जोखिम एवं जीवन प्रत्याशा के बीच आकस्मिक संबंध को निर्धारित किया है।
- एक हालिया अध्ययन ने दिल्ली को विश्व के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जहाँ के निवासी प्रदूषण के कारण अपने जीवन काल का एक प्रमुख हिस्सा खो सकते हैं। वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (Air Quality Life Index- AQLI) नामक अध्ययन, शिकागो विश्वविद्यालय में ऊर्जा नीति संस्थान द्वारा अगस्त, 2023 में प्रकाशित किया गया था। अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण से दिल्ली के निवासियों का जीवन लगभग 11.9 वर्ष कम हो जाता है। इसने यह भी संकेत दिया कि 1.3 बिलियन लोगों की पूरी भारतीय आबादी उन क्षेत्रों में रहती है जहाँ वार्षिक औसत कण प्रदूषण स्तर WHO की 5 μg/m3 की सीमा से अधिक है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

**73. डीपफेक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डीपफेक को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) की डीप लर्निंग का उपयोग करते हुए 21वीं सदी में छवियों में हेर-फेर करने, वास्तविक प्रतीत होने वाली किंतु नकली छवि उत्पन्न करने के समकक्ष के रूप में समझा सकता है।
2. डीपफेक को जनरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क अथवा GAN का उपयोग कर नहीं बनाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**73. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डीपफेक:**

- डीपफेक को 21वीं सदी में फोटोशॉपिंग के समकक्ष के रूप में समझा जा सकता है। डीपफेक नकली घटनाओं की छवियाँ बनाने के लिये डीप लर्निंग नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एक रूप का उपयोग करता है, इसलिये इसे डीपफेक नाम दिया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- जेनरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क (GAN) का उपयोग करते हुए, जेनरेटर एल्गोरिदम द्वारा यादृच्छिक शोर से एक सिंथेटिक छवि बनाई जाती है, जिसे फिर विवेचक एल्गोरिदम द्वारा मूल्यांकन के लिये वास्तविक छवियों की एक धारा में एकीकृत किया जाता है। पुनरावृत्त चक्रों तथा फीडबैक के माध्यम से जनरेटर धीरे-धीरे पूरी तरह से काल्पनिक हस्तियों के अत्यंत यथार्थवादी चेहरे उत्पन्न करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**74. भारतीय खाद्य निगम (FCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FCI वर्ष 1965 में खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. FCI कोलकाता में मुख्यालय और पाँच क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ कार्यालयों के देशव्यापी नेटवर्क के माध्यम से अपने कार्यों का समन्वय करता है।
3. खाद्यान्नों के परिचालन हेतु बफर स्टॉक का संतोषजनक स्तर बनाए रखकर राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना FCI के उद्देश्यों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**74. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय खाद्य निगम (FCI):**

- FCI वर्ष 1965 में खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है। अत: कथन 1 सही है।
- इसकी स्थापना अनाज, विशेषकर गेहूँ की भारी कमी की पृष्ठभूमि में की गई थी।
- FCI अपने कार्यालयों के देशव्यापी नेटवर्क के माध्यम से अपने कार्यों का समन्वय करता है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है, इसके नियंत्रण में पाँच क्षेत्रीय कार्यालय, पच्चीस क्षेत्रीय कार्यालय और 170 ज़िला कार्यालय हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- FCI के उद्देश्य:

- किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराना।
- सभी व्यक्तियों के लिये हर समय खाद्यान्न की उपलब्धता, पहुँच और सामर्थ्य सुनिश्चित करने के लिये संकट प्रबंधन उन्मुख खाद्य सुरक्षा को एक स्थिर सुरक्षा प्रणाली में बदलने में सहायता करना ताकि कोई भी, कहीं भी और किसी भी समय भूखा न रहे।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिये पूरे देश में खाद्यान्न का वितरण।
- किसानों के हितों की रक्षा के लिये प्रभावी मूल्य समर्थन संचालन।
- खाद्यान्नों के परिचालन हेतु फर स्टॉक का संतोषजनक स्तर बनाए रखकर राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना। अत: कथन 3 सही है।

**75. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रतिवर्ष महासभा दो वर्ष के कार्यकाल के लिये पाँच अस्थायी सदस्यों (कुल दस में से) का चुनाव करती है।
2. जबकि सुरक्षा परिषद की ओपन बैठकें औपचारिक प्रकृति की होती हैं, क्लोज़्ड बैठकें अनौपचारिक प्रकृति की होती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**75. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC):**

- प्रतिवर्ष महासभा दो वर्ष के कार्यकाल के लिये पाँच अस्थायी सदस्यों (कुल दस में से) का चुनाव करती है। 17 दिसंबर, 1963 के महासभा संकल्प 1991 (XVIII) के अनुसार, 10 अस्थायी सीटें क्षेत्रीय आधार पर निम्नानुसार वितरित की जाती हैं: अफ्रीकी और एशियाई राज्यों के लिये पाँच; पूर्वी यूरोपीय राज्यों के लिये एक; लैटिन अमेरिकी तथा कैरेबियाई राज्यों के लिये दो; पश्चिमी यूरोपीय तथा अन्य राज्यों के लिये दो। अत: कथन 1 सही है।
- ओपन और क्लोज़्ड दोनों बैठकें सुरक्षा परिषद की औपचारिक बैठकें हैं। क्लोज़्ड बैठकें जनता के लिये खुली नहीं होती हैं और बयानों का कोई शब्दश: रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है, इसके बजाय सुरक्षा परिषद अपनी प्रक्रिया के अनंतिम नियमों के नियम 55 के अनुरूप एक विज्ञप्ति जारी करती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**76. 'चक्रवात वरदा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात था जो अरब सागर में उत्पन्न हुआ था।
2. यह अंडमान सागर के ऊपर अवसाद (कम दबाव) के रूप में विकसित हुआ तथा बाद में चक्रवाती तूफान के रूप में थोड़ा और तेज़ हो गया।
3. इसकी तीव्रता का कारण अरब सागर की गर्म समुद्री सतह के तापमान और लंबी समुद्री यात्रा को माना जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**76. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

नोट :

- चक्रवात वरदा (Cyclone Vardah), जो कि एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात था, बंगाल की दक्षिण-पूर्व खाड़ी में उत्पन्न हुआ। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह अंडमान सागर के ऊपर एक अवसाद (कम दबाव) के रूप में विकसित हुआ तथा बाद में चक्रवाती तूफान के रूप में थोड़ा और तेज़ हो गया। अत: कथन 2 सही है।
- इसकी तीव्रता का कारण बंगाल की खाड़ी के गर्म समुद्री सतह के तापमान और लंबी समुद्री यात्रा को माना जा सकता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**77. राघवन समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा प्रदान की जाने वाली फेलोशिप में बढ़ोतरी के मुद्दे पर फिर से विचार किया और आर.के. राघवन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया।
2. समिति की सिफारिशों को बाद में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा अपनाया गया।
3. इस समिति ने रैगिंग में लिप्त/रोक लगाने में विफल रहने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं के खिलाफ संभावित कार्रवाई का सुझाव दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**77. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 2009 में सर्वोच्च न्यायालय ने रैगिंग मुद्दे पर पुन: विचार किया और इसे व्यापक रूप से संबोधित करने के लिये पूर्व CBI निदेशक आर.के. राघवन के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- समिति की सिफारिशों को बाद में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा अपनाया गया/अंगीकृत किया गया। अत: कथन 2 सही है।
- इस समिति ने रैगिंग में लिप्त/रोक लगाने में विफल रहने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं के खिलाफ संभावित कार्रवाई का सुझाव दिया है। अत: कथन 3 सही है।

**78. 'विशेषाधिकार समिति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस समिति में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नामित 15 सदस्य होते हैं।
2. समिति सदन के विशेषाधिकार के उल्लंघन से जुड़े प्रत्येक प्रश्न की जाँच करती है।
3. राज्यसभा के मामले में इस समिति में 10 सदस्य होते हैं जिन्हें राज्यसभा के सभापति द्वारा नामित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**78. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विशेषाधिकार समिति में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नामित 15 सदस्य होते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- यह प्रत्येक मामले में तथ्यों के संदर्भ में यह निर्धारित करती है कि विशेषाधिकार का उल्लंघन हुआ है या नहीं और अपनी रिपोर्ट में उपयुक्त

सिफारिशें करती है।

- समिति सदन के विशेषाधिकार के उल्लंघन से जुड़े प्रत्येक प्रश्न की जाँच करती है। अत: कथन 2 सही है।
- राज्यसभा में उपसभापति विशेषाधिकार समिति का प्रमुख होता है।
- राज्यसभा के मामले में इस समिति में 10 सदस्य होते हैं जिन्हें राज्यसभा के सभापति द्वारा नामित किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

**79. 'लोकसभा की आचार समिति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आचार समिति के सदस्यों की नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिये की जाती है।
2. इस 15 सदस्यीय समिति का कार्य लोकसभा सदस्य के अनैतिक आचरण से संबंधित प्रत्येक शिकायत की जाँच करना है जो अध्यक्ष द्वारा उसे सौंपी गई है।
3. 13वीं लोकसभा के दौरान विशेषाधिकार समिति ने एक आचार समिति के गठन की सिफारिश की।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**79. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- आचार समिति के सदस्यों की नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिये की जाती है। अत: कथन 1 सही है।
- तत्कालीन उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति के.आर.नारायणन द्वारा उच्च सदन की आचार समिति का गठन किया गया था।
- इस 15 सदस्यीय समिति का कार्य लोकसभा सदस्य के अनैतिक आचरण से संबंधित प्रत्येक शिकायत की जाँच करना है जो अध्यक्ष द्वारा उसे सौंपी गई है। अत: कथन 2 सही है।
- 13वीं लोकसभा के दौरान विशेषाधिकार समिति ने एक आचार समिति के गठन की सिफारिश की। अत: कथन 3 सही है।

**80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) ने सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि टाइप 1 मधुमेह (T1D) वाले बच्चों को उचित देखभाल और आवश्यक सुविधाएँ प्रदान की जाएँ।

कथन-II: T1D एक दीर्घकालिक स्थिति है जिसमें अग्न्याशय इंसुलिन, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिये आवश्यक हार्मोन, उत्पन्न नहीं कर पाता है। इस प्रकार का मधुमेह आमतौर पर बच्चों और युवा वयस्कों में होता है, हालाँकि यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**80. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (National Commission for Protection of Child Rights- NCPCR) ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सूचित करते हुए कहा है कि वे अपने क्षेत्र में टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित (T1D) बच्चों को आवश्यक उपचार और सुविधाएँ प्रदान करें। अत: कथन 1 सही है।

- टाइप 1 मधुमेह एक दीर्घकालिक स्थिति है जिसमें अग्न्याशय बहुत कम अथवा कोई इंसुलिन, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिये आवश्यक हार्मोन, उत्पन्न नहीं कर पाता है। इस प्रकार का मधुमेह आमतौर पर बच्चों और युवा वयस्कों में होता है, हालाँकि यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**81. निम्नलिखित संसदीय स्थायी समितियों पर विचार कीजिये:**

1. वित्तीय समितियाँ
2. जाँच हेतु समितियाँ
3. जाँच और नियंत्रण के लिये समितियाँ
4. रेलवे कन्वेंशन समिति

**उपर्युक्त में से कितनी संसदीय स्थायी समितियाँ नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**81. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- स्थायी समितियों को निम्नलिखित छह श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है:
  - वित्तीय समितियाँ
  - विभागीय स्थायी समितियाँ
  - जाँच हेतु समितियाँ
  - जाँच और नियंत्रण के लिये समितियाँ
  - सदन के दिन-प्रतिदिन के कार्य से संबंधित समितियाँ
  - हाउस कीपिंग या सर्विस कमेटी
- रेलवे कन्वेंशन कमेटी एक तदर्थ समिति है।

**82. हमारे संविधान में चुनाव की फर्स्ट पास्ट द पोस्ट प्रणाली किस राष्ट्र से ली गई है?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका
B. ब्रिटेन
C. रूस
D. फ्राँस

**82. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान में चुनाव की फर्स्ट पास्ट द पोस्ट प्रणाली ब्रिटेन के संविधान से ली गई है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**83. 'परिसीमन आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुसार, आयोग का निर्णय अंतिम होता है और उसे न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
2. जब परिसीमन आयोग के आदेश लोकसभा या राज्य विधानसभा में प्रस्तुत किये जाते हैं, तो उनके पास आदेशों में संशोधन करने का

अधिकार होता है।

3. यह भौगोलिक क्षेत्रों का उचित विभाजन प्रदान करता है ताकि चुनाव में एक राजनीतिक दल को दूसरों पर बढ़त न मिले।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**83. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान के अनुसार, आयोग का निर्णय अंतिम होता है और उसे न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती क्योंकि ऐसा करने से चुनाव में हमेशा ही देरी होती रहेगी। अत: कथन 1 सही है।
- परिसीमन आयोग के आदेश लोकसभा या राज्य विधानसभा के समक्ष रखे जाते हैं, तो वे आदेशों में कोई संशोधन नहीं कर सकते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह भौगोलिक क्षेत्रों का उचित विभाजन प्रदान करता है ताकि चुनाव में एक राजनीतिक दल को दूसरों पर बढ़त न मिले। अत: कथन 3 सही है।

**84. संयुक्त सैन्य अभ्यास एकुवेरिन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत और श्रीलंका में बारी-बारी से आयोजित होने वाला एक द्विपक्षीय वार्षिक अभ्यास है।
2. इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के अनुसार काउंटर इंसर्जेंसी/आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन में इंटरऑपरेबिलिटी को बढ़ाना है।
3. यह संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों को अंजाम देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**84. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त सैन्य अभ्यास एकुवेरिन भारत और मालदीव में वैकल्पिक रूप से आयोजित होने वाला एक द्विपक्षीय वार्षिक अभ्यास है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के अनुसार काउंटर इंसर्जेंसी/आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन में इंटरऑपरेबिलिटी को बढ़ाना है। अत: कथन 2 सही है।
- यह संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों को अंजाम देता है। अत: कथन 3 सही है।

**85. 'औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पिछले वर्ष की तुलना में एक निर्दिष्ट वर्ष के दौरान उद्योगों के क्षेत्र में भौतिक उत्पादन के सापेक्ष परिवर्तन को दर्शाता है।
2. इसकी गणना और प्रकाशन केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा मासिक आधार पर किया जाता है।
3. भारत में IIP श्रृंखला के लिये वर्तमान आधार वर्ष 2011-12 है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**85. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)' पिछले वर्ष की तुलना में एक निर्दिष्ट वर्ष के दौरान उद्योगों के क्षेत्र में भौतिक उत्पादन के सापेक्ष परिवर्तन को दर्शाता है। अत: कथन 1 सही है।
- इसकी गणना और प्रकाशन केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा मासिक आधार पर किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत में IIP शृंखला के लिये वर्तमान आधार वर्ष 2011-12 है। अत: कथन 3 सही है।

**86. 'नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड ( NATGRID )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह गृह मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है जिसे आसूचना एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सहायता के लिये एक IT मंच के रूप में गठित किया गया है।
2. इसमें वास्तविक समय के डेटा तथा आव्रजन, बैंकिंग एवं कराधान विवरण जैसी वर्गीकृत जानकारी तक पहुँच के साथ संदिग्धों को ट्रैक करने व आतंकवादी हमलों को रोकने के लिये एक मज़बूत तंत्र है।
3. यह आसूचना ब्यूरो (IB) तथा रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW) जैसी 11 केंद्रीय एजेंसियों के लिये एक सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर डेटा प्राप्त करने का माध्यम होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**86. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 'नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (NATGRID)' गृह मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है जिसे आतंकवाद के विरोध के अंतिम उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय एवं आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में आसूचना तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सहायता के लिये एक IT मंच के रूप में गठित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- इसकी परिकल्पना वास्तविक समय डेटा तथा आव्रजन, बैंकिंग, व्यक्तिगत करदाताओं एवं हवाई व ट्रेन यात्रा जैसी वर्गीकृत जानकारी तक पहुँच के साथ संदिग्धों को ट्रैक करने तथा आतंकवादी हमलों को रोकने के लिये एक मज़बूत तंत्र के रूप में की गई है। अत: कथन 2 सही है।
- यह आसूचना ब्यूरो (IB) तथा रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW) जैसी 11 केंद्रीय एजेंसियों के लिये एक सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर डेटा प्राप्त करने का माध्यम होगा। अत: कथन 3 सही है।

**87. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: संघवाद सरकार की एक व्यवस्था है जिसमें सत्ता को सरकार के दो अथवा दो से अधिक स्तरों, जैसे केंद्र और राज्यों अथवा प्रांतों के बीच विभाजित किया जाता है।

कथन-II: भारतीय संविधान कुछ एकात्मक विशेषताओं के साथ एक संघीय प्रणाली स्थापित करता है। इसे कभी-कभी अर्द्ध-संघीय प्रणाली भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें फेडरेशन और यूनियन दोनों के तत्त्व शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**87. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संघवाद (Federalism) सरकार की एक व्यवस्था है जिसमें सत्ता को सरकार के दो अथवा दो से अधिक स्तरों, जैसे केंद्र और राज्यों अथवा प्रांतों के बीच विभाजित किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- भारतीय संविधान कुछ एकात्मक विशेषताओं (Unitary Features) के साथ एक संघीय प्रणाली (Federal System) स्थापित करता है। इसे कभी-कभी अर्द्ध-संघात्मक व्यवस्था (Quasi-Federal System) भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें 'फेडरेशन' और 'यूनियन' दोनों के तत्त्व शामिल होते हैं। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**88. हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचे ( IPEF ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अमेरिकी नेतृत्व वाली एक पहल है जिसका उद्देश्य भागीदार देशों के मध्य आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करना है तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लचीलापन, स्थिरता, समावेश, आर्थिक विकास, निष्पक्षता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ावा देना है।
2. यह एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है और सदस्यों को व्यापार से संबंधित मुद्दों पर वार्त्ता करने की अनुमति देता है।
3. निष्पक्ष और लचीला व्यापार हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचे (IPEF) के चार मुख्य स्तंभों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**88. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा (IPEF) अमेरिकी नेतृत्व वाली एक पहल है जिसका उद्देश्य भागीदार देशों के मध्य आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करना है तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लचीलापन, स्थिरता, समावेश, आर्थिक विकास, निष्पक्षता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ावा देना है। अत: कथन 1 सही है।
- IPEF एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) नहीं है, लेकिन सदस्यों को व्यापार से संबंधित मुद्दों पर वार्त्ता करने की अनुमति देता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- निष्पक्ष और लचीला व्यापार हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचे (IPEF) के चार मुख्य स्तंभों में से एक है। अत: कथन 3 सही है।

**89. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये:**

1. अंडमान
2. गुजरात
3. तमिलनाडु
4. पश्चिम बंगाल

**उपर्युक्त राज्यों में से कितनों में मैंग्रोव हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**89. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत में मैंग्रोव निम्नलिखित राज्यों में पाए जाते हैं जैसे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, अंडमान, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात।

**अत: विकल्प D सही है।**

**90. 'हेडलाइन मुद्रास्फीति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हेडलाइन मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के माध्यम से रिपोर्ट किया गया कच्चा मुद्रास्फीति आँकड़ा है जो श्रम सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा मासिक रूप से जारी किया जाता है।
2. इसे अत्यधिक अस्थिर आँकड़ों को हटाने के लिये समायोजित नहीं किया गया है, जिनमें वे आँकड़े भी शामिल हैं जो आर्थिक स्थितियों की परवाह किये बिना बदल सकते हैं।
3. यह वस्तुओं और सेवाओं की लागत में परिवर्तन है लेकिन इसमें खाद्य एवं ऊर्जा क्षेत्रों की लागत शामिल नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**90. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हेडलाइन मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के माध्यम से रिपोर्ट किया गया कच्चा मुद्रास्फीति आँकड़ा है जो श्रम सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा मासिक रूप से जारी किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- इसे अत्यधिक अस्थिर आँकड़ों को हटाने के लिये समायोजित नहीं किया गया है, जिनमें वे आँकड़े भी शामिल हैं जो आर्थिक स्थितियों की परवाह किये बिना बदल सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- यह अक्सर जीवन यापन की लागत में बदलाव से निकटता से संबंधित होता है, जो बाज़ार के भीतर उपभोक्ताओं को उपयोगी जानकारी प्रदान करता है।
- कोर मुद्रास्फीति वस्तुओं और सेवाओं की लागत में परिवर्तन है लेकिन इसमें खाद्य तथा ऊर्जा लागत शामिल नहीं है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**91. राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (NAAQS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NAAQS वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत अधिसूचित विभिन्न पहचाने गए प्रदूषकों के संदर्भ में परिवेशी वायु गुणवत्ता के मानक हैं।
2. NAAQS के अंतर्गत प्रदूषक तत्त्व $PM_{10}$, $PM_{2.5}$, $SO_2$, $NO_2$, CO, $NH_3$, ओज़ोन, लेड, बेंज़ीन, बेंज़ो-पाइरीन, आर्सेनिक और निकेल हैं।
3. वायु गुणवत्ता सूचकांक में बेंज़ीन और बेंज़ोपाइरीन को छोड़कर सभी NAAQS प्रदूषक शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**91. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक (National Ambient Air Quality Standards- NAAQS) वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा अधिसूचित विभिन्न पहचाने गए प्रदूषकों के संदर्भ में परिवेशी वायु गुणवत्ता के मानक हैं। अत: कथन 1 सही है।
- NAAQS के तहत प्रदूषकों की सूची: $PM_{10}$, $PM_{2.5}$, $SO_2$, $NO_2$, CO, $NH_3$, ओज़ोन, सीसा, बेंज़ीन, बेंज़ो-पाइरीन, आर्सेनिक और निकल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) में बेंज़ीन, बेंज़ोपाइरीन, आर्सेनिक और निकल को छोड़कर सभी NAAQS प्रदूषक शामिल हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**92. 'संयुक्त राष्ट्र महासभा ( UNGA )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महासभा संयुक्त राष्ट्र का मुख्य विचार-विमर्श, नीति निर्धारण और प्रतिनिधि अंग है।
2. शांति और सुरक्षा, नए सदस्यों के प्रवेश तथा बजटीय मामलों जैसे महत्त्वपूर्ण प्रश्नों के लिये महासभा के दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है।
3. महासभा के अध्यक्ष को प्रत्येक वर्ष विधानसभा द्वारा एक वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**92. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- महासभा संयुक्त राष्ट्र का महत्त्वपूर्ण अंग है। यह विचार-विमर्श, नीति-निर्धारण जैसे कार्यों के लिये उत्तरदायी है। अत: कथन 1 सही है।
- महासभा में संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य राष्ट्रों का प्रतिनिधित्व है, जो इसे सार्वभौमिक प्रतिनिधित्व वाला एकमात्र संयुक्त राष्ट्र निकाय बनाता है।
- महासभा में महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर निर्णय लेने जैसे कि शांति एवं सुरक्षा, नए सदस्यों के प्रवेश तथा बजटीय मामलों के लिये दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। अत: कथन 2 सही है।
- प्रतिवर्ष सितंबर में संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों की वार्षिक महासभा का आयोजन न्यूयॉर्क के जनरल असेंबली में किया जाता है।
- महासभा के अध्यक्ष को प्रत्येक वर्ष महासभा द्वारा एक वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है। अत: कथन 3 सही है।

**93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) एक कंप्यूटर अथवा रोबोट द्वारा नियंत्रित कंप्यूटर की उन कार्यों को करने की क्षमता है जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किये जाते हैं क्योंकि इन कार्यों को करने के लिये मानव बुद्धिमत्ता एवं विवेक की आवश्यकता होती है।

कथन-II: डीप लर्निंग (DL) तकनीक बड़ी मात्रा में असंरचित डेटा जैसे- टेक्स्ट, छवि अथवा वीडियो के माध्यम से AI को ऑटोमेटिक लर्निंग के लिये सक्षम बनाती है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**93. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) एक कंप्यूटर अथवा रोबोट द्वारा नियंत्रित कंप्यूटर के उन कार्यों को करने की क्षमता है जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किये जाते हैं क्योंकि इन कार्यों को करने के लिये मानव बुद्धिमत्ता एवं विवेक की आवश्यकता होती है। अत: कथन 1 सही है।
- डीप लर्निंग (DL) तकनीक बड़ी मात्रा में असंरचित डेटा जैसे- टेक्स्ट, छवि अथवा वीडियो के माध्यम से AI को ऑटोमेटिक लर्निंग के लिये सक्षम बनाती है। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**94. निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने वायसराय की भूमिका को समाप्त कर दिया तथा प्रत्येक डोमिनियन के लिये एक गवर्नर-जनरल की नियुक्ति की, जिसे डोमिनियन कैबिनेट की सलाह पर महामहिम द्वारा नियुक्त किया जाता था।**

A. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

B. भारत सरकार अधिनियम, 1935

C. भारत सरकार अधिनियम, 1919

D. चार्टर अधिनियम, 1853

**94. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम:
  - इसने भारत को एक संप्रभु तथा स्वतंत्र राज्य घोषित किया।
  - इसने भारत के विभाजन तथा दो नए डोमिनियन, भारत और पाकिस्तान की स्थापना का आह्वान किया।
  - इसने भारत के राज्य सचिव के पद को समाप्त कर दिया।
  - इसने वायसराय की भूमिका को समाप्त कर दिया तथा प्रत्येक डोमिनियन के लिये एक गवर्नर-जनरल की नियुक्ति की, जिसकी नियुक्ति डोमिनियन कैबिनेट की सलाह पर महामहिम (ब्रिटिश राजा) द्वारा की जाती थी।
  - नए संविधान बनने एवं उसके लागू होने तक संविधान सभाओं को अपने-अपने राज्यों के लिये कानून बनाने का अधिकार दिया गया था।

**अत: विकल्प A सही है।**

**95.'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PMUY एक प्रमुख योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित परिवारों को CNG जैसा स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन उपलब्ध कराना है।
2. लाभार्थी सीधे अपने बैंक खातों में सब्सिडी राशि प्राप्त करने के लिये पहल योजना से भी जुड़ सकते हैं।
3. यह योजना BPL परिवारों को प्रत्येक LPG कनेक्शन के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**95. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- खाना पकाने के लिये लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले आदि ईंधनों का उपयोग करने वाले ग्रामीण और वंचित परिवारों को LPG जैसे स्वच्छ इंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (Ministry of Petroleum and Natural Gas- MOPNG) ने एक प्रमुख योजना के रूप में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' (PMUY) की शुरुआत की। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- लाभार्थी सीधे अपने बैंक खातों में सब्सिडी राशि प्राप्त करने के लिये पहल योजना से भी जुड़ सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- यह योजना BPL परिवारों को प्रत्येक LPG कनेक्शन के लिये 1600 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। अत: कथन 3 सही है।

**96. निम्नलिखित गैसों पर विचार कीजिये:**

1. नाइट्रोजन के ऑक्साइड
2. वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOC)
3. ओज़ोन
4. एल्डिहाइड

**उपर्युक्त में से कितनी गैसें फोटोकैमिकल स्मॉग के निर्माण में योगदान करती हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**96.उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- फोटोकैमिकल स्मॉग में योगदान देने वाले प्राथमिक प्रदूषकों के सामान्य उदाहरणों में नाइट्रोजन के ऑक्साइड जैसे नाइट्रिक ऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड तथा अधिकांश वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOC) शामिल हैं। द्वितीयक प्रदूषकों के सामान्य उदाहरण जो फोटोकैमिकल स्मॉग के निर्माण में योगदान करते हैं उनमें एल्डिहाइड, ट्रोपोस्फेरिक ओज़ोन और पेरोक्सीएसिल नाइट्रेट (अक्सर संक्षिप्त रूप में PAN) शामिल हैं।

**अत: विकल्प D सही है।**

**97. 'जवाहरलाल नेहरू' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1920 में जब सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हुआ तो उन्होंने महात्मा गांधी के साथ चर्चा की और राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए।
2. वर्ष 1929-31 में उन्होंने मौलिक अधिकार और आर्थिक नीति नामक एक प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया, जिसमें कॉन्ग्रेस के मुख्य लक्ष्यों एवं देश के भविष्य को रेखांकित किया गया।
3. वर्ष 1936 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के लखनऊ अधिवेशन की अध्यक्षता की।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**97. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1920 में जब असहयोग आंदोलन शुरू हुआ तो उन्होंने महात्मा गांधी के साथ वार्ता की तथा राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वर्ष 1921 में उन्हें सरकार विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के संदेह में हिरासत में लिया गया था।
- वर्ष 1929-31 में उन्होंने मौलिक अधिकार और आर्थिक नीति नामक एक प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया जिसमें कॉन्ग्रेस के मुख्य लक्ष्यों एवं देश के भविष्य की रूपरेखा दी गई। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 1931 में कराची अधिवेशन के दौरान कॉन्ग्रेस पार्टी द्वारा इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सरदार वल्लभभाई पटेल ने की थी।
- वर्ष 1936 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के लखनऊ अधिवेशन की अध्यक्षता की। अत: कथन 3 सही है।

**98. संविधान सभा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की संविधान सभा की स्थापना भारत सरकार अधिनियम, 1935 के प्रावधानों के अनुसार की गई थी।
2. विधानसभा मौजूदा प्रांतीय विधानसभाओं तथा रियासतों के आनुपातिक प्रतिनिधित्व से मिलकर बनती थी।
3. विधानसभा को तीन खंडों में विभाजित किया जाना था: पंजाब और उत्तर-पश्चिम, बंगाल-असम तथा शेष भारत।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**98. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत की संविधान सभा की स्थापना कैबिनेट मिशन (1946) की योजना के प्रावधानों के अनुसार की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय संघ, प्रत्येक अनुभाग और उनके भीतर प्रत्येक प्रांत के लिये संविधान का मसौदा तैयार किया जाना था।
- विधानसभा मौजूदा प्रांतीय विधानसभाओं एवं रियासतों के आनुपातिक प्रतिनिधित्व से मिलकर बनती थी। अत: कथन 2 सही है।
- मुस्लिम लीग, जिसने 80 मुस्लिम सीटों में से अधिकांश सीटों पर जीत दर्ज की तथा दो छोटे वर्गों पर उसका प्रभुत्व था, ने सभा भाग नहीं लेने का फैसला किया जिसके परिणामस्वरूप, विधानसभा ने कभी भी अलग वर्गों का गठन नहीं किया।विधानसभा को तीन खंडों में विभाजित किया जाना था: पंजाब और उत्तर-पश्चिम, बंगाल-असम तथा शेष भारत। अत: कथन 3 सही है।

**99. 'यहूदी-विरोधी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यहूदी-विरोध का तात्पर्य यहूदी व्यक्तियों के प्रति किसी भी प्रकार के पूर्वाग्रह से है।
2. नस्लीय यहूदी-विरोध, जो सामान्यत: नाज़ियों से जुड़ा है, इस धारणा से उत्पन्न हुआ है कि यहूदी अंतर्निहित आनुवंशिक गुणों के साथ एक विशिष्ट, निम्न जाति हैं।
3. धार्मिक यहूदी-विरोध की जड़ें ईसाई धर्म के शुरुआती दिनों से संलग्न हैं और इसके साथ यह धारणा भी जुड़ी है कि यहूदियों को अन्य धर्मों में परिवर्तित किया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन

**नोट :**

D. इनमें से कोई भी नहीं

**99. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यहूदी-विरोध का तात्पर्य यहूदी व्यक्तियों के प्रति किसी भी प्रकार के पूर्वाग्रह से है। अत: कथन 1 सही है।
- यद्यपि व्यावहारिक रूप से यहूदी-विरोधी भावना का प्रयोग भाषाई तौर पर सेमेटिक भाषा बोलने वालों (अरब और इथियोपियाई सहित) के खिलाफ पूर्वाग्रह का वर्णन करने के लिये किया जा सकता है, लेकिन सामान्यत: इसका उपयोग विशेष रूप से यहूदियों से संबंधित होता है।
- नस्लीय यहूदी-विरोध, जो सामान्यत: नाज़ियों से जुड़ा है, इस धारणा से उत्पन्न हुआ है कि यहूदी अंतर्निहित आनुवंशिक गुणों के साथ एक विशिष्ट, निम्न जाति हैं। अत: कथन 2 सही है।
- राजनीतिक यहूदी-विरोध यहूदियों को सत्ता से बाहर रखने का प्रयास है। इसे अक्सर यहूदी-विरोध के साथ जोड़ दिया जाता है, एक ऐसा आंदोलन जो यहूदियों को राष्ट्रीय मातृभूमि के अधिकार से वंचित करता है।
- धार्मिक यहूदी-विरोध की जड़ें ईसाई धर्म के शुरुआती दिनों से जुड़ी हैं और इसके साथ यह धारणा भी जुड़ी है कि यहूदियों को अन्य धर्मों में परिवर्तित किया जाना चाहिये। अत: कथन 3 सही है।

**100. अरुणाचल याक चुरपी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अरुणाचल याक चुरपी, अरुणाचली याक के दुग्ध से तैयार एक पारंपरिक पनीर है, जो उच्च ऊँचाई वाले क्षेत्रों के लिये अनुकूलित मवेशियों की एक नस्ल है।
2. अरुणाचल याक चुरपी को भौगोलिक संकेत (GI) पदनाम दिया गया है।
3. चुरपी क्षेत्र की मूर्त सांस्कृतिक विरासत का एक अभिन्न अंग है और अरुणाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने तथा आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**100. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अरुणाचल याक चुरपी, अरुणाचली याक के दुग्ध से बना एक पारंपरिक पनीर है, जो उच्च ऊँचाई वाले क्षेत्रों के लिये अनुकूलित मवेशियों की एक नस्ल है। अत: कथन 1 सही है।
- अरुणाचल याक चुरपी को इसकी पोषण सामग्री, विशेष रूप से इसकी प्रोटीन सामग्री के लिये अत्यधिक महत्त्व दिया जाता है।
- अरुणाचल याक चुरपी को भौगोलिक संकेत (GI) पदनाम दिया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- चुरपी अरुणाचल प्रदेश के व्यक्तियों के दैनिक जीवन और परंपराओं में गहन सांस्कृतिक महत्त्व रखता है।
- चुरपी क्षेत्र की मूर्त सांस्कृतिक विरासत का एक अभिन्न अंग है और अरुणाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने तथा आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अत: कथन 3 सही है।

**101. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: वर्ष 1922 में गांधी द्वारा असहयोग आंदोलन के निलंबन के बाद आज़ाद हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA) में शामिल हो गए।

कथन-II: HRA भारत का एक क्रांतिकारी संगठन था जिसकी स्थापना वर्ष 1924 में पूर्वी बंगाल में सचिंद्र नाथ सान्याल, नरेंद्र मोहन सेन और प्रतुल गांगुली द्वारा अनुशीलन समिति की एक शाखा के रूप में की गई थी।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**101. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1922 में गांधीजी द्वारा असहयोग आंदोलन के निलंबन के बाद आज़ाद हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA) में शामिल हो गए। अत: कथन 1 सही है।
- HRA भारत का एक क्रांतिकारी संगठन था जिसकी स्थापना वर्ष 1924 में पूर्वी बंगाल में सचिंद्र नाथ सान्याल, नरेंद्र मोहन सेन और प्रतुल गांगुली ने अनुशीलन समिति की एक शाखा के रूप में की थी। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**102. 'नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिज़ीज़ ( NAFLD )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फैटी लीवर के माध्यमिक कारणों जैसे- हानिकारक शराब का उपयोग, वायरल हैपेटाइटिस की अनुपस्थिति में यकृत में वसा का असामान्य संचय होता है।
2. NAFLD भविष्य में हृदय रोगों, टाइप-2 मधुमेह और अन्य उपापचयी सिंड्रोम जैसे- उच्च रक्तचाप, मोटापा, डिस्लिपिडीमिया, ग्लूकोज़ इनटॉलेरेंस आदि के जोखिम को गंभीर रूप से बढ़ा देता है।
3. 'नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिज़ीज़' (NAFLD) को कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPCDCS) के साथ एकीकृत नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**102. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिज़ीज़ (NAFLD) आशय फैटी लीवर के माध्यमिक कारणों जैसे- हानिकारक शराब का उपयोग, वायरल हैपेटाइटिस की अनुपस्थिति में यकृत में वसा का असामान्य संचय से है। अत: कथन 1 सही है।
- 'नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिज़ीज़' (NAFLD) भविष्य में हृदय रोगों, टाइप-2 मधुमेह और अन्य उपापचयी सिंड्रोम जैसे- उच्च रक्तचाप, मोटापा, डिस्लिपिडीमिया, ग्लूकोज़ इनटॉलेरेंस आदि के जोखिम को गंभीर रूप से बढ़ा देता है। अत: कथन 2 सही है।
- स्टेटोहैपेटाइटिस, यकृत में वसा संचय के साथ-साथ उसमें मौजूद सूजन को भी संदर्भित करता है।
- 'नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिज़ीज़' (NAFLD) को कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPCDCS) के साथ एकीकृत किया गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**103. निम्नलिखित में से कौन-सा घटक अल्कोहल में विषाक्तता का कारण नहीं बनता है ?**

A. इथेनॉल

B. मेथेनॉल

C. आइसोप्रोपेनॉल

D. इथाइलीन ग्लाइकॉल

**103. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इथेनॉल तथा जल अधिकांश अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों के मुख्य घटक हैं।
- "विषाक्त अल्कोहल" का तात्पर्य एथिलीन ग्लाइकॉल (EG), मेथेनॉल (MetOH) तथा आइसोप्रोपेनॉल (IPA) से है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**104. 'राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद से स्वतंत्र होकर अपनी क्षमादान की शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकता।
2. राष्ट्रपति का कार्यालय कैबिनेट की सलाह के लिये दया याचिका को गृह मंत्रालय को अग्रेषित करता है।
3. क्षमादान के तहत दंड एवं दोषसिद्धि दोनों को हटा दिया जाता है तथा दोषी को सभी सज़ाओं, दंडादेशों और निर्हर्ताओं से पूर्णत: मुक्त कर दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**104. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद से स्वतंत्र होकर अपनी क्षमादान की शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकता। अत: कथन 1 सही है।
- कई मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया है कि राष्ट्रपति को दया याचिकाओं पर निर्णय लेते समय मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करना होगा।
- राष्ट्रपति का कार्यालय कैबिनेट की सलाह के लिये दया याचिका को गृह मंत्रालय को अग्रेषित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- मंत्रालय इसे संबंधित राज्य सरकार को अग्रेषित करता है; उसके उत्तर के आधार पर यह मंत्रिपरिषद की ओर से अपनी सलाह तैयार करता है।
- क्षमादान के तहत दंड एवं दोषसिद्धि दोनों को हटा दिया जाता है तथा दोषी को सभी सज़ाओं, दंडादेशों और निर्हर्ताओं से पूर्णत: मुक्त कर दिया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

**105. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिये प्रक्रियाएँ निर्धारित करता है।
2. यह लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं तथा विधान परिषदों में सीटों के आवंटन का प्रावधान करता है।
3. यह सदनों की सदस्यता के लिये योग्यता और अयोग्यताएँ निर्दिष्ट करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**105. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1950 निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिये प्रक्रियाएँ निर्धारित करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1950 लोकसभा तथा राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों में सीटों के आवंटन का प्रावधान करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 सदनों की सदस्यता के लिये योग्यता और अयोग्यताएँ निर्दिष्ट करता है। अत: कथन 3 सही है।

**106. 'विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA), 1976' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कानून में केवल संघों को विदेशी दान को विनियमित करने की मांग की गई ताकि वे एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य के मूल्यों के अनुरूप कार्य कर सकें।
2. विशिष्ट सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षिक, धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रमों को करने वाले व्यक्ति या संगठन FCRA के पंजीकरण हेतु पात्र होते हैं।
3. अधिनियम चुनाव उम्मीदवारों, पत्रकारों जैसे व्यक्तियों तथा समाचार पत्रों और मीडिया प्रसारण कंपनियों जैसे संगठन पर स्पष्ट रूप से विदेशी धन प्राप्त करने के लिये प्रतिबंध नहीं लगाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**106. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA) ने व्यक्तियों और संघों को दिये जाने वाले विदेशी दान को विनियमित करने की मांग की ताकि वे "एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य के मूल्यों के अनुरूप" कार्य कर सकें। अत: कथन 1 सही है।
- विशिष्ट सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षिक, धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रमों को करने वाले व्यक्ति या संगठन FCRA के पंजीकरण हेतु पात्र होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- यह अधिनियम चुनावी उम्मीदवारों, पत्रकारों या अखबारों और मीडिया प्रसारण कंपनियों, न्यायाधीशों एवं सरकारी कर्मचारियों, विधायिका तथा राजनीतिक दलों के सदस्यों या उनके पदाधिकारियों, साथ ही राजनीतिक प्रकृति के संगठनों द्वारा विदेशी धन की प्राप्ति पर नियंत्रण लगाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**107. 'दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (ASEAN)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आसियान का आदर्श वाक्य "एक दृष्टि, एक पहचान, एक समुदाय" है।
2. आसियान समन्वय परिषद (ACC) आसियान समझौतों और निर्णयों के कार्यान्वयन की देखरेख करती है।
3. आसियान क्षेत्रीय मंच (ARF) आसियान सदस्य देशों और उनके सहयोगियों के बीच राजनीतिक एवं सुरक्षात्मक मुद्दों पर बातचीत व सहयोग के लिये एक मंच है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**107. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- आसियान का आदर्श वाक्य "एक दृष्टि, एक पहचान, एक समुदाय" है। अत: कथन 1 सही है।
- एवंपारस्परिक सम्मान आसियान का मूल सिद्धांत है।
- आसियान समन्वय परिषद (ACC) आसियान समझौतों और निर्णयों के कार्यान्वयन की देखरेख करती है। अत: कथन 2 सही है।
- बैंकॉक घोषणा, 1967 ने औपचारिक रूप से आसियान की स्थापना की।
- आसियान क्षेत्रीय मंच (ARF) आसियान सदस्य देशों और उनके सहयोगियों के बीच राजनीतिक सुरक्षा मुद्दों पर बातचीत तथा सहयोग के लिये एक मंच है। अत: कथन 3 सही है।

**108. चुनावी बॉण्ड योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चुनावी बॉण्ड व्यक्तियों तथा संस्थाओं द्वारा पंजीकृत राजनीतिक दलों को दान देने के साधन के रूप में कार्य करते हैं।
2. भारतीय स्टेट बैंक (SBI) 1,000 रुपए, 10,000 रुपए, 1 लाख रुपए, 10 लाख रुपए और 1 करोड़ रुपए के मूल्यवर्ग में बॉण्ड जारी करता है।
3. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल जिन्होनें लोकसभा अथवा राज्य विधान सभा के पिछले आम चुनाव में कम से कम 1% वोट प्राप्त किये हैं, चुनावी बॉण्ड प्राप्त करने के पात्र हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**108. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- चुनावी बॉण्ड व्यक्तियों तथा संस्थाओं द्वारा पंजीकृत राजनीतिक दलों को दान देने के साधन के रूप में कार्य करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- भारतीय नागरिकों अथवा भारत में स्थापित संस्थाओं द्वारा इसे खरीदा जा सकता है।
- भारतीय स्टेट बैंक (SBI) 1,000 रुपए, 10,000 रुपए, 1 लाख रुपए, 10 लाख रुपए और 1 करोड़ रुपए के मूल्यवर्ग में बॉण्ड जारी करता है। अत: कथन 2 सही है।
- चुनावी बॉण्ड डिजिटल अथवा चेक के माध्यम से खरीदे जा सकते हैं।
- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल जिन्होनें लोकसभा अथवा राज्य विधान सभा के पिछले आम चुनाव में कम से कम 1% वोट प्राप्त किये हैं, चुनावी बॉण्ड प्राप्त करने के पात्र हैं। अत: कथन 3 सही है।

**109. 'मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. को केवल संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के माध्यम के अनुरूप ही पद से हटाया जा सकता है।
2. संविधान ने सेवानिवृत्त चुनाव आयुक्तों को सरकार द्वारा किसी भी आगे की नियुक्ति से वंचित कर दिया है।
3. संविधान में चुनाव आयोग के सदस्यों का कार्यकाल निर्दिष्ट किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**109. उत्तर: A**

नोट :

**व्याख्या:**

- 'मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC)' को केवल संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के माध्यम के अनुरूप ही पद से हटाया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- संविधान ने सेवानिवृत्त चुनाव आयुक्तों को सरकार द्वारा आगे की किसी भी नियुक्ति से नहीं रोका है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- संविधान में निर्वाचन आयोग के सदस्यों का कार्यकाल निर्दिष्ट नहीं किया गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**110. विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक भारतीय कानून है जो विभिन्न धर्मों अथवा जातियों के लोगों के विवाह के लिये एक कानूनी ढाँचा प्रदान करता है।
2. अधिनियम की प्रयोज्यता पूरे भारत में मुस्लिम, जैन और बौद्ध धर्म के व्यक्तियों पर लागू नहीं होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**110. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विशेष विवाह अधिनियम (SMA), 1954 एक भारतीय कानून है जो विभिन्न धर्मों अथवा जातियों के लोगों के विवाह के लिये एक कानूनी ढाँचा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह नागरिक विवाह को नियंत्रित करता है जिसमे राज्य धर्म के बजाय विवाह को मंज़ूरी एवं वरीयता प्रदान करता है।
- अधिनियम विवाह के पंजीकरण का प्रावधान करता है, जो विवाह को कानूनी मान्यता देता है।
- इस अधिनियम की प्रयोज्यता पूरे भारत में हिंदुओं, मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों, सिखों, जैनियों और बौद्धों सहित सभी धर्मों के लोगों पर लागू है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**111. जेनेरिक दवाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जन औषधि केंद्र सस्ती कीमतों पर जेनेरिक दवाएँ बेचने के हकदार हैं।
2. मूल ब्रांड-नाम दवा की पेटेंट सुरक्षा समाप्त होने के बाद सामान्यत: इनका उत्पादन और विपणन किया जाता है।
3. जेनेरिक दवाओं में समान सक्रिय तत्त्व होते हैं, समान औषधीय प्रभाव होते हैं और उनके ब्रांड-नाम समकक्षों के समान चिकित्सीय लाभ प्रदान करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**111. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- जन औषधि केंद्र सस्ती कीमतों पर जेनेरिक दवाएँ बेचने के हकदार हैं। अत: कथन 1 सही है।
- जेनेरिक दवाओं का उत्पादन और विपणन सामान्यत: मूल ब्रांड-नाम दवा की पेटेंट सुरक्षा समाप्त होने के बाद किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- जेनेरिक दवाओं में समान सक्रिय तत्त्व होते हैं, समान औषधीय प्रभाव होते हैं और उनके ब्रांड-नाम समकक्षों के समान चिकित्सीय लाभ प्रदान

नोट :

करते हैं। अत: कथन 3 सही है।

**112. राज्यपाल की न्यायिक शक्तियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह मृत्युदंड को क्षमा,विराम, छूट, निलंबित, परिहार या कम कर सकता है।
2. वह राज्य कानून के खिलाफ अपराध के लिये दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति की सज़ा को क्षमा, विराम, छूट, निलंबित, परिहार या कम कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**112. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राज्यपाल मृत्युदंड को क्षमा नहीं कर सकता। भले ही राज्य के कानून में मृत्युदंड का प्रावधान हो, क्षमा करने की शक्ति राष्ट्रपति के पास है, राज्यपाल के पास नहीं। राज्यपाल मृत्युदंड को निलंबित कर सकता है, परिहार कर सकता है या कम कर सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वह राज्य कानून के खिलाफ किसी भी अपराध के लिये दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति की सज़ा को क्षमा कर सकता है, विराम दे सकता है, छूट दे सकता है, परिहार कर सकता है, निलंबित कर सकता है या कम कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।

**113. 'राज्य विधानमंडलों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य विधानसभाएँ, राज्य विधानसभाओं के चुनाव से संबंधित मामलों के संबंध में प्रावधान नहीं कर सकती हैं।
2. संविधान घोषित करता है कि परिसीमन आयोग द्वारा जारी आदेश अंतिम होते हैं और इन्हें किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
3. किसी संसदीय या विधानसभा क्षेत्र का रिटर्निंग ऑफिसर संबंधित संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के संचालन के लिये ज़िम्मेदार होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**113. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मतदाता सूची का निर्माण और उनकी संवैधानिकता सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक किसी भी अन्य मुद्दे को राज्य विधानसभाओं द्वारा विधानसभाओं के चुनावों से संबंधित प्रावधानों के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है। लेकिन, वे केवल उन्हीं मामलों के लिये प्रावधान कर सकते हैं जो संसद के अंतर्गत नहीं आते हैं। दूसरे शब्दों में वे केवल संसदीय कानून का पूरक हो सकते हैं और इसे खत्म नहीं कर सकते। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संविधान घोषित करता है कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में सीटों के आवंटन से संबंधित किसी भी कानून की वैधता पर किसी भी न्यायालय में सवाल नहीं उठाया जा सकता है। परिणामस्वरूप परिसीमन आयोग द्वारा जारी आदेश अंतिम होते हैं तथा इन्हें किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। अत: कथन 2 सही है।

- किसी संसदीय या विधानसभा क्षेत्र का रिटर्निंग ऑफिसर संबंधित संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के संचालन के लिये ज़िम्मेदार होता है। अत: कथन 3 सही है।

**114. 'राष्ट्रपति के विचार के लिये राज्य विधानमंडल के विधेयक को आरक्षित करने की राज्यपाल की विधायी शक्तियों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऐसे विधेयक को आरक्षित करना अनिवार्य है, जहाँ राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक राज्य उच्च न्यायालय की स्थिति को खतरे में डालता है।
2. यदि विधेयक से राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों का विरोध होता है तो राज्यपाल राज्य विधायिका के विधेयक को आरक्षित भी कर सकता है।
3. यदि राज्य विधानमंडल का विधेयक गंभीर राष्ट्रीय महत्त्व से संबंधित है तो राज्यपाल विधेयक को राज्य विधानमंडल के विचारार्थ आरक्षित कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. भी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**114. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राज्यपाल विधेयक को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित कर सकता है। ऐसे विधेयक को आरक्षित करना अनिवार्य है जहाँ राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक राज्य उच्च न्यायालय की स्थिति को खतरे में डालता है। अत: कथन 1 सही है।
- इसके अतिरिक्त भी राज्यपाल विधेयक को आरक्षित कर सकता है यदि यह निम्नलिखित प्रकृति का हो:
  - संविधान के उपबंधों के खिलाफ
  - नीति निदेशक तत्त्वों का विरोध। अत: कथन 2 सही है।
  - देश के व्यापक हित के खिलाफ।
  - गंभीर राष्ट्रीय महत्त्व का। अत: कथन 3 सही है।
  - संविधान के अनुच्छेद 31A के तहत संपत्ति के अनिवार्य अधिग्रहण से संबंधित हो।

**115. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: वर्ष 1991 की सियोल घोषणा ने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) के प्राथमिक उद्देश्य के रूप में प्रशांत क्षेत्र के आसपास एक उदारीकृत मुक्त व्यापार क्षेत्र की स्थापना को चिह्नित किया।

कथन-II: APEC में भारत की रुचि इसकी भौगोलिक स्थिति, अर्थव्यवस्था के संभावित आकार एवं एशिया-प्रशांत के साथ इसके व्यापार संबंधों पर आधारित है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**115. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

नोट :

- वर्ष 1991 की सियोल घोषणा में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) के प्राथमिक उद्देश्य के रूप में प्रशांत क्षेत्र के आसपास एक उदारीकृत मुक्त व्यापार क्षेत्र की स्थापना को चिह्नित किया गया। अत: कथन 1 सही है।
- APEC में भारत की रुचि इसकी भौगोलिक स्थिति, अर्थव्यवस्था के संभावित आकार और एशिया-प्रशांत के साथ इसके व्यापार संबंधों पर आधारित है। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**116. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्र एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) का सदस्य नहीं है?**

A. ब्राज़ील
B. पेरू
C. मैक्सिको
D. मलेशिया

**116. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC):




  - APEC वर्ष 1989 में स्थापित एक क्षेत्रीय आर्थिक मंच है जिसका उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण और समृद्धि को बढ़ावा देना है। इसमें 21 सदस्य देश शामिल हैं।
  - APEC के सदस्यों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, न्यूज़ीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, हॉन्गकॉन्ग (चीन के हिस्से के रूप में), फिलीपींस, इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम, सिंगापुर, थाईलैंड, चीनी ताइपे (ताइवान), चीन, जापान, दक्षिण कोरिया शामिल हैं। रूस, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको, पेरू और चिली रणनीतिक रूप से प्रशांत महासागर के आसपास स्थित हैं।

**अत: विकल्प A सही है।**

**117. 'भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस स्वदेशी स्टार-रेटिंग प्रणाली का उद्देश्य किसी भी प्रकार की टकराव की स्थिति में वाहनों की सुरक्षा प्रणाली का मूल्यांकन करना है।
2. यह कार्यक्रम उन यात्री वाहनों पर लागू है जिनमें चालक की सीट के अतिरिक्त आठ से अधिक सीटें नहीं होंगी।
3. इस परीक्षण प्रक्रिया में फ्रंटल ऑफसेट टेस्ट, साइड इम्पैक्ट टेस्ट और पोल-साइड इम्पैक्ट टेस्ट शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**117. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (Bharat NCAP) प्रस्तुत किया है।
- इस स्वदेशी स्टार-रेटिंग प्रणाली का उद्देश्य किसी भी प्रकार की टकराव की स्थिति में वाहनों की सुरक्षा प्रणाली का मूल्यांकन करना है। अत: कथन 1 सही है।
- यह कार्यक्रम उन यात्री वाहनों पर लागू होता है जिनमें चालक की सीट के अतिरिक्त आठ से अधिक सीटें नहीं होती और वाहन का कुल वज़न 3,500 किलोग्राम से अधिक नहीं होता है। अत: कथन 2 सही है।
- परीक्षण प्रक्रिया में फ्रंटल ऑफसेट टेस्ट, साइड इम्पैक्ट टेस्ट और पोल-साइड इम्पैक्ट टेस्ट शामिल हैं। अत: कथन 3 सही है।

**118. सड़क यातायात पीड़ितों के लिये विश्व स्मरण दिवस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सड़क यातायात पीड़ितों के लिये विश्व स्मरण दिवस प्रत्येक वर्ष नवंबर महीने के तीसरे रविवार को मनाया जाता है।
2. विश्व स्मरण दिवस 2023 सड़क यातायात पीड़ितों के लिये न्याय पर प्रकाश डालता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**118. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विश्व भर में प्रत्येक वर्ष नवंबर माह के तीसरे रविवार को 'सड़क यातायात पीड़ितों की स्मृति के लिये विश्व दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का प्राथमिक उद्देश्य विश्व भर में सड़कों पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना के कारण मारे जाने वाले लोगों अथवा गंभीर रूप से घायल होने वाले लाखों लोगों को याद करना और पीड़ितों, पीड़ित परिवारों और समुदायों आदि की पीड़ा को स्वीकार करना है। अत: कथन 1 सही है।
- विश्व स्मरण दिवस 2023 सड़क यातायात पीड़ितों के लिये न्याय पर प्रकाश डालता है। अत: कथन 2 सही है।

**119. लिथियम ( Li ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लिथियम (Li), जिसे रिचार्जेबल बैटरी की उच्च मांग के कारण कभी-कभी 'व्हाइट गोल्ड' के नाम से भी जाना जाता है, एक नरम और चाँदी जैसी-सफेद धातु है।
2. लिथियम में थर्मोन्यूक्लियर प्रतिक्रियाओं में प्रभावी भागीदारी के लिये आवश्यक विशेषताएँ नहीं हैं।

नोट :

3. केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्र में लिथियम संसाधनों की खोज की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**119. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- लिथियम (Li), जिसे रिचार्जेबल बैटरी की उच्च मांग के कारण कभी-कभी 'व्हाइट गोल्ड' के नाम से भी जाना जाता है, एक नरम और चाँदी जैसी-सफेद धातु है। अत: कथन 1 सही है।
- भंडार के प्रकार के आधार पर लिथियम को विभिन्न तरीकों से प्राप्त किया जा सकता है, आमतौर पर बड़े आकार के ब्राइन पूलों के सौर वाष्पीकरण द्वारा अथवा अयस्क के हार्ड-रॉक निष्कर्षण द्वारा।
- अपने अद्वितीय गुणों के कारण लिथियम कुछ थर्मोन्यूक्लियर प्रतिक्रियाओं में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्र में लिथियम संसाधनों की खोज की गई है। अत: कथन 3 सही है।

**120. भारत के निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये:**

1. कर्नाटक
2. गुजरात
3. मध्य प्रदेश
4. छत्तीसगढ़

**उपर्युक्त राज्यों में से किसके/किनके पास लिथियम भंडार है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**120. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में लिथियम भंडार:
  - प्रारंभिक सर्वेक्षण में दक्षिणी कर्नाटक के मांड्या ज़िले में सर्वेक्षण की गई भूमि के एक छोटे से हिस्से में 14,100 टन के अनुमानित लिथियम भंडार का पता चला है।
- अन्य संभावित क्षेत्र:
  - राजस्थान, बिहार, आंध्र प्रदेश में मीका बेल्ट।
  - ओडिशा और छत्तीसगढ़ में पेगमेटाइट बेल्ट।
  - गुजरात में कच्छ का रण।

**अत: विकल्प A सही है।**

**121. 'माशेलकर समिति, 1999' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस समिति को नियामक बुनियादी ढाँचे की देख-रेख और देश में नकली या घटिया दवाओं से संबंधित प्रसार एवं मुद्दों का आकलन

करने का कार्य सौंपा गया था।

2. समिति ने 50 उत्पादन इकाइयों के लिये एक औषधि निरीक्षक और प्रत्येक 200 खुदरा इकाइयों के लिये एक निरीक्षक की सिफारिश की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

**121. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'माशेलकर समिति, 1999' को नियामक बुनियादी ढाँचे की देख-रेख और देश में नकली या घटिया दवाओं से संबंधित प्रसार एवं मुद्दों का आकलन करने का कार्य सौंपा गया था। अत: कथन 1 सही है।
- समिति ने 50 उत्पादन इकाइयों के लिये एक औषधि निरीक्षक और प्रत्येक 200 खुदरा इकाइयों के लिये एक निरीक्षक की सिफारिश की। अत: कथन 2 सही है।

**122. 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ( NMC )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NMC भारत में चिकित्सा शिक्षा और प्रैक्टिस हेतु शीर्ष नियामक के रूप में कार्य करता है।
2. NMC ने पूर्ववर्ती भारतीय चिकित्सा परिषद (MCI) का स्थान लिया, जिसकी स्थापना वर्ष1934 में हुई थी।
3. NMC अध्यक्ष और अन्य सदस्यों को केंद्र सरकार द्वारा नामित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**122. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC)' भारत के चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास हेतु शीर्ष नियामक के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 1 सही है।
- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
- NMC ने पूर्ववर्ती भारतीय चिकित्सा परिषद (MCI) का स्थान लिया, जिसकी स्थापना वर्ष 1934 में हुई थी। अत: कथन 2 सही है।
- यह एक प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र प्रदान करता है।
- NMC अध्यक्ष और अन्य सदस्य, केंद्र सरकार द्वारा नामित किये जाते हैं। अत: कथन 3 सही है।

**123. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: चिप बनाने वाले उपकरणों के निर्यात पर अमेरिकी प्रतिबंध से न केवल चीन प्रभावित होगा बल्कि अन्य देश भी संभावित लाभ से वंचित हो जाएंगे।

कथन-II: इन प्रतिबंधों के लागू होने से वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में पूर्ण रूप से अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**123. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- चिप बनाने वाले उपकरणों के निर्यात पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने से न केवल चीन प्रभावित होगा बल्कि अन्य देश भी संभावित लाभ से वंचित हो जाएंगे। अत: कथन 1 सही है।
- इन प्रतिबंधों के लागू होने से वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में पूर्ण रूप से अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**124. 'वारली पेंटिंग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वारली पेंटिंग महाराष्ट्र की लोक चित्रकला है।
2. 'वारली' नाम महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के उत्तरी बाहरी इलाके में पाई जाने वाली सबसे बड़ी जनजाति से प्रेरित है।
3. वारली पेंटिंग में पौराणिक कहानियों को दर्शाया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**124. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वारली पेंटिंग महाराष्ट्र की लोक चित्रकला है। अत: कथन 1 सही है।
- 'वारली' नाम महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के उत्तरी बाहरी इलाके में पाई जाने वाली सबसे बड़ी जनजाति से प्रेरित है। अत: कथन 2 सही है।
- सबसे प्रसिद्ध चित्रकारी में से एक 'चौक' है जहाँ विवाहित महिलाएँ अपनी रसोई की दीवारों पर सफेद रंग से पेंटिंग करती हैं।
- वारली पेंटिंग में किसी भी पौराणिक कहानियों को चित्रित नहीं किया गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**125. 'भूमध्य सागर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी सीमा उत्तर में यूरोप महाद्वीप, पूर्व में एशिया और दक्षिण में अफ्रीका से लगती है।
2. जिब्राल्टर जलडमरूमध्य एक संकीर्ण मार्ग के रूप में कार्य करता है जिसके माध्यम से भूमध्य सागर पश्चिमी क्षेत्र में अटलांटिक महासागर से जुड़ा हुआ है।
3. भूमध्य सागर दक्षिण-पूर्व में स्वेज़ नहर के माध्यम से लाल सागर से भी जुड़ा हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**125. उत्तर: C**

**व्याख्या:**




- भूमध्य सागर की सीमा उत्तर में यूरोप महाद्वीप, पूर्व में एशिया और दक्षिण में अफ्रीका महाद्वीप से लगती है। अत: कथन 1 सही है।
- पूर्वोत्तर में यह डार्डानेल्स जलडमरूमध्य, मरमारा सागर और बोस्पोरस जलडमरूमध्य के माध्यम से काला सागर से जुड़ा हुआ है।
- जिब्राल्टर जलडमरूमध्य एक संकीर्ण मार्ग के रूप में कार्य करता है जिसके माध्यम से भूमध्य सागर पश्चिमी क्षेत्र में अटलांटिक महासागर से जुड़ा हुआ है। अत: कथन 2 सही है।
- कई प्राचीन सभ्यताएँ, जैसे- फोनीशियन, प्राचीन ग्रीस और रोमन साम्राज्य, भूमध्य सागर के तट पर स्थित थीं।
- भूमध्य सागर दक्षिण-पूर्व में स्वेज़ नहर के माध्यम से लाल सागर से भी जुड़ा हुआ है। अत: कथन 3 सही है।

**126. सर्वोच्च न्यायालय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायाधीश जाँच अधिनियम (1968) महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने से संबंधित प्रक्रिया को नियंत्रित करता है।
2. निष्कासन प्रस्ताव पर लोकसभा के मामले में 100 सदस्यों या राज्यसभा के मामले में 50 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किये जाने चाहिये।
3. अध्यक्ष/सभापति निष्कासन के प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिये बाध्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**126. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- न्यायाधीश जाँच अधिनियम (1968) महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने से संबंधित प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- संविधान ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश का कार्यकाल निर्धारित नहीं किया है।
- लोकसभा के मामले में 100 सदस्यों या राज्यसभा के मामले में 50 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित निष्कासन प्रस्ताव अध्यक्ष/सभापति को दिया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- अध्यक्ष/सभापति प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं या स्वीकार करने से इनकार कर सकते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- यदि प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष/सभापति को आरोपों की जाँच के लिये तीन सदस्यीय समिति का गठन करना होगा।

**127. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन ( NATO ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NATO गृहयुद्ध या आंतरिक तख्तापलट की स्थिति में भी सदस्यों को सुरक्षा प्रदान करता है।
2. जब तक सदस्य देश NATO से संबंधित कार्यों को करने के लिये सहमत नहीं हो जाते, तब तक अधिकांश सेनाएँ पूर्ण राष्ट्रीय कमान और नियंत्रण में रहती हैं।
3. मेडिटेरेनियन डायलॉग एक साझेदारी मंच है जिसका उद्देश्य NATO के भूमध्यसागरीय और उत्तरी अफ्रीका के पास के क्षेत्रों में सुरक्षा एवं स्थिरता में योगदान करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**127. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- NATO की सुरक्षा सदस्यों के गृहयुद्ध या आंतरिक तख्तापलट तक विस्तारित नहीं है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- NATO को उसके सदस्यों द्वारा वित्तपोषित किया जाता है और अमेरिका NATO के बजट में लगभग तीन-चौथाई का योगदान देता है।
- जब तक सदस्य देश NATO से संबंधित कार्यों को करने के लिये सहमत नहीं हो जाते, तब तक अधिकांश सेनाएँ पूर्ण राष्ट्रीय कमान और नियंत्रण में रहती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- शांति के लिये साझेदारी (PfP) व्यक्तिगत यूरो-अटलांटिक भागीदार देशों और NATO के बीच व्यावहारिक द्विपक्षीय सहयोग का एक कार्यक्रम है।
- मेडिटेरेनियन डायलॉग एक साझेदारी मंच है जिसका उद्देश्य NATO के भूमध्यसागरीय और उत्तरी अफ्रीका के पास के क्षेत्रों में सुरक्षा एवं स्थिरता में योगदान करना है। अत: कथन 3 सही है।

**128. 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, 2022-23 ' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) वार्षिक रिपोर्ट 2022-2023 जारी की।
2. श्रम बल भागीदारी अनुपात (LFPR) में वर्ष 2017-18 की तुलना में वर्ष 2022-23 में कमी आई है।
3. महिला बेरोज़गारी दर वर्ष 2017-18 की तुलना में वर्ष 2022-23 में बढ़ गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**128. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने जुलाई 2022 से जून 2023 के दौरान किये गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आधार पर आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) की वार्षिक रिपोर्ट 2022-2023 जारी की। अत: कथन 1 सही है।
- LFPR को जनसंख्या में श्रम बल (यानी काम करने वाले या काम की तलाश करने वाले या काम के लिये उपलब्ध होने वाले) व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है।
- श्रम बल भागीदारी अनुपात (LFPR) को वर्ष 2017-18 से बढ़ाकर वर्ष 2022-23 कर दिया गया है। यह 49.8% (2017-18) से बढ़कर 57.9% (2022-23) हो गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- बेरोज़गारी दर (UR) को श्रम बल में बेरोज़गार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है।
- महिला बेरोजगारी दर वर्ष 2017-18 के 5.6% से घटकर वर्ष 2022-23 में 2.9% हो गई। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**129. SpaceX के स्टारशिप अंतरिक्ष यान और सुपर हेवी रॉकेट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे संयुक्त रूप से स्टारशिप के रूप में जाना जाता है, यह पूरी तरह से पुन: प्रयोज्य परिवहन प्रणाली पर बना हुआ है जिसे कर्मी दलों और कार्गो दोनों को पृथ्वी की कक्षा, चंद्रमा, मंगल और उससे आगे तक ले जाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. यह रैप्टर इंजनों की एक शृंखला द्वारा संचालित है, जिनमें तरल मीथेन ($CH_4$) और तरल ऑक्सीजन (LOX) का उपयोग किया जाता है।
3. स्टारशिप के विकास और निर्माण का कार्य स्टारबेस में होता है, यह ऑर्बिटल मिशन के लिये डिज़ाइन किये गए विश्व के पहले वाणिज्यिक स्पेसपोर्ट में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**129. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- SpaceX का यह अंतरिक्षयान और सुपर हैवी रॉकेट, जिसे संयुक्त रूप से स्टारशिप के रूप में जाना जाता है, पूरी तरह से पुन: प्रयोज्य परिवहन प्रणाली पर बना हुआ है जिसे कर्मी दलों और कार्गो दोनों को पृथ्वी की कक्षा, चंद्रमा, मंगल और उससे आगे तक ले जाने के लिये डिज़ाइन किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें "एक्स्पेंडेबल मोड" में 250 मीट्रिक टन तक और "पूरी तरह से पुन: प्रयोज्य/रियूज़ेबल" मोड में 150 मीट्रिक टन तक के पेलोड के परिवहन की क्षमता है।
- स्टारशिप सुपर हैवी रैप्टर इंजनों की एक शृंखला द्वारा संचालित है, जिनमें तरल मीथेन ($CH_4$) और तरल ऑक्सीजन (LOX) का उपयोग किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- कुल 33 रैप्टर इंजन पहले चरण के बूस्टर को शक्ति प्रदान करते हैं।
- स्टारशिप के विकास और निर्माण का कार्य स्टारबेस में होता है, यह ऑर्बिटल मिशन के लिये डिज़ाइन किये गए विश्व के पहले वाणिज्यिक स्पेसपोर्ट में से एक है। अत: कथन 3 सही है।

**130. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: भारत की संविधान सभा का गठन देश का संविधान बनाने के उद्देश्य से किया गया था।

कथन-II: यह एक-सदनात्मक निकाय था जिसमें 389 निर्वाचित सदस्य थे जो पाकिस्तान के गठन के लिये भारत के विभाजन को अंतिम रूप दिये जाने के बाद घटकर 299 रह गए थे।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**130. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत की संविधान सभा का गठन देश का संविधान बनाने के उद्देश्य से किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक-सदनात्मक निकाय था जिसमें 389 निर्वाचित सदस्य थे जो पाकिस्तान के गठन के लिये भारत के विभाजन को अंतिम रूप दिये जाने के उपरांत घटकर 299 रह गए थे। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**131. संविधान सभा की विभिन्न समितियों तथा उसके अध्यक्षों के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| संविधान सभा की समितियाँ | अध्यक्ष |
|---|---|
| 1. राज्य समिति | A. जवाहरलाल नेहरू |
| 2. संचालन समिति | B. सरदार वल्लभभाई पटेल |
| 3. प्रांतीय संविधान समिति | C. सी. आचार्य कृपलानी |
| 4. प्रारूप समिति | D. डॉ. बी.आर अंबेडकर |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

D. केवल तीन

D. सभी चार

**131. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान सभा की विभिन्न समितियाँ तथा उनके अध्यक्ष:

| संविधान सभा की समितियाँ | अध्यक्ष |
|---|---|
| 1. राज्य समिति | A. जवाहरलाल नेहरू |
| 2. संचालन समिति | B. डॉ. राजेंद्र प्रसाद |
| 3. प्रांतीय संविधान समिति | C. सरदार वल्लभभाई पटेल |
| 4. प्रारूप समिति | D. डॉ. बी.आर अंबेडकर |

**अत: विकल्प B सही है।**

**132. निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिये:**

1. अखिल भारतीय महासंघ
2. प्रांतीय स्वायत्तता
3. केंद्र में द्वैध शासन
4. केंद्रीय एवं प्रांतीय कार्यपालिका को विशेष शक्तियाँ

**उपर्युक्त में से कितने भारतीय सरकार अधिनियम के प्रावधान हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**132. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार अधिनियम, 1935 में 4 प्रमुख प्रावधान थे: अखिल भारतीय संघ, प्रांतीय स्वायत्तता, केंद्र में द्वैध शासन और सुरक्षा उपाय जो केंद्रीय एवं प्रांतीय कार्यपालिका को विशेष शक्तियाँ प्रदान करते थे।
- इसने भारतीय मंत्रियों और विधायकों के दुर्व्यवहार के खिलाफ कानूनी सुरक्षा प्रदान की।
- एक अन्य उल्लेखनीय विशेषता प्रस्तावना की अनुपस्थिति (absence of Preamble)थी।

**अत: विकल्प D सही है।**

**133. 'औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ( IIP )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी गणना और प्रकाशन केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा वार्षिक आधार पर किया जाता है।
2. यह पिछले वर्ष की तुलना में एक निर्दिष्ट वर्ष के दौरान उद्योगों के क्षेत्र में भौतिक उत्पादन के सापेक्ष परिवर्तन को इंगित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**133. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 'औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)' की गणना और प्रकाशन केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा मासिक आधार पर किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ICI चयनित आठ प्रमुख उद्योगों में उत्पादन के सामूहिक और व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट तथा विद्युत।
- यह पिछले वर्ष की तुलना में एक निर्दिष्ट वर्ष के दौरान उद्योगों के क्षेत्र में भौतिक उत्पादन के सापेक्ष परिवर्तन को इंगित करता है।

**अत: कथन 2 सही है।**

**134. चतुर्भुज सुरक्षा संवाद ( QUAD ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह चार लोकतंत्रों भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान का समूह है।
2. इसका उद्देश्य "मुक्त, स्पष्ट और समृद्ध" इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सुनिश्चित करना तथा उसका समर्थन करना है।
3. मालाबार अभ्यास वर्ष 1992 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**134. उत्तर: B**

नोट :

**व्याख्या:**

- चतुर्भुज सुरक्षा संवाद' (Quadrilateral Security Dialogue- QUAD) अर्थात् क्वाड चार लोकतंत्रों भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का समूह है। अत: कथन 1 सही है।
- सभी चारों राष्ट्र लोकतांत्रिक होने के कारण इनकी एक सामान आधारभूमि है और निर्बाध समुद्री व्यापार एवं सुरक्षा के साझा हित का भी समर्थन करते हैं।
- इसका उद्देश्य "मुक्त, स्पष्ट और समृद्ध" इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सुनिश्चित करना तथा उसका समर्थन करना है। अत: कथन 2 सही है।
- क्वाड का विचार पहली बार वर्ष 2007 में जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने रखा था। हालाँकि यह विचार आगे विकसित नहीं हो सका, क्योंकि चीन के ऑस्ट्रेलिया पर दबाव के कारण ऑस्ट्रेलिया ने स्वयं को इससे दूर कर लिया।
- मालाबार अभ्यास वर्ष 1992 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- मालाबार अभ्यास एक नौसैनिक अभ्यास है जिसमें निम्नलिखित देश शामिल हैं: भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया।

**135. 'विधि विरुद्ध क्रियाकलाप ( निवारण ) अधिनियम, 1967' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक जाँच अधिकारी को आतंकवाद से संबंधित संपत्तियों को ज़ब्त करने के लिये पुलिस महानिदेशक की पूर्व मंज़ूरी प्राप्त करना आवश्यक है।
2. यह अधिनियम केंद्र सरकार को सर्वोच्च अधिकार प्रदान करता है, जिससे वह किसी क्रियाकलाप को विधि विरुद्ध मान सकती है तथा आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन के माध्यम से इसे आधिकारिक तौर पर घोषित कर सकती है।
3. मामलों की जाँच उपाधीक्षक अथवा सहायक पुलिस आयुक्त अथवा उससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों द्वारा की जा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**135. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- एक जाँच अधिकारी को आतंकवाद से संबंधित संपत्तियों को ज़ब्त करने के लिये पुलिस महानिदेशक की पूर्व मंज़ूरी प्राप्त करना आवश्यक है। अत: कथन 1 सही है।
- यह अधिनियम केंद्र सरकार को सर्वोच्च अधिकार प्रदान करता है, जिससे वह किसी क्रियाकलाप को विधि विरुद्ध मान सकती है तथा आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन के माध्यम से इसे आधिकारिक तौर पर घोषित कर सकती है। अत: कथन 2 सही है।
- मामलों की जाँच उपाधीक्षक अथवा सहायक पुलिस आयुक्त अथवा उससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों द्वारा की जा सकती है। अत: कथन 3 सही है।

**136. आतंकवाद से संबंधित निम्नलिखित क्रियाकलापों पर विचार कीजिये:**

1. आतंकवादी कृत्य करना अथवा उसमें भाग लेना
2. आतंकवाद की तैयारी करना
3. आतंकवाद को बढ़ावा देना
4. अन्यथा आतंकवाद में शामिल होना;

**उपर्युक्त में से कितनी गतिविधियाँ वे मानदंड हैं जिनके आधार पर केंद्र सरकार किसी संगठन को आतंकवादी संगठन घोषित करती है ?**

A. केवल एक

नोट :

B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**136. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत केंद्र सरकार किसी संगठन को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित कर सकती है यदि:
  - आतंकवादी कृत्य करता है अथवा उसमें भाग लेता है
  - आतंकवाद की तैयारी करता है
  - आतंकवाद को बढ़ावा देता है
  - अन्यथा आतंकवाद में शामिल हैं

**अत: विकल्प D सही है।**

**137. निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने एमिशन गैप रिपोर्ट 2023: ब्रोकन रिकॉर्ड जारी की है?**

A. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
B. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
C. पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCED)
D. संयुक्त राष्ट्र बाल निधि

**137. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसका शीर्षक है- एमिशन गैप रिपोर्ट 2023: ब्रोकन रिकॉर्ड।
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की नवीनतम एमिशन गैप रिपोर्ट इंगित करती है कि पेरिस समझौते के तहत वर्तमान प्रतिज्ञाएँ अपर्याप्त हैं, जिससे संभावित रूप से इस सदी में पूर्व-औद्योगिक स्तरों से तापमान में 2.5-2.9 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। यह संवर्द्धित जलवायु कार्रवाई की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**138. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन 1. ISEAS - युसोफ इशाक इंस्टीट्यूट में आसियान अध्ययन केंद्र द्वारा दक्षिण-पूर्व एशिया 2023 सर्वेक्षण से पता चलता है कि क्षेत्र में मुख्य चिंताएँ आर्थिक मंदी, संभावित सैन्य तनाव और आसियान में कथित अक्षमता हैं।

कथन 2. चीन इस क्षेत्र में अग्रणी आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखता है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने निर्णायक विकल्प के मामले में चीन पर अपनी स्थिति मज़बूत कर ली है। जापान सबसे भरोसेमंद प्रमुख शक्ति बना हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**138 उत्तर: B**

**व्याख्या:**

नोट :

- ISEAS में आसियान अध्ययन केंद्र - युसोफ इशाक इंस्टीट्यूट द्वारा दक्षिण-पूर्व एशिया 2023 सर्वेक्षण से पता चलता है कि क्षेत्र में मुख्य चिंताएँ आर्थिक मंदी, संभावित सैन्य तनाव और आसियान में कथित अक्षमता हैं। अत: कथन 1 सही है।
- चीन इस क्षेत्र में अग्रणी आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखता है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने निर्णायक विकल्प के मामले में चीन पर अपनी स्थिति मज़बूत कर ली है। जापान सबसे भरोसेमंद प्रमुख शक्ति बना हुआ है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**139. 'एमिशन गैप रिपोर्ट 2023: ब्रोकन रिकॉर्ड' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रिपोर्ट में 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 2°C लक्ष्य के लिये 28% और 1.5°C लक्ष्य हेतु 42% की कटौती का पूर्वानुमान किया गया है।
2. रिपोर्ट में पाया गया है कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन वर्ष 2021-2022 तक 1.2% बढ़कर 57.4 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य के नए रिकॉर्ड तक पहुँच गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**139. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रिपोर्ट में 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 2°C लक्ष्य के लिये 28% और 1.5°C लक्ष्य हेतु 42% की कटौती का पूर्वानुमान किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- यह दर्ज किया गया है कि इस वर्ष अक्तूबर की शुरुआत से अब तक 86 दिन ऐसे रहे हैं जब तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है।
- रिपोर्ट में पाया गया है कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन वर्ष 2021-2022 तक 1.2% बढ़कर 57.4 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य के नए रिकॉर्ड तक पहुँच गया है। अत: कथन 2 सही है।

**140. राज्य के धन विधेयक के संबंध में राष्ट्रपति की शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति विधेयक पर सहमति दे सकता है, जिसका अर्थ है कि विधेयक एक अधिनियम बन जाता है।
2. जब वह विधेयक पर अपनी असहमति व्यक्त करता है, तो विधेयक समाप्त हो जाता है और अधिनियम नहीं बनता है।
3. वह विधेयक को राज्य विधायिका द्वारा पुनर्विचार के लिये लौटा सकता है। यदि विधेयक राज्य विधानमंडल द्वारा संशोधनों के साथ या बिना संशोधनों के दोबारा पारित किया जाता है तो राष्ट्रपति विधेयक पर अपनी सहमति देने के लिये बाध्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**140. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रपति विधेयक पर सहमति दे सकता है, जिसका अर्थ है कि विधेयक एक अधिनियम बन जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- वह विधेयक पर अपनी असहमति व्यक्त करता है, तो इसका अर्थ है कि विधेयक निरस्त कर दिया गया है। अत: कथन 2 सही है।

- वह विधेयक को राज्य विधायिका द्वारा पुनर्विचार हेतु लौटा सकता है। यदि विधेयक राज्य विधानमंडल द्वारा संशोधनों के साथ या संशोधनों के बिना दोबारा पारित किया जाता है तो राष्ट्रपति विधेयक पर अपनी सहमति देने के लिये बाध्य नहीं है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**141. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I: शीर्ष अदालत ने माना कि किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक बुनियादी तत्त्व है और मौलिक अधिकारों का संतुलन एक संवैधानिक आवश्यकता है।

कथन-II: नागरिकों का यह सहसंबंधी कर्तव्य है कि वे अन्य व्यक्तियों की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप न करें क्योंकि हर किसी के पास प्रतिष्ठा का अधिकार और सम्मान के साथ जीने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**141. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- शीर्ष अदालत ने कहा कि है किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक बुनियादी तत्त्व है और मौलिक अधिकारों का संतुलन एक संवैधानिक आवश्यकता है। अत: कथन 1 सही है।
- नागरिकों का यह सहसंबंधी कर्तव्य है कि वे अन्य व्यक्तियों की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप न करें क्योंकि हर किसी को प्रतिष्ठा का अधिकार और सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**142. 'राज्यपाल की कार्यकारी शक्तियों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह उस तरीके को निर्दिष्ट करते हुए नियम बना सकता है जिसमें उसके नाम पर बनाए और निष्पादित किये गए आदेशों तथा अन्य उपकरणों को प्रमाणित किया जाएगा।
2. वह किसी राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति करता है और उसका पारिश्रमिक निर्धारित करता है।
3. वह राज्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करता है और उसकी सेवा की शर्तें एवं कार्यालय का कार्यकाल निर्धारित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**142. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राज्यपाल उस तरीके को निर्दिष्ट करते हुए नियम बना सकते हैं जिसमें उनके नाम पर बनाए और निष्पादित किये गए आदेशों एवं अन्य दस्तावेज़ों को प्रमाणित किया जाएगा। अत: कथन 1 सही है।
- वह राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति करता है। हालाँकि उन्हें केवल राष्ट्रपति द्वारा ही हटाया जा सकता है, राज्यपाल द्वारा नहीं।
- वह किसी राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति करता है और उसका पारिश्रमिक निर्धारित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- महाधिवक्ता राज्यपाल के प्रसादपर्यन्त तक पद धारण करता है।

नोट :

- वह राज्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करता है और उसकी सेवा की शर्तें एवं कार्यालय का कार्यकाल निर्धारित करता है। अत: कथन 3 सही है।

**143. 'संविधान सभा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्येक प्रांत और रियासत को उसकी संबंधित जनसंख्या के अनुपात में सीटें आवंटित की जानी थीं।
2. प्रत्येक ब्रिटिश प्रांत को आवंटित सीटें तीन प्रमुख समुदायों मुस्लिम, सिख और सामान्य के बीच विभाजित की जानी थीं।
3. संविधान सभा को आंशिक रूप से निर्वाचित और नामांकित निकाय होना था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**143 उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- संविधान सभा द्वारा प्रत्येक प्रांत और रियासत (या छोटे राज्यों के मामले में राज्यों के समूह) को उनकी संबंधित जनसंख्या के अनुपात में सीटें आवंटित की जानी थीं। आमतौर पर प्रत्येक दस लाख की आबादी पर एक सीट आवंटित की जानी थी। अत: कथन 1 सही है।
- प्रत्येक समुदाय के प्रतिनिधियों को प्रांतीय विधानसभा में उस समुदाय के सदस्यों द्वारा चुना जाना था और मतदान एकल संक्रमणीय वोट के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व की विधि से होना था।
- प्रत्येक ब्रिटिश प्रांत को आवंटित सीटें तीन प्रमुख समुदायों मुस्लिम, सिख और सामान्य (मुस्लिम तथा सिख के अतिरिक्त सभी) के बीच विभाजित की जानी थीं। अत: कथन 2 सही है।
- रियासतों के प्रतिनिधियों को रियासतों के प्रमुखों द्वारा नामित किया जाना था।
- संविधान सभा को आंशिक रूप से निर्वाचित और आंशिक रूप से नामांकित निकाय होना था। अत: कथन 3 सही है।

**144. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने आत्म-सम्मान आंदोलन की शुरुआत की?**

A. महात्मा गांधी

B. ई.वी.रामास्वामी नायकर

C. सी. आर. दास

D. मोतीलाल नेहरू

**144. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पेरियार द्वारा शुरू किया गया आत्म-सम्मान आंदोलन, जिसे ई. वी. रामास्वामी नायकर के नाम से भी जाना जाता है, का उद्देश्य समकालीन हिंदू सामाजिक पदानुक्रम को चुनौती देना और नया आकार देना था। इसका उद्देश्य एक नए, तर्कसंगत समाज की स्थापना करना था जो जाति, धर्म और देवताओं की पूजा के आधार पर भेदभाव को समाप्त कर दे।

**अत: विकल्प B सही है।**

**145. 'भारतीय संविधान की 7वीं अनुसूची' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 7वीं अनुसूची केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों के विभाजन से संबंधित है।
2. इस अनुसूची में संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची नामक तीन सूचियों का उल्लेख है जो संघ व राज्यों के बीच शक्ति के विभाजन को निर्दिष्ट करती हैं।
3. 42वें संशोधन अधिनियम 1976 ने स्वास्थ्य को एक विषय के रूप में राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**145. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान की 7वीं अनुसूची केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों के विभाजन से संबंधित है। अत: कथन 1 सही है।
- भारतीय संविधान की 7वीं अनुसूची में संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची नामक तीन सूचियों का उल्लेख है जो संघ व राज्यों के बीच शक्ति के विभाजन को निर्दिष्ट करती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 ने पाँच विषयों को राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित कर दिया - शिक्षा, वन, जंगली जानवरों और पक्षियों की सुरक्षा, वज़न व माप तथा न्याय प्रशासन, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों को छोड़कर सभी न्यायालयों का संविधान एवं संगठन। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**146. उच्च न्यायालय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसद किसी उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार को किसी भी केंद्र शासित प्रदेश तक बढ़ा सकती है लेकिन किसी उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार को किसी केंद्रशासित प्रदेश से बाहर नहीं कर सकती।
2. अभिलेख न्यायालय के रूप में उच्च न्यायालय के पास सर्वोच्च न्यायालयों के निर्णयों, कार्यवाहियों तथा कृत्यों की सतत् स्मृति और गवाही के रिकॉर्ड रखने की शक्तियाँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**146. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- संस द किसी उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार को किसी भी केंद्रशासित प्रदेश तक बढ़ा सकती है या किसी केंद्रशासित प्रदेश को किसी उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार से बाहर कर सकती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- उच्च न्यायालय भारत के संविधान के अनुच्छेद 215 के तहत अभिलेख न्यायालय है। अभिलेख न्यायालय के रूप में उच्च न्यायालय के पास निम्नलिखित की शक्ति है:
  - अपने स्वयं के निर्णयों की समीक्षा करना।
  - इसके कृत्यों व कार्यवाहियों को सतत स्मृति और गवाही के लिये रिकॉर्ड करना।
  - इसके अभिलेखों को साक्ष्य या प्रमाण मनना।

**अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**147. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product- GDP) किसी देश की सीमाओं के भीतर एक विशिष्ट समय अवधि, आम तौर पर 1 वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है।
2. यदि सरकार द्वारा अर्जित कर सब्सिडी से अधिक है, तो ऐसे में GVA GDP से अधिक होगी।

3. GDP निकालने में GVA डेटा की मदद ली जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**147. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product- GDP) किसी देश की सीमाओं के भीतर एक विशिष्ट समय अवधि, आम तौर पर 1 वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है। यह एक राष्ट्र की समग्र आर्थिक गतिविधि का एक व्यापक माप है। अत: कथन 1 सही है।
- सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) वृद्धि के आधार पर अर्थव्यवस्था के मज़बूत और संघर्षरत क्षेत्रों का वास्तविक आकलन नहीं' किया जा सकता है।
- यदि सरकार द्वारा अर्जित कर सब्सिडी से अधिक है, तो ऐसे में GDP GVA से अधिक होगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- GDP निकालने में GVA डेटा की मदद ली जाती है। अत: कथन 3 सही है।

**148. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PM-GKAY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोई भी प्रवासी श्रमिक अथवा वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC) योजना के अंतर्गत आने वाला लाभार्थी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से इस योजना के तहत मुफ्त राशन का लाभ नहीं ले सकता है।
2. इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को नि:शुल्क 5 किलोग्राम अतिरिक्त अनाज (गेहूँ अथवा चावल) प्रदान करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**148. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कोई भी प्रवासी श्रमिक अथवा वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC) योजना के अंतर्गत आने वाला लाभार्थी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से इस योजना के तहत मुफ्त राशन का लाभ ले सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसका नोडल मंत्रालय वित्त मंत्रालय है।
- इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को नि:शुल्क 5 किलोग्राम अतिरिक्त अनाज (गेहूँ अथवा चावल) प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।

**149. 'केंद्रीय मंत्रिपरिषद' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद भारत की राजनीतिक-प्रशासनिक व्यवस्था की वास्तविक कार्यकारी प्राधिकारी होती है।
2. राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद से उनके सलाह का पुनर्मूल्यांकन करने के लिये कह सकता है, किंतु इसके बाद राष्ट्रपति पुनर्विचार के पश्चात् दी गई सलाह का पालन करने के लिये बाध्य होता है।
3. मंत्रियों द्वारा राष्ट्रपति को दी गई सलाह को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**149. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद भारत की राजनीतिक-प्रशासनिक व्यवस्था की वास्तविक कार्यकारी प्राधिकारी होती है। अत: कथन 1 सही है।
- राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद से उनके सलाह का पुनर्मूल्यांकन करने के लिये कह सकता है, किंतु इसके बाद राष्ट्रपति पुनर्विचार के पश्चात् दी गई सलाह का पालन करने के लिये बाध्य होता है। अत: कथन 2 सही है।
- मंत्रियों द्वारा राष्ट्रपति को दी गई सलाह को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। अत: कथन 3 सही है।

**150. निम्नलिखित श्रेणियों पर विचार कीजिये:**

1. पर्यटक
2. व्यापार
3. सम्मेलन
4. चिकित्सा

**उपर्युक्त में से कितनी श्रेणियों के लिये ई-वीज़ा प्रदान किया जाता है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**150. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ई-वीज़ा जिसे इलेक्ट्रॉनिक वीज़ा भी कहा जाता है, पाँच श्रेणियों- पर्यटक, व्यवसाय, सम्मेलन, चिकित्सा और चिकित्सा परिचारक के उद्देश्य हेतु प्रदान किया जाता है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**151. निम्नलिखित में से कौन कोडोकुशी की व्याख्या करता है?**

A. एकांत मृत्यु

B. अत्यधिक काम के कारण मृत्यु

C. आत्म-अलगाव की संस्कृति

D. अधिक खाद्य सेवन से मृत्यु

**151. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बुजुर्गों के बीच सामाजिक संपर्क की काफी कमी होती है, जिस कारण बड़ी संख्या में लोग एकांत में मर जाते हैं, उनका शव अक्सर उनके निधन के काफी समय बाद पाया जाता है। इस घटना को आमतौर पर 'कोडोकुशी' कहा जाता है, यह एक जापानी शब्द है जिसका हिंदी अर्थानुवाद 'एकांत मृत्यु' है।

- विश्व स्तर पर देखें तो जापान में काम के घंटे सबसे अधिक होते हैं, जिससे लोगों के बीच सामाजिक जुड़ाव और अपने शौक के लिये सीमित समय होता है। यहाँ तक जापान में काम करने के दौरान होने वाली मौतों के लिये भी एक शब्द 'कारोशी' है, जिसका अर्थ है अत्यधिक काम के कारण मृत्यु।
- इस देश में आत्म-अलगाव की संस्कृति इतनी चरम सीमा पर है कि लगभग दस लाख लोगों का बाहरी दुनिया के साथ लगभग न के बराबर संपर्क है, वे लंबी अवधि के लिये पूर्ण रूप से एकांत में रहना पसंद करते हैं। इस प्रवृत्ति वाले लोगों अर्थात् समकालीन साधुओं को 'हिकिकोमोरी' कहा जाता है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**152. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन- I:उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) एक माप है जो समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं की एक श्रृंखला के लिये उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान की गई कीमतों में औसत परिवर्तनों की जाँच करता है।

कथन- II: यह किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति अथवा अपस्फीति के संकेतक के रूप में कार्य करता है तथा औसत उपभोक्ताओं हेतु जीवन यापन की लागत संबंधी मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**152. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) एक माप है जो समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं की एक श्रृंखला के लिये उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान की गई कीमतों में औसत परिवर्तनों की जाँच करता है।
- यह अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति अथवा अपस्फीति के संकेतक के रूप में कार्य करता है तथा औसत उपभोक्ताओं हेतु जीवन यापन की लागत संबंधी मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**153. 'संयुक्त राष्ट्र बाल कोष' (UNICEF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बाल कल्याण और विकास के अपने बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये समुदाय-स्तरीय सेवाओं को विकसित करने पर बल देता है।
2. सदस्य राष्ट्रों को तीन वर्ष के कार्यकाल के लिये आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) द्वारा चुना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

E. केवल 1

F. केवल 2

G. 1 और 2 दोनों

H. न तो 1 और न हीं 2

**153. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (United Nations Children's Fund- UNICEF) बाल कल्याण और विकास के अपने बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये समुदाय-स्तरीय सेवाओं को विकसित करने पर बल देता है। तह कथन 1 सही है।

- इसमें 30 से अधिक 'राष्ट्रीय समितियाँ' हैं, यह मेजबान देश की सरकार के सहयोग से विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से अपने मिशन को पूरा करता है।
- सदस्य राष्ट्रों का चयन आर्थिक और सामाजिक परिषद (Economic and Social Council- ECOSOC) द्वारा तीन वर्ष के कार्यकाल के लिये किया जाता है।

**154. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ( NDRF ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन वर्ष 2006 में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं पर विशेष प्रतिक्रिया के उद्देश्य से किया गया था।
2. यह NDRF के महानिदेशक के समग्र आदेश, नियंत्रण और नेतृत्व में गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
3. NDRF ने CBRN (रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु) चुनौतियों का सामना करने में भी विशेषज्ञता हासिल कर ली है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**154. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल:**

- आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के लिये विशेष प्रतिक्रिया के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) के गठन के लिये वैधानिक प्रावधान हैं।
- तद्नुसार, वर्ष 2006 में 8 बटालियनों के साथ NDRF का गठन किया गया। वर्तमान में NDRF में 16 बटालियन हैं और प्रत्येक बटालियन में 1149 कर्मी हैं। शुरुआत में NDRF के कर्मियों को नियमित कानून व्यवस्था कर्त्तव्यों के लिये तैनात किया गया था।
- NDRF का गठन वर्ष 2006 में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के लिये विशेष प्रतिक्रिया के उद्देश्य से किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- NDRF वश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित, अद्वितीय बल है जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन, NDRF के महानिदेशक की समग्र कमान, नियंत्रण और नेतृत्व में कार्य करता है। अत: कथन 2 सही है।
- बाढ़-चक्रवातों और ध्वस्त संरचना खोज तथा बचाव (CSSR) कार्यों में बचाव कार्यों के दौरान व्यावसायिकता के अलावा NDRF ने CBRN (रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु) चुनौतियों का सामना करने में भी विशेषज्ञता हासिल की है। अत: कथन 3 सही है।

**155. शरणार्थियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में शरणार्थियों की समस्या के समाधान के लिये विशिष्ट कानून का अभाव है।
2. भारत शरणार्थी अभिसमय, 1951 और इसके प्रोटोकॉल, 1967 का पक्षकार है, जो शरणार्थी संरक्षण से संबंधित प्रमुख कानूनी दस्तावेज़ हैं।
3. विदेशी अधिनियम, 1946 के तहत केंद्र सरकार को अवैध विदेशी नागरिकों का पता लगाने, उन्हें हिरासत में लेने और उन्हें निर्वासित करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**155. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**शरणार्थी:**

- शरणार्थियों की बढ़ती आमद के बावजूद भारत में शरणार्थियों की समस्या के समाधान के लिये विशिष्ट कानून का अभाव है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत शरणार्थी कन्वेंशन 1951 और इसके प्रोटोकॉल, 1967 शरणार्थी संरक्षण से संबंधित प्रमुख कानूनी दस्तावेज़ों का पक्षकार नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - हालाँकि शरणार्थी सुरक्षा के मुद्दे पर भारत का रिकॉर्ड शानदार रहा है।
  - विदेशी अधिनियम, 1946: धारा 3 के तहत केंद्र सरकार को अवैध विदेशी नागरिकों का पता लगाने, उन्हें हिरासत में लेने और उन्हें निर्वासित करने का अधिकार है। अत: कथन 3 सही है।
  - पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 [Passport (Entry into India) Act, 1920]: इसकी धारा 5 के तहत सक्षम प्राधिकारी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 258 (1) के तहत किसी अवैध रूप से रह रहे विदेशी व्यक्ति को बलपूर्वक बाहर निकाल सकते हैं।
  - विदेशी पंजीकरण अधिनियम, 1939 (Registration of Foreigners Act of 1939): इसके अंतर्गत एक अनिवार्य आवश्यकता लागू है जिसके तहत भारत आने वाले सभी विदेशी नागरिकों (विदेशी भारतीय नागरिकों को छोड़कर) को दीर्घावधिक वीज़ा (180 दिनों से अधिक) पर भारत आने के 14 दिनों के भीतर एक पंजीकरण अधिकारी के समक्ष स्वयं को पंजीकृत कराना होगा।
  - नागरिकता अधिनियम, 1955 (Citizenship Act, 1955): इसमें नागरिकता का त्याग, नागरिकता पर्यवसान और नागरिकता से वंचित किये जाने संबंधी प्रावधान किये गए हैं।
  - नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (CAA) का उद्देश केवल बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सताए गए हिंदू, ईसाई, जैन, पारसी, सिख और बौद्ध प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करना है।

**156. वित्त आयोग (FC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FC संघ और राज्यों के बीच प्रत्येक 5 वर्ष में वित्तीय संसाधनों के वितरण पर सिफारिशें करने के लिये संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित संवैधानिक निकाय है।
2. वित्त आयोग की सिफारिश का पालन न करने की स्थिति में राष्ट्रपति लोकसभा का विघटन कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**156. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वित्त आयोग:**

- वित्त आयोग (FC) संघ और राज्यों के बीच प्रत्येक 5 वर्ष में वित्तीय संसाधनों के वितरण पर सिफारिशें करने के लिये संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित संवैधानिक निकाय है। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- वित्त आयोग की सिफारिशें प्रकृति में सलाहकारी हैं और केंद्र सरकार पर बाध्यकारी नहीं हैं। हालाँकि इन्हें आमतौर पर मामूली संशोधन या विचलन के साथ स्वीकार किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- केंद्र सरकार राष्ट्रपति के आदेश के माध्यम से सिफारिशों की स्वीकृति को अधिसूचित करती है, जिसमें वह अवधि (आमतौर पर 5 वर्ष) भी निर्दिष्ट होती है जिसके लिये वह वैध हैं।

**157. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | अधिनियम | वर्ष |
|---|---|---|
| 1. | दहेज निषेध अधिनियम | 1994 |
| 2. | घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम | 2005 |
| 3. | कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम | 1961 |
| 4. | गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (PCPNDT) अधिनियम | 2013 |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**157. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अधिनियम:**

- दहेज निषेध अधिनियम, 1961: यह दहेज के अनुरोध, भुगतान या स्वीकृति पर रोक लगाता है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005: यह घरेलू हिंसा से पीड़ितों को अभियोजन के माध्यम से व्यावहारिक उपचार के साधन प्रदान करता है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013: यह विधायी अधिनियम महिलाओं को उनके कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाने का प्रयास करता है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।
- गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (PCPNDT) अधिनियम, 1994 भारत की संसद का एक अधिनियम है जिसे कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और भारत में गिरते लिंग अनुपात को रोकने के लिये अधिनियमित किया गया था। इस अधिनियम ने जन्मपूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया। अत: युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।

**अत: विकल्प A सही उत्तर है।**

**158. स्टार्टअप इंडिया पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्टार्टअप इंडिया पहल में नवाचार को बढ़ावा देने और उभरते उद्यमियों को अवसर प्रदान करने के लिये देश में एक मज़बूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की परिकल्पना की गई है।
2. स्टार्टअप्स के लिये फंड ऑफ फंड्स (FFS), स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS) और स्टार्टअप्स हेतु क्रेडिट गारंटी स्कीम (CGSS) स्टार्टअप इंडिया के तहत प्रमुख योजनाएँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**158. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्टार्टअप पहल:**

- स्टार्टअप इंडिया पहल में नवाचार को बढ़ावा देने और उभरते उद्यमियों को अवसर प्रदान करने के लिये देश में एक मज़बूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की परिकल्पना की गई है। अत: कथन 1 सही है।
- इस पहल के तहत जनवरी 2016 में प्रधानमंत्री द्वारा 19 कार्य बिंदुओं की एक कार्ययोजना का अनावरण किया गया था।
- इस कार्ययोजना ने भारत में स्टार्टअप के लिये एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण हेतु रोडमैप निर्धारित किया।
- स्टार्टअप इंडिया पहल फ्लैगशिप योजनाओं जैसे- स्टार्टअप्स हेतु फंड ऑफ फंड्स (FFS), SISFS और स्टार्टअप्स के लिये क्रेडिट गारंटी स्कीम (CGSS) को उनके व्यापार चक्र के विभिन्न चरणों में सहायता प्रदान करती है। अत: कथन 2 सही है।

**159. डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर ( DPI ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) डिजिटल पहचान, भुगतान बुनियादी ढाँचे और डेटा एक्सचेंज समाधान जैसे ब्लॉक या प्लेटफॉर्म को संदर्भित करता है जो देशों को आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने में सहायता करते हैं।
2. प्रत्येक DPI स्तर एक स्पष्ट आवश्यकता को पूरा करती है और सभी क्षेत्रों में काफी मूल्य उत्पन्न करती है।
3. इंडिया स्टैक के माध्यम से भारत, तीनों मूलभूत DPI विकसित करने वाला पहला देश बन गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**159. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) डिजिटल पहचान, भुगतान अवसंरचना और डेटा विनिमय समाधान जैसे ब्लॉक या प्लेटफॉर्म को संदर्भित करता है जो देशों को अपने लोगों को आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने, नागरिकों को सशक्त बनाने और डिजिटल समावेशन को सक्षम करके जीवन में सुधार करने में मदद करता है। अत: कथन 1 सही है।
- DPIs लोगों, धन और सूचना के प्रवाह में मध्यस्थता करते हैं। पहले एक डिजिटल ID प्रणाली के माध्यम से लोगों का प्रवाह। दूसरा रियल-टाइम त्वरित भुगतान प्रणाली के माध्यम से धन का प्रवाह और तीसरा DPI के लाभों को प्राप्त करने एवं डेटा को नियंत्रित करने की वास्तविक क्षमता के साथ नागरिकों को सशक्त बनाने के लिये सहमति-आधारित डेटा साझाकरण प्रणाली के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी का प्रवाह।
- ये तीन सेट एक प्रभावी DPI पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के आधार हैं।
- प्रत्येक DPI स्तर एक स्पष्ट आवश्यकता को पूरा करती है और विभिन्न क्षेत्रों में लिये बहुत उपयोगी है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत, इंडिया स्टैक के माध्यम से सभी तीन मूलभूत DPI- डिजिटल पहचान (आधार), रीयल-टाइम फास्ट पेमेंट (UPI) और डेटा एम्पावरमेंट प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) पर निर्मित अकाउंट एग्रीगेटर विकसित करने वाला पहला देश बन गया। अत: कथन 3 सही है।
- DEPA एक डिजिटल ढाँचे का निर्माण करता है जो उपयोगकर्त्ताओं को एक तृतीय-पक्ष इकाई के माध्यम से अपने डेटा को अपनी शर्तों पर साझा करने की अनुमति देता है, जिन्हें कंसेंट मैनेजर के रूप में जाना जाता है।

**160. राजकोषीय घाटे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजकोषीय घाटा सरकार के कुल व्यय तथा उसके कुल राजस्व (ऋण के अतिरिक्त) के बीच का अंतर है।

**नोट :**

2. उच्च राजकोषीय घाटे को राजकोषीय अनुशासन तथा समृद्ध अर्थव्यवस्था के सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाता है।
3. निम्न राजकोषीय घाटे से मुद्रास्फीति, मुद्रा का अवमूल्यन तथा ऋण बोझ में वृद्धि होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**160. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय घाटा:**

- राजकोषीय घाटा सरकार के कुल व्यय तथा उसके कुल राजस्व (ऋण के अतिरिक्त) के बीच के अंतर को संदर्भित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह इस बात का संकेतक है कि सरकार को अपने कार्यों के वित्तपोषण के लिये किस सीमा तक ऋण लेना चाहिये और इसे देश की GDP के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है।
- उच्च राजकोषीय घाटे से मुद्रास्फीति, मुद्रा का अवमूल्यन तथा ऋण बोझ में वृद्धि हो सकती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- जबकि निम्न राजकोषीय घाटे को राजकोषीय अनुशासन और समृद्ध अर्थव्यवस्था के सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**161. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. COP जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) सम्मेलन का निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है।
2. COP की बैठक प्रत्येक पाँच वर्ष में होती है जब तक कि पार्टियाँ अन्यथा निर्णय न लें।
3. भारत ने कभी भी जलवायु परिवर्तन पर तीन रियो सम्मेलनों (UNFCCC) में से किसी के COP की मेज़बानी नहीं की।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**161. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**UNFCCC की कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP):**

- यह जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) सम्मेलन पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- प्रत्येक वर्ष COP की बैठक संपन्न होती है, COP की पहली बैठक मार्च 1995 में जर्मनी के बर्लिन में आयोजित की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- यदि कोई पार्टी सत्र की मेज़बानी करने की पेशकश नहीं करती है तो COP का आयोजन बॉन, जर्मनी में (सचिवालय) में किया जाता है।
- COP अध्यक्ष का कार्यकाल सामान्यत: पाँच संयुक्त राष्ट्र क्षेत्रीय समूहों के मध्य निर्धारित किया जाता है जिनमें - अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन, मध्य और पूर्वी यूरोप तथा पश्चिमी यूरोप शामिल हैं।
- COP का अध्यक्ष आमतौर पर अपने देश का पर्यावरण मंत्री होता है जिसे COP सत्र के उद्घाटन के तुरंत बाद चुना जाता है।

- भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जिन्होंने जलवायु परिवर्तन (UNFCCC), जैवविविधता (CBD) तथा भूमि (यूनाइटेड नेशन कन्वेंशन टू कॉम्बैट डेज़र्टिफिकेशन) पर सभी तीन रियो सम्मेलनों के COP की मेज़बानी की है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**162. क्रिप्टोकरेंसी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) भारत में आभासी मुद्राओं/क्रिप्टोकरेंसी को कानूनी निविदा के रूप में उपयोग करने की अनुमति देता है।
2. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी कानूनी निविदा के रूप में क्रिप्टोकरेंसी के उपयोग को बरकरार रखा है।
3. वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में भारत सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी आभासी मुद्रा या क्रिप्टोकरेंसी संपत्ति के हस्तांतरण पर 30% की कर कटौती लागू होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**162. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**क्रिप्टोकरेंसी:**

- क्रिप्टोकरेंसी रुपए या अमेरिकी डॉलर की ही तरह विनिमय का एक माध्यम है, लेकिन यह प्रारूप में डिजिटल है जो मौद्रिक इकाइयों के सृजन को नियंत्रित करने और धन के विनिमय को सत्यापित करने के लिये एन्क्रिप्शन तकनीकों (Encryption Techniques) का उपयोग करती है।
- वर्ष 2017 में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने एक चेतावनी जारी कर आगाह किया कि वर्चुअल करेंसी या क्रिप्टोकरेंसी भारत में वैध मुद्रा नहीं हैं। हालाँकि इन आभासी मुद्राओं पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वर्ष 2019 में RBI ने क्रिप्टोकरेंसी के ट्रेडिंग, माइनिंग, होल्डिंग या हस्तांतरण/उपयोग को भारत में वित्तीय जुर्माने या/और 10 वर्ष तक के कारावास के दंड के अधीन घोषित किया।
- वर्ष 2020 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने RBI द्वारा क्रिप्टोकरेंसी पर अधिरोपित प्रतिबंध को निरस्त कर दिया। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- वर्ष 2022 में भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2022-23 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि किसी भी आभासी मुद्रा/क्रिप्टोकरेंसी परिसंपत्ति का हस्तांतरण 30% की कर कटौती के अधीन होगा। अत: कथन 3 सही है।
- आभासी परिसंपत्ति/क्रिप्टोकरेंसी के रूप में प्राप्त उपहारों के मामले में प्राप्तकर्त्ता पर कर लगाया जाएगा।

**163. नेशनल मिशन ऑन सस्टेनिंग हिमालयन ईकोसिस्टम (NMSHE) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NMSHE जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) के तहत आठ मिशनों में से एक है।
2. इसे वर्ष 2010 में लॉन्च किया गया था लेकिन सरकार द्वारा औपचारिक रूप से वर्ष 2014 में मंज़ूरी दी गई थी।
3. इसमें भारत के सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**163. उत्तर: A**

नोट :

**व्याख्या:**

- नेशनल मिशन ऑन सस्टेनिंग हिमालयन ईकोसिस्टम (NMSHE):
  - NMSHE, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना (National Action Plan on Climate Change-NAPCC) में शामिल 8 मिशनों में से एक है। अत: कथन 1 सही है।
  - NMSHE कार्यक्रम को वर्ष 2010 में शुरू किया गया था परंतु सरकार द्वारा औपचारिक रूप से वर्ष 2014 में इसे अनुमोदित किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
  - यह विभिन्न क्षेत्रों में एक बहु-आयामी, क्रॉस-कटिंग मिशन है ।
  - यह जलवायु परिवर्तन के बेहतर प्रबंधन द्वारा देश के सतत् विकास में योगदान देता है, जो इसके संभावित प्रभावों और हिमालय के उन क्षेत्रों, जिन पर भारत की आबादी का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात जीविका के लिये निर्भर है, को आवश्यक अनुकूल दशाएँ प्रदान करता है।
- राज्य विस्तार :
  - ग्यारह राज्य: हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम, त्रिपुरा, मेघालय, असम और पश्चिम बंगाल।
  - दो केंद्रशासित प्रदेश: जम्मू- कश्मीर और लद्दाख। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**164. स्थगन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्थगन का अर्थ सभा की बैठक को समाप्त करना है और अगली बैठक नियत समय पर पुन: समवेत होती है।
2. सत्र के स्थगन और पुन: संयोजन के बीच के समय को अवकाश कहा जाता है।
3. अगली बैठक के लिये कोई निश्चित समय/तिथि निर्धारित किये बिना स्थगन को अनिश्चित काल हेतु स्थगन कहा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**164. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- स्थगन का अर्थ सभा की बैठक को समाप्त करना है और अगली बैठक नियत समय पर पुन: समवेत होती है। अत: कथन 1 सही है।
- स्थगन एक निर्दिष्ट समय जैसे घंटे, दिन या सप्ताह के लिये हो सकता है।
- सत्रावसान और सत्र के पुन: संयोजन के बीच के समय को अवकाश कहा जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सत्रावसान सत्र का अंत है, न कि सदन का विघटन।
- अगली बैठक के लिये कोई निश्चित समय/तिथि निर्धारित किये बिना स्थगन को अनिश्चित काल हेतु स्थगन कहा जाता है। अत: कथन 3 सही है।

**165. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन 1. प्रत्येक साधारण विधेयक, एकसदनीय विधायिका के मामले में विधानसभा द्वारा या द्विसदनीय विधायिका के मामले में दोनों सदनों द्वारा पारित होने के बाद राज्यपाल को सहमति के लिये प्रस्तुत किया जाता है।

कथन 2. राज्यपाल विधेयक को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित कर सकता है।

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

नोट :

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**165. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रत्येक साधारण विधेयक, एकसदनीय विधायिका के मामले में विधानसभा द्वारा या द्विसदनीय विधायिका के मामले में दोनों सदनों द्वारा पारित होने के बाद राज्यपाल को सहमति के लिये प्रस्तुत किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- जब राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ आरक्षित रखता है, तो विधेयक को अधिनियमित करने में उसकी कोई और भूमिका नहीं होगी।
- राज्यपाल विधेयक को राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**166. 'निमोनिया' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक न्यूमोकोकल रोग है जो स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया या न्यूमोकोकस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है।
2. यह हवा में बैक्टीरिया, वायरस या कवक से विकसित हो सकता है।
3. निमोनिया से बचाव के लिये न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन (PCV) की तीन खुराक की सिफारिश की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**166. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'निमोनिया' भी एक न्यूमोकोकल रोग है जो स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया या न्यूमोकोकस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। अत: कथन 1 सही है।
- जिन बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली अपरिपक्व या कमज़ोर होती है जैसे अल्पपोषण या HIV जैसी बीमारियों के कारण उनमें निमोनिया होने का खतरा अधिक होता है।
- यह हवा में बैक्टीरिया, वायरस या कवक से विकसित हो सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- निमोनिया संक्रामक है और खाँसने या छींकने से फैल सकता है। यह तरल पदार्थों के माध्यम से भी फैल सकता है, जैसे बच्चे के जन्म के दौरान रक्त, या दूषित स्थानों की वजह से।
- निमोनिया से बचाव के लिये न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन (Pneumococcal Conjugate Vaccine- PCV) की तीन खुराक की सिफारिश की जाती है। अत:, कथन 3 सही है।

**167. 'चारधाम परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परियोजना का उद्देश्य हिमालय में चारधाम तीर्थस्थलों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तक कनेक्टिविटी में सुधार करना है।
2. यह परियोजना रणनीतिक फीडर सड़कों के रूप में कार्य कर सकती है जो भारत-चीन सीमा को देहरादून और मेरठ में सेना शिविरों से जोड़ती है।
3. उत्तराखंड राज्य लोक निर्माण विभाग (PWD), सीमा सड़क संगठन (BRO) तथा राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढाँचा विकास निगम लिमिटेड (NHIDCL) कार्यान्वयन निकाय हैं।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**167. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- परियोजना का उद्देश्य हिमालय में चारधाम तीर्थस्थलों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तक कनेक्टिविटी में सुधार करना है। अत: कथन 1 सही है।
- यह परियोजना रणनीतिक फीडर सड़कों के रूप में कार्य कर सकती है जो भारत-चीन सीमा को देहरादून और मेरठ में सेना शिविरों से जोड़ती है। अत: कथन 2 सही है।
- NHIDCL सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है।
- उत्तराखंड राज्य लोक निर्माण विभाग (PWD), सीमा सड़क संगठन (BRO) तथा राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढाँचा विकास निगम लिमिटेड (NHIDCL) कार्यान्वयन निकाय हैं। अत: कथन 3 सही है।

**168. निम्नलिखित व्यक्तियों पर विचार कीजिये:**

1. एच.सी. मुखर्जी
2. अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर
3. सैफुद्दीन किचलू
4. सैयद मोहम्मद सादुल्लाह

**उपर्युक्त में से कितने संविधान सभा की प्रारूप समिति के सदस्य हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**168. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान सभा की प्रारूप समिति में सात सदस्य थे।
  - डॉ. बी.आर. अंबेडकर (अध्यक्ष)
  - एन. गोपालस्वामी अयंगर
  - अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर
  - डॉ. के.एम. मुंशी
  - सैयद मोहम्मद सादुल्लाह
  - एन. माधव राव (उन्होंने बी.एल. मित्तर का स्थान लिया जिन्होंने खराब स्वास्थ्य के कारण इस्तीफा दे दिया था)
  - टी.टी. कृष्णमाचारी (उन्होंने डी.पी. खेतान का स्थान लिया जिनकी वर्ष 1948 में मृत्यु हो गई)

**अत: विकल्प B सही है।**

**169. धन विधेयक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धन विधेयक कर लगाने, उन्मूलन, छूट, परिवर्तन या विनियमन से संबंधित है।
2. धन विधेयक केवल राष्ट्रपति की सिफारिश से ही लोकसभा में पेश किया जा सकता है।
3. यदि राज्यसभा 14 दिनों के भीतर विधेयक को लोकसभा को नहीं लौटाती है, तो विधेयक को दोनों सदनों द्वारा खारिज़ माना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**169. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- धन विधेयक कर लगाने, उन्मूलन, छूट, परिवर्तन या विनियमन से संबंधित है। अत: कथन 1 सही है।
- धन विधेयक को सरकारी विधेयक माना जाता है और इसे केवल एक मंत्री द्वारा ही पेश किया जा सकता है।
- धन विधेयक केवल राष्ट्रपति की सिफारिश से ही लोकसभा में पेश किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- राज्यसभा को सिफारिशों के साथ या उसके बिना 14 दिनों के भीतर विधेयक को लोकसभा को वापस करना होगा। लोकसभा, राज्यसभा द्वारा की गई किसी भी सिफारिश को स्वीकार या अस्वीकार कर सकती है।
- यदि राज्यसभा 14 दिनों के भीतर विधेयक को लोकसभा को नहीं लौटाती है, तो विधेयक को मूल तौर पर लोकसभा द्वारा पारित रूप में दोनों सदनों द्वारा पारित माना जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**170. 'कुष्ठ रोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह त्वचा के अल्सर, तंत्रिका क्षति और मांसपेशियों में कमज़ोरी उत्पन्न करता है।
2. क्लोफाज़िमिन, रिफैम्पिसिन और डैपसोन के साथ मल्टीबैसिलरी कुष्ठ रोग/लेप्रोसी (MB-MDT) मामलों के मल्टी-ड्रग उपचार में तीन आवश्यक दवाओं में से एक है।
3. राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (NLEP) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. इनमें से कोई भी नहीं

**170. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 'कुष्ठ रोग' त्वचा के अल्सर, तंत्रिका क्षति और मांसपेशियों में कमज़ोरी उत्पन्न करता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह कई देशों में आम है, विशेषकर भारत सहित उष्णकटिबंधीय या उपोष्णकटिबंधीय जलवायु वाले देशों में।
- क्लोफाज़िमिन, रिफैम्पिसिन और डैपसोन के साथ मल्टीबैसिलरी कुष्ठ रोग/लेप्रोसी (MB-MDT) मामलों के मल्टी-ड्रग उपचार में तीन आवश्यक दवाओं में से एक है। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 2017 में जागरूकता को बढ़ावा देने और कलंक एवं भेदभाव के मुद्दों का हल करने के लिये SPARSH कुष्ठ जागरूकता अभियान शुरू किया गया था।
- राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (NLEP) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत एक केंद्र प्रायोजित योजना है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

**171. ' सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी चार धाम ऑल वेदर रोड परियोजना का हिस्सा है।
2. ड्रिल और ब्लास्ट मेथड (DBM) में चट्टान में ड्रिल करना तथा उसे तोड़ने के लिये विस्फोटकों का प्रयोग करना शामिल है।
3. अटल सुरंग एक राजमार्ग सुरंग है जो सिलक्यारा-बारकोट सुरंग का हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**171.उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी चार धाम ऑल वेदर रोड परियोजना का हिस्सा है। अत: कथन 1 सही है।
- टनल-बोरिंग मशीनें (TBM) पूर्वनिर्मित कंक्रीट खंडों के साथ सुरंग को पीछे से सहारा देते हुए चट्टान में छिद्र/ड्रिल करती हैं।
- ड्रिल और ब्लास्ट मेथड (DBM) में चट्टान में छिद्र करना तथा उसे तोड़ने के लिये विस्फोटकों का प्रयोग करना शामिल है। अत: कथन 2 सही है।
- चुनौतीपूर्ण क्षेत्र के कारण DBM का उपयोग प्राय: हिमालय (जम्मू और कश्मीर एवं उत्तराखंड) जैसे क्षेत्रों में किया जाता है।
- अटल सुरंग जिसे रोहतांग सुरंग के नाम से भी जाना जाता है, भारत के हिमाचल प्रदेश में लेह-मनाली राजमार्ग पर हिमालय की पूर्वी पीर पंजाल श्रृंखला में रोहतांग दर्रे के नीचे बनी एक राजमार्ग सुरंग है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**172. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन 1. मंडल आयोग का गठन भारत के "सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों" को परिभाषित करने के मानदंड निर्धारित करने तथा उन वर्गों की उन्नति हेतु उठाए जाने वाले कदमों की सिफारिश करने के लिये किया गया था।

कथन 2. यह निष्कर्ष निकाला गया कि भारत की जनसंख्या में लगभग 52 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग शामिल हैं, इसलिये 27% सरकारी नौकरियाँ उनके लिये आरक्षित की जानी चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I एवं कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I एवं कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**172. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मंडल आयोग का गठन भारत के "सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों" को परिभाषित करने के मानदंड निर्धारित करने तथा उन वर्गों की उन्नति हेतु उठाए जाने वाले कदमों की सिफारिश करने के लिये किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- आयोग ने सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन के ग्यारह संकेतक विकसित किये हैं।
- इसका निष्कर्ष यह निकलता है कि भारत की आबादी में लगभग 52 प्रतिशत OBC शामिल हैं, इसलिये 27% सरकारी नौकरियाँ उनके लिये आरक्षित होनी चाहिये। अत: कथन 2 सही है।

**173. भारत मानव विकास सर्वेक्षण ( IHDS ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

नोट :

1. IHDS पूरे भारत में घरों, ग्रामीण और शहरी इलाकों का एक राष्ट्रीय प्रतिनिधि, बहु-विषय पैनल सर्वेक्षण है।
2. IHDS का आयोजन मैरीलैंड विश्वविद्यालय और नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) के शोधकर्त्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**173. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत मानव विकास सर्वेक्षण (IHDS) पूरे भारत में 1503 ग्रामीण और 971 शहरी इलाकों में 41,554 घरों का एक राष्ट्रीय प्रतिनिधि, बहु-विषय पैनल सर्वेक्षण है। अत: कथन 1 सही है।
- इस सर्वेक्षण के दूसरे दौर के लिये वित्त पोषण राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा प्रदान किया जाता है।
- IHDS का आयोजन मैरीलैंड विश्वविद्यालय और नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) के शोधकर्त्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

**174. गंगोत्री ग्लेशियर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उत्तराखंड के उत्तरकाशी ज़िले में स्थित है।
2. ग्लेशियर गंगोत्री समूह की पर्वत चोटियों से घिरा हुआ है जिसमें मेरु, शिवलिंग, थलय सागर, चौखम्बा आदि चोटियाँ शामिल हैं।
3. इसका विस्तार गोमुख या गौ-मुख नामक स्थान तक है, जिसका अर्थ है "काउ माउथ" क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह गाय के मुँह जैसा दिखता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**174. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- गंगोत्री ग्लेशियर का अनुमानित क्षेत्रफल 27 घन किलोमीटर से अधिक है और यह उत्तराखंड के उत्तरकाशी ज़िले में स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
- ग्लेशियर गंगोत्री समूह की पर्वत चोटियों से घिरा हुआ है जिसमें मेरु, शिवलिंग, थलय सागर, चौखम्बा आदि चोटियाँ शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इसका विस्तार गोमुख या गौ-मुख नामक स्थान तक है, जिसका अर्थ है "काउ माउथ" क्योंकि यह गाय के मुँह जैसा दिखता है। अत: कथन 3 सही है।

**175. 'पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. EIA का उद्देश्य विकास गतिविधियों के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों की पहचान करना, भविष्यवाणी करना तथा मूल्यांकन करना है।
2. पूर्ण या आंशिक मूल्यांकन अध्ययन की आवश्यकता है या नहीं इसका निर्धारण EIA के स्कोपिंग चरण में तय किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**175. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (EIA) का उद्देश्य विकास गतिविधियों के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों की पहचान करना, भविष्यवाणी करना, मूल्यांकन करना है। अत: कथन 1 सही है।
- किन प्रभावों का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है, इसका निर्णय स्कोपिंग चरण के दौरान किया जाता है।
- पूर्ण या आंशिक मूल्यांकन अध्ययन की आवश्यकता है या नहीं इसका निर्धारण EIA के स्क्रीनिंग चरण में तय किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**176. "लॉस एंड डैमेज" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जलवायु परिवर्तन के उन प्रभावों को संदर्भित करता है जिन्हें शमन अथवा अनुकूलन द्वारा टाला नहीं जा सकता है।
2. इनमें केवल संपत्ति की आर्थिक क्षति तथा आजीविका की हानि शामिल है, न कि जैव विविधता एवं सांस्कृतिक महत्त्व वाले स्थलों का विनाश।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**176.उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- 'लॉस एंड डैमेज' जलवायु परिवर्तन के उन प्रभावों को संदर्भित करता है जिन्हें शमन (ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती) या अनुकूलन (जलवायु परिवर्तन प्रभावों से निपटने की प्रथाओं को संशोधित करना) द्वारा टाला नहीं जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- लंबे समय से सबसे कम विकसित देशों के समूह का लक्ष्य क्षति तथा विनाश के लिये जवाबदेही एवं क्षतिपूर्ति स्थापित करना है।
- इनमें न केवल संपत्ति की आर्थिक क्षति बल्कि आजीविका की हानि तथा जैवविविधता एवं सांस्कृतिक महत्त्व वाले स्थलों का विनाश भी शामिल है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**177. अनुकूलन पर वैश्विक लक्ष्य (GGA) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GGA की स्थापना जलवायु परिवर्तन अनुकूलन क्षमता को बढ़ाने के लिये पेरिस समझौते के तहत की गई थी
2. यह पेरिस समझौते के 1.5/2□C लक्ष्य के संदर्भ में देशों की अनुकूलन आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता तथा वित्तपोषण बढ़ा रहा है।
3. अनुकूलन पर वैश्विक लक्ष्य के तहत, देशों को राष्ट्रीय अनुकूलन योजनाएँ (NAPS) विकसित करनी होंगी, जो उन गतिविधियों की पहचान करेगीं जिन्हें समर्थन की आवश्यकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**177. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जलवायु परिवर्तन अनुकूलन क्षमता को बढ़ाने के लिये पेरिस समझौते के तहत अनुकूलन पर वैश्विक लक्ष्य (Global Goal on Adaptation- GGA) की स्थापना की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा अडैप्टेशन गैप रिपोर्ट 2020 जारी की गई।
- यह पेरिस समझौते के 1.5/2°C लक्ष्य के संदर्भ में देश की अनुकूलन आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता तथा वित्तपोषण बढ़ा रहा है। अत: कथन 2 सही है।
- अनुकूलन पर वैश्विक लक्ष्य के तहत, देशों को राष्ट्रीय अनुकूलन योजनाएँ (NAPS) विकसित करनी होंगी, जो उन गतिविधियों की पहचान करेगीं जिन्हें समर्थन की आवश्यकता है। अत: कथन 3 सही है।

**178. 'जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) की स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट, 2022 रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौता अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में अप्रभावी साबित हुआ है।
2. रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिये विश्व स्तर पर अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) 2 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी विफल रहे हैं।
3. पेरिस समझौता ने जलवायु संकट के लिये मुख्य रूप से ज़िम्मेदार जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**178. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) की स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट, 2022 रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते द्वारा निर्दिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करने में अप्रभावी होने पर प्रकाश डाला गया है। अत: कथन 1 सही है।
- रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिये विश्व स्तर पर अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) 2 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी विफल रहे हैं। अत: कथन 2 सही है।
- जलवायु प्रेरित चरम मौसमो घटनाओं के निपटान के लिये न तो NDC और न ही आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा जलवायु जोखिम प्रबंधन योजनाएँ मौजूद हैं।
- पेरिस समझौता जलवायु संकट के लिये मुख्य रूप से ज़िम्मेदार जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने में सक्षम नहीं रहा है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**179. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 103वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2018 राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है।
2. इसे सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के संबंध में शिकायतों तथा कल्याणकारी उपायों की जाँच करने का अधिकार है।
3. वर्ष 1992 के इंद्रा साहनी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को लाभ और सुरक्षा के उद्देश्य से पिछड़े वर्गों को शामिल करने तथा

बहिष्कृत करने की सिफारिश करने के लिये एक स्थायी निकाय स्थापित करने का निर्देश दिया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**179. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 102वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2018 राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (National Commission for Backward Classes- NCBC) को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसे सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के संबंध में शिकायतों तथा कल्याणकारी उपायों की जाँच करने का अधिकार है। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 1992 के इंद्रा साहनी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को लाभ और सुरक्षा के उद्देश्य से पिछड़े वर्गों को शामिल करने तथा बहिष्कृत करने की सिफारिश करने के लिये एक स्थायी निकाय स्थापित करने का निर्देश दिया था। अत: कथन 3 सही है।
- इन निर्देशों के अनुसरण में संसद ने वर्ष 1993 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम पारित कर NCBC का गठन किया।

**180. 'जीवाश्म ईंधन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जीवाश्म ईंधन मृत पादपों और पशुओं जैसे कार्बनिक पदार्थों के ज्वलनशील भूगर्भिक भंडार हैं जो कई हज़ार फीट गाद के नीचे एकत्रित हैं।
2. बीतते समय के साथ कार्बनिक भंडार के नष्ट होने के साथ पृथ्वी की भू-पर्पटी के अंदर अत्यधिक ऊष्मा तथा दबाव के कारण ये जीवाश्म ईंधन में परिवर्तित हो गए।
3. कोयला कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन और सल्फर से बना एक कठोर, काले रंग का जीवाश्म ईंधन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**180. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जीवाश्म ईंधन मृत पादपों और पशुओं जैसे कार्बनिक पदार्थों के ज्वलनशील भूगर्भिक भंडार हैं जो कई हज़ार फीट गाद के नीचे एकत्रित हैं। अत: कथन 1 सही है।
- इन्हें ऊर्जा के गैर-नवीकरणीय स्रोतों के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि इनकी प्रतिपूर्ति के लिये इसे एक दीर्घकालिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।
- बीतते समय के साथ कार्बनिक भंडार के नष्ट होने के साथ पृथ्वी की भू-पर्पटी के अंदर अत्यधिक ऊष्मा तथा दबाव के कारण मृत पादपों और पशुओं जैसे कार्बनिक पदार्थ जीवाश्म ईंधन में परिवर्तित हो गए। अत: कथन 2 सही है।
- एन्थ्रासाइट, बिटुमिनस और लिग्नाइट कोयले के प्रमुख प्रकार हैं।
- कोयला कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन और सल्फर से बना एक कठोर, काले रंग का जीवाश्म ईंधन है। अत: कथन 2 सही है।

**181. अखिल भारतीय सेवाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 312 के तहत अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना के प्रस्ताव को राज्यसभा द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है, साथ ही इसे उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई का समर्थन होना चाहिये।
2. संवैधानिक संशोधन के माध्यम से ही अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना की जा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**181. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 312 के तहत अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना के प्रस्ताव को राज्यसभा द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है, साथ ही इसे राज्यसभा के उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई का समर्थन होना चाहिये। अत: कथन 1 सही है।
- अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना के लिये संवैधानिक संशोधन अनिवार्य नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**182. जलविद्युत ऊर्जा संयंत्र और संबद्ध नदियों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| जलविद्युत ऊर्जा संयंत्र | नदी |
|---|---|
| 1. नागार्जुन सागर बाँध | A: गोदावरी |
| 2. कार्बी लांगपी जलविद्युत परियोजना (KLHEP) | B: बोरपानी |
| 3. भाखड़ा जलविद्युत परियोजना | C: चिनाब |
| 4. पोंग जलविद्युत परियोजना | D: ब्यास |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

D. केवल तीन

D. सभी चार

**182. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत में जलविद्युत ऊर्जा संयंत्र और संबद्ध नदी.**

| जलविद्युत ऊर्जा संयंत्र | नदी |
|---|---|
| **1. नागार्जुन सागर बाँध** | **A: कृष्णा** |
| **2. कार्बी लांगपी जलविद्युत परियोजना (KLHEP)** | **B: बोरपानी** |
| **3. भाखड़ा जलविद्युत परियोजना** | **C: सतलुज** |
| **4. पोंग जलविद्युत परियोजना** | **D: ब्यास** |

**अत: विकल्प B सही है।**

**183. निम्नलिखित में से कौन-सा डार्विन के प्राकृतिक वरण (चुनाव) के तीन मुख्य सिद्धांतों में से नहीं हैं?**

A. अंगों के उपयोग एवं अनुपयोग का सिद्धांत।

B. जीवित रहने की क्षमता से अधिक संतानोत्पत्ति की अनिवार्यता।

नोट :

C. जनसंख्या में अधिकांश विशेषताओं का विरासत से प्राप्त होना।

D. सबसे स्वस्थ्य संतान के जीवित रहने और प्रजनन करने की अधिक संभावना।

**183. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- डार्विन के अनुसार प्राकृतिक वरण (चुनाव) के तीन प्राथमिक सिद्धांत हैं। इसमें आबादी में अधिकांश विशेषताओं का विरासत से प्राप्त होना, जीवित रहने योग्य अधिशेष संतानों को जन्म देना और सबसे स्वस्थ्य संतान के जीवित रहने और प्रजनन करने की अधिक संभावना शामिल है।
- लैमार्क ने अंगों के उपयोग और दुरुपयोग का सिद्धांत प्रतिपादित किया, जिसमें सुझाव दिया गया कि बड़े पैमाने पर उपयोग किये जाने पर अंगों के अधिक विकसित होने की संभावना हैं और कम उपयोग से कुछ अंग बेकार/निरर्थक हो जाते हैं।

**अत: विकल्प A सही है।**

**184. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथनो 1- जापान के सेंडाई में आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे विश्व सम्मेलन के दौरान आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंडाई फ्रेमवर्क का समर्थन किया गया था।

कथन 2- वर्ष 2005 से 2015 तक लागू ह्योगो फ्रेमवर्क, 2015 में सेंडाई फ्रेमवर्क की मंज़ूरी के बाद समाप्त हो गया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**184. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जापान के सेंडाई में आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे विश्व सम्मेलन के दौरान आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंडाई फ्रेमवर्क का समर्थन किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 2015 में सेंडाई फ्रेमवर्क की मंज़ूरी के बाद वर्ष 2005 से 2015 तक लागू ह्योगो फ्रेमवर्क अप्रभावी हो गया। अत: कथन 2 सही है।
- दोनों कथन सही हैं किंतु कथन 2, कथन 1 का स्पष्टीकरण नहीं है।

**185. ग्लोबल बॉण्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्लोबल बॉण्ड, जिसे यूरो बॉण्ड के रूप में भी जाना जाता है, बॉण्ड की मुद्रा मूल्यवर्ग वाले देश से स्वतंत्र, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जारी और ट्रेड की जाती है।
2. ग्लोबल बॉण्ड में एक से 30 वर्ष तक की परिपक्वता अवधि के साथ एक स्थिर अथवा तिरती (Floating) विनिमय दर हो सकती है।
3. ग्लोबल बॉण्ड को डेवलप्ड कंट्री बॉण्ड तथा इमर्जिंग मार्किट बॉण्ड में समूहीकृत किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**185. उत्तर: D**

नोट :

**व्याख्या:**

**ग्लोबल बॉण्ड इंडेक्स:**

- ग्लोबल बॉण्ड, जिसे यूरो बॉण्ड के रूप में भी जाना जाता है, बॉण्ड की मुद्रा मूल्यवर्ग वाले देश से स्वतंत्र, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जारी और ट्रेड की जाती है। अत: कथन 1 सही है।
- ग्लोबल बॉण्ड में एक से 30 वर्ष तक की परिपक्वता अवधि के साथ एक स्थिर अथवा तिरती (Floating) विनिमय दर हो सकती है। अत: कथन 2 सही है।
- ग्लोबल बॉण्ड को डेवलप्ड कंट्री बॉण्ड तथा इमर्जिंग मार्किट बॉण्ड में समूहीकृत किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
- विकसित देशों के निगमों तथा सरकारों द्वारा जारी किये गए बॉण्ड विभिन्न परिपक्वता और क्रेडिट रेटिंग के साथ जारी किये जाते हैं। इनमें से कुछ बॉण्ड अमेरिकी डॉलर-मूल्य वाले हैं। हालाँकि, अधिकांश का मूल्य उनके घरेलू देशों की मुद्राओं में होता है।
- इमर्जिंग मार्किट बॉण्ड आम तौर पर एक संप्रभु सरकार द्वारा जारी किये जाते हैं, निगमों द्वारा नहीं। ये बॉण्ड डॉलर-मूल्य वाले होते हैं तथा आर्थिक रूप से अस्थिर देश द्वारा जारी किये गए बॉण्ड निवेश के कथित उच्च स्तर के जोखिम के कारण उच्च ब्याज़ दरों की पेशकश करते हैं।

**186. चारधाम परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चारधाम परियोजना का उद्देश्य चारधाम तीर्थस्थलों (बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री) से कनेक्टिविटी बढ़ाना है।
2. उत्तराखंड राज्य लोक निर्माण विभाग (PWD) इस परियोजना के लिये एकमात्र कार्यान्वयन एजेंसी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**186. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चारधाम परियोजना:**

- उद्देश्य: चारधाम परियोजना का उद्देश्य "हिमालय में चारधाम तीर्थ केंद्रों (बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री) तक कनेक्टिविटी में सुधार करना है, जिससे इन केंद्रों तक यात्रा सुरक्षित, तेज़ और अधिक सुविधाजनक हो सके।" अत: कथन 1 सही है।
- तीर्थ स्थलों को राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) 125 के टनकपुर-पिथौरागढ़ खंड से जोड़ने के लिये लगभग 900 किलोमीटर राजमार्गों को चौड़ा किया जाएगा, जो कैलाश मानसरोवर यात्रा कार्यक्रम का एक भाग है।
- राष्ट्रीय सुरक्षा में भूमिका: यह परियोजना रणनीतिक फीडर सड़कों के रूप में कार्य कर सकती है जो भारत-चीन सीमा को देहरादून और मेरठ में सेना शिविरों से जोड़ती है जहाँ मिसाइल बेस स्थित हैं।
- कार्यान्वयन एजेंसियाँ: उत्तराखंड राज्य लोक निर्माण विभाग (PWD), सीमा सड़क संगठन (BRO) और राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढाँचा विकास निगम लिमिटेड (NHIDCL)। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- NHIDCL, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है।

**187. विश्व एड्स दिवस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2023 के विश्व एड्स दिवस की थीम "वर्ल्ड एड्स डे 35: रिमेम्बर एंड कमिट" है।
2. पहला विश्व एड्स दिवस वर्ष 1988 में मनाया गया, जिसने HIV तथा एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं महामारी से प्रभावित लोगों का सम्मान करने के लिये एक मंच प्रदान किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**187. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विश्व एड्स दिवस:**

- इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम "वर्ल्ड एड्स डे 35: रिमेम्बर एंड कमिट" है। अत: कथन 1 सही है।
- यह वार्षिक कार्यक्रम HIV से संबंधित कलंक/लांछन को समाप्त करने के लिये वैश्विक संघर्ष की याद दिलाता है तथा जिन्हें हमने खो दिया है उनका सम्मान करने का अवसर एवं एक ऐसे दिन की दिशा में कार्य करने के लिये एक एकजुट होने का आह्वान करता है जब HIV सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये खतरा न हो। अत: कथन 2 सही है।
- पहला विश्व एड्स दिवस वर्ष 1988 में मनाया गया, जिसने HIV तथा एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं महामारी से प्रभावित लोगों का सम्मान करने के लिये एक मंच प्रदान किया।
- इस वर्ष इस महत्त्वपूर्ण दिन का 35वाँ स्मरणोत्सव मनाया जा रहा है। विगत 35 वर्षों में, चिकित्सा अनुसंधान में प्रगति, उपचार तथा रोकथाम तक पहुँच में वृद्धि एवं वायरस की व्यापक समझ के कारण HIV व एड्स से निपटने में प्रगति हुई है।

**188. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ( NBFCs ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NBFCs भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं हैं और स्वयं आहरित चेक जारी नहीं कर सकते।
2. यह RBI अधिनियम, 1934 के तहत पंजीकृत कंपनी है।
3. अनुसूचित बैंक की तरह NBFCs भी मांग जमा स्वीकार कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 3

**188. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ( NBFC ):**

- NBFCs, उधार देते हैं और निवेश करते हैं,इसलिये उनकी गतिविधियाँ बैंकों के समान हैं; हालाँकि इसमें कुछ अंतर हैं जो निम्नलिखित हैं:
- NBFCs भुगतान और निपटान प्रणाली का भाग नहीं बनते हैं और स्वयं आहरित चेक जारी नहीं कर सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- बैंकों के मामले के विपरीत, डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन की जमा बीमा सुविधा NBFCs के जमाकर्त्ताओं के लिये उपलब्ध नहीं है।
- NBFCs, मांग जमा स्वीकार नहीं कर सकता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- एक संगठन जो कंपनी अधिनियम-1956 के तहत पंजीकृत है और निम्नलिखित गतिविधियों में शामिल है, उसे गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) माना जाता है: उधार और अग्रिम; सरकार या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा जारी किये गए शेयर, स्टॉक, बॉण्ड, डिबेंचर, अथवा अन्य विपणन योग्य प्रतिभूतियाँ खरीदना; पट्टे पर देना, किराया-खरीद; बीमा; और चिट व्यवसाय. हालाँकि, NBFC में कोई भी संस्था शामिल नहीं है जिसका प्राथमिक व्यवसाय कृषि, उद्योग, किसी भी सामान की खरीद या बिक्री (प्रतिभूतियों के अतिरिक्त) में लगा हुआ है।

नोट :

किसी भी सेवा का प्रावधान अथवा अचल संपत्ति की बिक्री, खरीद, या निर्माण। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**189. भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ECI निर्वाचन आयोग अधिनियम, 1948 के तहत गठित एक वैधानिक निकाय है।
2. यह निकाय केवल लोकसभा और राज्यसभा के लिये चुनावों का संचालन करता है।
3. चुनाव आयोग में राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और अतिरिक्त चुनाव आयुक्त शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**189. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत चुनाव आयोग:**

- भारत का निर्वाचन आयोग (ECI) एक स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण है जो संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के प्रशासन के लिये जिम्मेदार है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसकी स्थापना 25 जनवरी 1950 ( प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है) को संविधान के अनुसार की गई थी। आयोग का सचिवालय नई दिल्ली में है।
- यह निकाय भारत में लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं और देश में राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिये चुनावों का संचालन करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसका राज्यों में पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनावों से कोई सरोकार नहीं है। इसके लिएये भारत का संविधान एक अलग राज्य चुनाव आयोग का प्रावधान करता है।
- चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और अन्य चुनाव आयुक्त, यदि कोई हों, जिसे राष्ट्रपति समय-समय पर नियुक्त कर सकते हैं, चुनाव आयोग का गठन करेंगे। अत: कथन 3 सही है।

**190. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किशोर प्रजनन और यौन स्वास्थ्य कार्यक्रम (ARSH) किशोरों के स्वास्थ्य-संबंधी व्यवहार को प्रभावित करने के लिये प्रजनन और यौन स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करता है।
2. साप्ताहिक आयरन और फोलिक एसिड अनुपूरण (WIFS) कार्यक्रम का दीर्घकालिक लक्ष्य एनीमिया के अंतर-पीढ़ीगत चक्र को तोड़ना/समाप्त करना है।
3. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मासिकधर्म संबंधित स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिये MHS योजना शुरू की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2, 3 और 4

**190. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का किशोर स्वास्थ्य प्रभाग तीन कार्यक्रम लागू करता है, जैसे किशोर प्रजनन और यौन स्वास्थ्य

कार्यक्रम (ARSH), मासिक धर्म स्वच्छता योजना (MHS) और साप्ताहिक आयरन अनुपूरण कार्यक्रम (WIFS)।

1. किशोर प्रजनन और यौन स्वास्थ्य (ARSH): किशोर प्रजनन और यौन स्वास्थ्य कार्यक्रम (ARSH) किशोरों के स्वास्थ्य-संबंधी व्यवहार को प्रभावित करने के लिये प्रजनन और यौन स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करता है। अत: कथन 1 सही है।
2. **साप्ताहिक आयरन और फोलिक एसिड अनुपूरण (WIFS) :** किशोर लड़कियों और लड़कों में एनीमिया के उच्च प्रसार की चुनौती से निपटने के लिये साप्ताहिक आयरन और फोलिक एसिड अनुपूरण (WIFS) कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका दीर्घकालिक लक्ष्य एनीमिया के अंतर-पीढ़ीगत चक्र को तोड़ना है, जिसका अल्पकालिक लाभ पोषण के मामले में बेहतर मानव पूंजी है। अत: कथन 2 सही है।
3. **मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने की योजना (MHS):** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने ग्रामीण क्षेत्रों में 10-19 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिये एक योजना शुरू की है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**191. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के गृह मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत में आपदा प्रबंधन के लिये शीर्ष निकाय है।
2. NDMA को आपदा प्रबंधन के लिये नीतियाँ, योजनाएँ और दिशानिर्देश निर्धारित करने का अधिकार है।
3. NDMA के 5 प्रमुख प्रभाग हैं। नीति एवं योजनाएँ, शमन, संचालन और संचार एवं सूचना एवं प्रौद्योगिकी, प्रशासन तथा वित्त।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

**191. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA):**

- भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) भारत में आपदा प्रबंधन के लिये शीर्ष निकाय है। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 इसकी स्थापना और राज्य तथा ज़िला स्तर पर संस्थागत तंत्र के लिये एक सक्षम वातावरण का निर्माण अनिवार्य है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- NDMA को आपदा प्रबंधन के लिये नीतियाँ, योजनाएँ और दिशानिर्देश निर्धारित करने का अधिकार है। भारत आपदा की रोकथाम, शमन, तैयारी एवं प्रतिक्रिया के लोकाचार के विकास की परिकल्पना करता है। अत: कथन 2 सही है।
- NDMA का लोगो (चिह्न) भारत में आपदा प्रबंधन की प्रभावशीलता में सुधार के लिये सभी हितधारकों को सशक्त बनाने के राष्ट्रीय दृष्टिकोण की आकांक्षाओं को दर्शाता है। एनडीएमए के 5 प्रमुख प्रभाग हैं। नीति एवं योजनाएँ, शमन, संचालन और संचार एवं सूचना एवं प्रौद्योगिकी, प्रशासन तथा वित्त। अत: कथन 3 सही है।
- भारत सरकार सभी सरकारी एजेंसियों, गैर-सरकारी संगठनों और जनभागीदारी के निरंतर तथा सामूहिक प्रयासों के माध्यम से प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदाओं से होने वाले नुकसान एवं विनाश को कम करने के लिये एक राष्ट्रीय संकल्प को प्रोत्साहित करती है। इसे एक सुरक्षित, आपदा प्रतिरोधी व प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिये प्रौद्योगिकी-संचालित, सक्रिय, बहु-खतरा व बहु-क्षेत्रीय रणनीति अपनाकर पूरा करने की योजना बनाई गई है।

**192. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दिवाला एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति अथवा कंपनियाँ अपना बकाया कर्ज चुकाने में असमर्थ होती हैं।
2. दिवालियापन किसी व्यक्ति की ऋण चुकाने में असमर्थता की कानूनी घोषणा है।

3. सरकार ने दिवाला और शोधन अक्षमता से संबंधित सभी कानूनों को समेकित करने और गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के निपटान के लिये वर्ष 2016 में IBC लागू किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**192. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016:**

- दिवाला एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति अथवा कंपनियाँ अपना बकाया कर्ज चुकाने में असमर्थ होती हैं। अत: कथन 1 सही है।
- दूसरी ओर, दिवालियापन एक ऐसी स्थिति है जिसमें सक्षम क्षेत्राधिकार वाली न्यायालय ने किसी व्यक्ति अथवा अन्य संस्था को दिवालिया घोषित कर दिया है और इसका निपटान करने तथा लेनदारों के अधिकारों की रक्षा करने के लिये उचित आदेश पारित किये हैं। यह कर्ज चुकाने में असमर्थता की कानूनी घोषणा है। अत: कथन 2 सही है।
- सरकार ने दिवाला और शोधन अक्षमता से संबंधित सभी कानूनों को समेकित करने और गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (जो वर्षों से भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है) के निपटान के लिये वर्ष 2016 में IBC लागू किया। अत: कथन 3 सही है।
- IBC सभी व्यक्तियों, कंपनियों, सीमित देयता भागीदारी (LLP) और साझेदारी फर्मों को कवर करता है।
- निर्णायक प्राधिकारी:
  - कंपनियों और LLP के लिये राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण (NCLT)।
  - व्यक्तियों और साझेदारी फर्मों के लिये ऋण वसूली अधिकरण (DRT)।

**193. वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की G20 अध्यक्षता के तहत, विश्व के प्रमुख विकसित देशों द्वारा जैव ईंधन के वैश्विक उत्थान में तेज़ी लाने के लिये वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (GBA) लॉन्च किया गया था।
2. वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (GBA) का लक्ष्य हरित सतत् भविष्य के लिये वैश्विक जैव ईंधन व्यापार को मज़बूत करना है।
3. संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश स्वत: ही गठबंधन के सदस्य होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**193. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन:**

- हाल ही में भारत की G20 अध्यक्षता के तहत, विश्व के प्रमुख विकसित देशों द्वारा जैव ईंधन के वैश्विक उत्थान में तेज़ी लाने के लिये वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (GBA) लॉन्च किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (GBA) का लक्ष्य हरित सतत् भविष्य के लिये वैश्विक जैव ईंधन व्यापार को मज़बूत करना है। अत: कथन 2 सही है।

- यह गठबंधन अमेरिका, ब्राज़ील और भारत जैसे प्रमुख जैव ईंधन उत्पादकों और उपभोक्ताओं को एकजुट करता है।
- उन्नीस देशों और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों पहले ही GBA में शामिल होने अथवा समर्थन करने के लिये सहमति जताई है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

**194. वैश्विक विकास पहल ( GDI ) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GDI का लक्ष्य वैश्विक विकास साझेदारी को पुनर्जीवित करने तथा सशक्त, हरित और स्वस्थ वैश्विक विकास को बढ़ावा देकर सतत् विकास के लिये 2030 एजेंडा के सभी 17 SDG की समय पर उपलब्धि का समर्थन करना है
2. भारत के प्रधान मंत्री ने संयुक्त राष्ट्रीय महासभा सत्र में इस पहल की शुरुआत की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**194. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वैश्विक विकास पहल ( GDI ):**

वैश्विक विकास पहल का उद्देश्य वैश्विक विकास साझेदारी को पुनर्जीवित करने तथा सशक्त, हरित एवं स्वस्थ वैश्विक विकास को बढ़ावा देकर सतत् विकास के लिये 2030 एजेंडा के सभी 17 SDG की समय पर उपलब्धि का समर्थन करना है। अत: कथन 1 सही है।

21 सितंबर 2021 को, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र की आम बहस को संबोधित किया तथा "बेहतर विश्व बनाने के लिये आत्मविश्वास बढ़ाना एवं संयुक्त रूप से कठिनाइयों पर काबू पाना" शीर्षक से अपने भाषण में वैश्विक विकास पहल को सामने रखा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

जून 2022 में, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने "सतत् विकास के लिये 2030 एजेंडा को संयुक्त रूप से लागू करने हेतु नए युग के लिये वैश्विक विकास साझेदारी को बढ़ावा देना" विषय के तहत वैश्विक विकास पर उच्च स्तरीय वार्ता की अध्यक्षता की।

नोट :